बैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 29 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 162, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



मैकगुर्क से सतर्क रहना चाहेगी केकेआर 15
बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आएंगी तृप्ति डिमरी 16












## उत्तराखंड के जंगलों में आग से निपटने को प्रयास तेज, एनडीआरएफ तैनात

**देहरादून, एजेंसी**

- **जंगल को फिर सुलगाने की कोशिश आठ गिरफ्तार**

उत्तराखंड के जंगलों में भड़की आग बुझाने का अभियान रविवार को दूसरे दिन भी वायु सेना के हेलीकॉप्टर की मदद से जारी रहा। कई स्थानों पर आग पर काबू पा लिया गया, जबकि प्रदेश में जंगल में आग लगाने की कोशिश करते आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया।

नैनीताल जिला प्रशासन के अनुरोध पर एनडीआरएफ की एक टीम हल्द्वानी के लिए रवाना कर दी गयी है जिससे जरूरत पड़ने पर तत्काल उसकी मदद ली जा सके । उधर, वन अधिकारियों ने बताया कि हल्द्वानी, नैनीताल और चंपावत वन प्रभागों समेत प्रदेश के विभिन्न वन क्षेत्रों में भड़की आग को बुझाने के प्रयास युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं।

वन विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में प्रदेश भर में जंगल में आग की आठ नई घटनाएं सामने आयीं जिनमें से चार कुमाउं क्षेत्र में, दो गढ़वाल क्षेत्र में और दो अन्य वन्य क्षेत्रों में हैं। इन घटनाओं में 11.75 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। अपर प्रमुख वन संरक्षक (वनाग्नि और आपदा प्रबंधन) निशांत वर्मा ने बताया कि भारतीय वन सर्वेक्षण की ओर से सुबह चंपावत, नैनीताल और हल्द्वानी वन प्रभाग में आग लगने का अलर्ट मिला था। वर्मा ने हालांकि, कहा कि प्रदेश में वनों में आग की स्थिति नियंत्रण में है । कुमांउ क्षेत्र में वन में आग की स्थिति का शनिवार रात जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा था कि नैनीताल के आस पास के जंगलों में लगी आग भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर की मदद से धीरे-धीरे नियंत्रण में आ रही है।

**पुरुष टीम ने दिलाई तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत, 5 स्वर्ण पदक जीत चुका है भारत**

## 14 साल बाद स्वर्ण पर लगा भारत का तीर

**शंघाई, एजेंसी**

भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की।

यह विश्व कप के अंतिम मुकाबले में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम की पहली जीत है और इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करने की उनकी संभावनाओं को बल मिलेगा। धीरज, तरूणदीप और प्रवीण की तिकड़ी ने शानदार धैर्य दिखाते हुए एक भी सेट गंवाए बिना बेहद मजबूत कोरियाई खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया। मौजूदा विश्व कप में भारत का यह पांचवां स्वर्ण पदक है।



तीरंदाजी में भारत को स्वर्ण दिलाने वाले धीरज, तरुणदीप और प्रवीण।

सेना के 40 साल के तरूणदीप अगस्त 2010 में शंघाई विश्व कप के चौथे चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। स्पर्धा की शीर्ष दो वरीयता प्राप्त टीमों के मुकाबले में भारत ने 5-1 से जीत हासिल की। इसके बाद अंकिता भकत और धीरज की रिकर्व मिश्रित टीम ने भी कांस्य जीतकर भारतीय दल की खुशी में इजाफा किया। वहीं अनुभवी दीपिका कुमारी महिला रिकर्व के व्यक्तिगत फाइनल रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

- **महिला रिकर्व के फाइनल में दीपिका कुमारी को रजत पदक**

**आंवला में मुख्यमंत्री योगी और बरेली में सपा प्रमुख अखिलेश ने की जनसभा**

## सत्ता के लिए मछली की तरह तड़प रहे विरोधी दल: योगी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने रविवार को आंवला में राम मंदिर के मुद्दे पर सपा-बसपा और कांग्रेस को घेरा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता में रहते हुए तीनों दल दावा करते थे कि राम हुए ही नहीं।

सपा चेतावनी देती थी कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता। श्रीराम जन्मभूमि के लिए जीवन समर्पित करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर सपा नेताओं के मुंह से संवेदना का एक शब्द नहीं निकला लेकिन माफिया की मौत पर घड़ियाली आंसू बहाते हुए फातिहा पढ़ने पहुंच गए। ऐसे लोगों को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

आंवला के सुभाष इंटर कॉलेज के मैदान पर भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत यहां के तीर्थ स्थलों और संतो को नमन के साथ की। कहा, सत्ता के लिए विरोधी दल ऐसे तड़प रहे हैं जैसे पानी के बिना मछली तड़पती है।


आंवला में धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

- **आंवला में धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में मुख्यमंत्री ने की जनसभा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चाहती देश में आजादी के फौरन बाद अयोध्या में रामजन्म भूमि की भव्य निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सकता था लेकिन हमारे आराध्य को खुद की भूमि के लिए प्रमाण जुटाने पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा वाले जाति का सहारा लेते हैं, मगर टिकट अपने ही परिवार के लोगों को दिए है। ये परिवार तक ही सीमित रह जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले दो चरणों के चुनाव से साफ है कि एक बार फिर मोदी सरकार के स्वर गूंजने लगे हैं। सपा, बसपा और कांग्रेस एजेंडा उनके घोषणा पत्र से उजागर हो गया है। ये देश और प्रदेश को फिर दंगे की आग में झोंकना चाहते हैं।

## भाजपा ही करा रही पेपर लीक : अखिलेश

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार** : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को भाजपा को रोजगार, अग्निवीर योजना, नोटबंदी और जीएसटी के मुद्दों पर घेरा। पार्टी प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन के समर्थन में बिशप मंडल इंटर कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित जनसभा में भाजपा सरकार पर युवाओं को नौकरी देने से बचने के लिए जानबूझकर पेपर लीक कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार रही तो आने वाले समय में अग्निवीर की तरह पुलिस की नौकरी भी तीन साल की करा देगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा दावा करती है कि उसकी सरकार में सबकुछ सुरक्षित है लेकिन चार साल की सेवा से देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं हो सकतीं। इसलिए समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन अग्निवीर योजना को स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा युवाओं को झूठे सपने दिखाकर उनका भविष्य अंधकारमय बना रही है। उसकी सरकार में दस से ज्यादा भर्ती परीक्षाएं कराई गईं और सभी परीक्षाओं के पेपर लीक हो गए। फिर वह कैसे सबकुछ सुरक्षित होने का दावा कर सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा युवाओं को नौकरी देगी तो उसे आरक्षण देना पड़ेगा। नौकरी सभी को मिलेगी लेकिन इसका ज्यादा लाभ पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक को मिलेगा। इसीलिए भाजपा युवाओं को धोखा देकर उनका भविष्य अंधकारमय बना रही है।



जनसभा को संबोधित करते अखिलेश साथ में प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन।

- **प्रवीण सिंह ऐरन के समर्थन में हुई जनसभा में बोले सपा प्रमुख**

## नौसेना ने हूती विद्रोहियों से छुड़ाया जहाज, 22 भारतीय सुरक्षित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रूस से भारत आ रहे ब्रिटिश तेल टैंकर जहाज पर लाल सागर में यमन के हूती विद्रोहियों के बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद भारतीय नौसेना एक बार फिर देवदूत बनकर पहुंची, चंगुल से जहाज छुड़ा लिया। नौसेना ने पोत पर सवार 22 भारतीय सहित 30 लोगों की जान बचाई।

नौसेना के एक अधिकारी ने बताया है कि, 26 अप्रैल को पनामा-ध्वज वाले कच्चे तेल टैंकर एमवी एंड्रोमेडा स्टार ने मदद की मांगी थी, त्वरित सहायत के लिए युद्धपोत आईएनएस कोच्चि को रवाना किया गया। अमेरिकी मध्य कमान ने कहा कि ईरान समर्थित हूती चरमपंथियों ने यमन से व्यापारिक पोत मैशा और एमवी एंड्रोमेडा स्टार के आसपास लाल सागर में तीन जहजों पर बैलिस्टिक मिसाइल दागीं थी। पोत को मामूली क्षति हुई थी। भारतीय नौसेना ने कहा, समुद्री सुरक्षा से जुड़ी घटना का जवाब देने के लिए भारतीय नौसेना के विध्वंसक पोत आईएनएस कोच्चि को एक मिशन के तहत तैनात किया गया, स्थिति का आकलन करने के लिए हेलीकॉप्टर के जरिए टोह ली गई।


जहाज पर मौजूद नौसेना के अधिकारी।

### हूती विद्रोहियों के हमले से भारत को नुकसान

हूती विद्रोहियों के हमलों से यूरोप और एशिया के बीच मुख्य मार्ग पर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भारत का 80 फीसदी व्यापार समुद्री रास्ते से होता है। वहीं 90 फीसदी ईंधन भी समुद्री मार्ग से ही आता है। समुद्री रास्ते में हमले से भारत के कारोबार पर सीधा असर पड़ता है।

### एक नजर

#### गंगा में डूबे पर्यटक युवक-युवती लापता

**देहरादून ।** नोएडा से ऋषिकेश घूमने पहुंचा आठ दोस्तों का दल गंगा में नहाते समय हादसे का शिकार हो गया। तीन लोग तेज बहाव में फंस गए। एक को तो किसी तरह बचा लिया गया, लेकिन एक युवक और युवती तेज बहाव में बह गए। घटना ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला क्षेत्र की है। एसडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें लगातार दोनों की तलाश करती रहीं, लेकिन देर शाम तक कुछ पता नहीं चला। लक्ष्मण झूला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि नोएडा से आठ लोगों का ग्रुप ऋषिकेश घूमने आया था। ये सभी लोग लक्ष्मण झूला क्षेत्र में गंगा में नहाने गए थे। तेज बहाव की चपेट में आने से एक युवती नेहा (29 वर्ष) पुत्री शिवदत्त निवासी पीलीभीत उत्तर प्रदेश और साहिल गुप्ता पुत्र सुनील कुमार निवासी गौड़ सिटी नोएडा उत्तर प्रदेश डूब गए।

## जब तक लोगों को जरूरत आरक्षण जारी रहना चाहिए : मोहन भागवत

**हैदराबाद, एजेंसी**

भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आरक्षण को लेकर विपक्ष के हमले के बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संगठन ने हमेशा संविधान के अनुसार आरक्षण का समर्थन किया है।

संगठन भेदभाव व्याप्त रहने तक आरक्षण लागू रखने की वकालत करता है। यहां विद्या भारती विज्ञान केंद्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए भागवत ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो का उल्लेख किया और कहा कि इसमें झूठा दावा किया गया है कि आरएसएस आरक्षण का विरोध करता है। कहा कि वीडियो में उन्हें एक बैठक करते दिखाया गया है जबकि इस तरह की कोई बैठक नहीं हुई है।



- **विवाद के बीच आरएसएस प्रमुख ने किया आरक्षण का समर्थन**

उन्होंने कहा संघ का कहना है कि आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए जब तक लोग, जिन्हें यह दिया गया है, महसूस करें कि उन्हें इसकी आवश्यकता है। कथित वीडियो का उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से जो नहीं हुआ, उसे भी दिखाया जा सकता है। आरक्षण को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच छिड़े वाकयुद्ध के बीच भागवत ने आरक्षण के समर्थन में टिप्पणी की है। वहीं, भागवत की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज कह रहा है कि वह आरक्षण के खिलाफ नहीं है, लेकिन पहले उसने आरक्षण का विरोध करने की बात कही थी।

## सरकार को बताया तालिबानी बसपा नेता आकाश पर रिपोर्ट

**संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार** : एक चुनावी जनसभा के दौरान भड़काऊ भाषण देने और आचार संहिता का उल्लंघन करने पर बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद समेत 5 नामजद बसपा प्रत्याशियों व 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

रविवार की दोपहर सीतापुर के राजा रघुवर दयाल मैदान में बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए आकाश आनंद पहुंचे थे। आकाश आनंद ने जनसभा में उप्र सरकार की तुलना तालिबान से करते हुए आतंकवादियों की सरकार बताया था। पुलिस ने जनसभा के दौरान वीडियो को स्वतः संज्ञान लेते हुए आकाश आनंद, जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी, सीतापुर प्रत्याशी महेंद्र यादव समेत 30 से 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि चुनावी जनसभा के दौरान आम जनमानस में हिंसा भड़काते हुए बयानबाजी की गई थी।



- **जनसभा के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन का लगा आरोप**

## ट्रक की टक्कर से बस के परखच्चे उड़े आठ यात्रियों की मौत, 22 घायल

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव**

**अमृत विचार** : उन्नाव-हरदोई मार्ग पर रविवार दोपहर बाद तेज रफ्तार ट्रक और निजी बस में आमने-सामने टक्कर होने से आठ यात्रियों की मौत हो गई और 22 यात्री घायल हो गए।

टक्कर इतनी तेज थी कि बस के एक हिस्से के परखच्चे उड़ गए। 9 गंभीर घायलों को कानपुर के हैलट अस्पताल व 13 को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद एसपी, एसडीएम, सीओ व तहसीलदार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। डीएम गौरांग राठी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। हादसे का सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी संज्ञान लेते हुए घायलों के इलाज की व्यवस्था कराने के निर्देश पुलिस व प्रशासनिक अफसरों को दिए हैं।


क्षतिग्रस्त बस और मौके पर खड़े लोग।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर जमालुद्दीनपुर गांव के पास दोपहर बाद करीब साढ़े 3 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्नाव से आ रही निजी बस में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। बस में सवार दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। राहगीरों और आस-पास के ग्रामीणों ने राहत और बचाव शुरू करके पुलिस को सूचना दी। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को एम्बुलेंस व निजी साधनों से सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। सीएचसी में डॉक्टरों ने आठ यात्रियों को मृत घोषित कर दिया।

## गठबंधन से नाराज दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस को झटका देते हुए वरिष्ठ नेता अरविंदर सिंह लवली ने पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और इसकी एक वजह आप से गठबंधन को बताया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की दिल्ली इकाई गठबंधन के खिलाफ थी लेकिन आलाकमान ने गठबंधन को स्वीकृति दे दी। कांग्रेस अध्यक्ष को भेजे इस्तीफे में कहा कि वह खुद को लाचार महसूस कर रहे थे क्योंकि दिल्ली इकाई के नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए सभी फैसलों पर एआईसीसी के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया रोक लगा देते थे। लवली के इस्तीफे से कुछ दिन पहले बाबरिया के साथ विवाद के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री और एआईसीसी सदस्य राजकुमार चौहान ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।



- **अरविंदर सिंह लवली ने गठबंधन का किया था विरोध, कहा-खुद को असहज महसूस कर रहा था**

## मुंबई पुलिस ने अभिनेता साहिल खान को किया गिरफ्तार

**महादेव सट्टेबाजी ऐप मामला**

**मुंबई।** मुंबई साइबर प्रकोष्ठ के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले के संबंध में अभिनेता साहिल खान को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बंबई उच्च न्यायलय ने अभिनेता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी जिसके बाद उन्हें शनिवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से पकड़ा गया। इसके बाद उन्हें मुंबई लाकर गिरफ्तार किया गया। एसआईटी ने हाल में खान से इस मामले में पूछताछ की थी।

**गड़बड़झाला**

**364 पंचायत में ग्राम सचिवालय के कम्प्यूटर का नहीं हुआ इस्तेमाल**

## 66 जिलों में बाहरी कम्प्यूटर से 5 .64 करोड़ का भुगतान

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

**अमृत विचार** : वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायतों पर हुए कार्य और भुगतान की निदेशालय ने समीक्षा की तो 66 जिलों की 364 ग्राम पंचायत में 1 से 31 मार्च तक नियमविरुद्ध 5.64 करोड़ का भुगतान पकड़ा है। यह धनराशि पंचायतों पर संचालित ग्राम सचिवालय के कम्प्यूटर से भुगतान करने के बजाय बाहर से डोंगल लगाकर की गई। इस तरह से कुल 1135 ट्रांजेक्शन गलत किए गए। जबकि शासन ने पिछले वर्ष सचिवों को ग्राम सचिवालय में बैठकर वहीं के कम्प्यूटर से कार्य और भुगतान करने की अनिवार्यता की थी। इसके उल्लंघन करने पर निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने संबंधित जिलों के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), जिला परियोजना प्रबंधक, प्रधान व सचिव के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

- **1 से 31 मार्च तक हुए 1135 ट्रांजेक्शन पकड़े, कार्रवाई के निर्देश**



### लखीमपुर, बदायूं समेत 10 जिले में ज्यादा भुगतान

लखीमपुर खीरी की 27 ग्राम पंचायत पर 34 .90 लाख, बदायूं की 26 पंचायत पर 47 लाख, आजमगढ़ की 29 पंचायत पर 42 .95 लाख, प्रयागराज की 23 पंचायत पर 38 .59 लाख, सीतापुर की 14 पंचायत पर 33 .66 लाख, अलीगढ़ की 12 पंचायत पर 30 .22 लाख, गोरखपुर की नौ पंचायत पर 17 .74 लाख, बलिया की आठ पंचायत पर 15 .77 लाख, अमेठी की 11 पंचायत पर 13 .72 लाख व मिर्जापुर की नौ ग्राम पंचायत पर 13 .63 लाख रुपये सर्वाधिक भुगतान किया गया। संबंधित पंचायतों में पूर्व में न समीक्षा हुई न भुगतान में पंचायत गेटवे पोर्टल का उपयोग किया गया।

### गेटवे पोर्टल से पकड़ा फर्जीवाड़ा

पुरानी व्यवस्था बंद कर ग्राम निधि के भुगतान में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए पिछले वर्ष गेटवे पोर्टल लागू हुआ था और ग्राम सचिवालयों के कम्प्यूटर पर अपलोड किया गया था। जबकि यह पोर्टल बाहर इस्तेमाल नहीं होता है। इस गेटवे पोर्टल से प्रधान व सचिव समेत अन्य को भुगतान डोंगल लगाकर करना होता है।

### ये जिले शामिल

लखनऊ 9,535, बरेली 87,326, बस्ती 1 .11 लाख, बांदा 1 .95 लाख, फर्रुखाबाद 2 .42 लाख, औरैया 2 .74 लाख, कन्नौज 3 .12 लाख, पीलीभीत 3 .28 लाख, बहराइच 3 .64 लाख, हरदोई 3 .96 लाख, फतेहपुर 4 लाख, शाहजहांपुर 4 .14 लाख, सहारनपुर 5 लाख, मुरादाबाद 5 .73 लाख, उन्नाव 6 .37 लाख, हाथरस 6 .66 लाख, जालौन 7 लाख, कानपुर नगर 7 .33 लाख, इटावा 7 .84 लाख, महाराजगंज 9 .95 लाख, बाराबंकी 9 .99 लाख, भदोही 10 .74 लाख, कुशीनगर 10 .64 लाख, देवरिया 12 .48 लाख रुपये।

# पारा हाईः आंवला में मुख्यमंत्री... बरेली में पूर्व मुख्यमंत्री... जमकर सियासी वार

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रचार अभियान शुरू होने के बाद यह पहला इत्तफाक था कि पूरी तरह गरमा चुके माहौल में रविवार को जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी। मुख्यमंत्री आंवला में भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के लिए चुनावी सभा करने पहुंचे थे और पूर्व मुख्यमंत्री बरेली में पार्टी प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन का चुनाव प्रचार करने। अपने भाषणों में दोनों ने एक-दूसरे की नब्ज पर हाथ रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पब्लिक दोनों जनसभाओं में जोश में नजर आई, लेकिन कौन उसके मन की कितनी था ले पाया, यह तो 4 जून को ही पता चलेगा।

## हिंदुत्व और राम मंदिर के मुद्दों पर मुख्यमंत्री ने विपक्ष को घेरा, विकास और रोजगार की योजनाएं गिनाईं

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** आंवला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष की कमजोर नब्ज पर हाथ रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। राम मंदिर और हिंदुत्व तो उनके भाषण के केंद्र में रहा ही, इसके साथ राष्ट्रवाद और देश प्रेम जैसे कई और भावनात्मक मुद्दों पर विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया। करीब 25 मिनट के अपने भाषण में उन्होंने विकास के मुद्दों को भी छुआ और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी हवा बनाने की भरपूर कोशिश की।

मुख्यमंत्री ने जनसभा में जुटी भीड़ को समझाने की कोशिश की कि देश की भलाई के लिए भाजपा जरूरी है। उन्होंने देश की खुशहाली, तरक्की, रोजगार, गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं के हितों का जिक्र करने के साथ हिंदुत्व और राममंदिर के मुद्दे पर सपा-बसपा और कांग्रेस पर वार किए। यूपी में बेहतर कानून व्यवस्था का हवाला दिया तो राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या के खात्मे का जिक्र करते हुए पूछा कि क्या देश से बड़ा कुछ है।

- **होली, दिवाली पर यूपी सरकार मुफ्त गैस सिलेंडर भी दे रही है**

विकास की योजनाएं गिनाते हुए कहा कि देश-प्रदेश में हाईवे, मेट्रो, एयरपोर्ट, आईआईटी, एम्स बनने के साथ रेलवे का विस्तारीकरण हो रहा है। बिना किसी भेदभाव राशन, स्वास्थ्य बीमा, जनधन योजना, किसान सम्मान निधि, शौचालय, उज्ज्वला कनेक्शन की सौगात सरकार ने दी है। होली, दिवाली पर यूपी सरकार मुफ्त गैस सिलेंडर भी दे रही है। सभा में मंच पर पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, बिथरी चैनपुर के विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, फरीदपुर विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह बब्बू, शेखूपुर के पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, जिलाध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह, धीरेंद्र वीर सिंह धीर, ब्लॉक प्रमुख आरती यादव, रजनी चौहान, यशवंत सिंह, विजेता आदि मौजूद रहे।



### सीएम के विपक्ष से यक्ष प्रश्न

महाभारत युगीन इतिहास समेटे आंवला में हुई सभा में मुख्यमंत्री कागज पर 10 सवाल लिखकर पहुंचे थे। बोले, महाभारत काल में यक्ष ने धर्मराज युधिष्ठिर से 100 सवाल पूछे थे, लेकिन वह यहां 10 सवाल लेकर आए हैं। जनता विपक्ष के नेताओं से इन सवालों का जवाब मांगे। इसके बाद एक-एक कर ये सवाल गिनाए...

- **कागज पर लिखकर लाए थे 10 सवाल, बोले- विपक्ष से जनता ले जवाब**

- देश में सुरक्षा का संकट खड़ा करने का दोषी कौन है।
- देश के सामने पहचान का संकट खड़ा करने का जिम्मेदार कौन है।
- देश को विकास से वंचित करने का दोषी कौन है।
- देश में भुखमरी से हुई मौतों का जिम्मेदार कौन है।
- देश में किसानों की हुई मौतों का दोषी कौन है।
- व्यापारियों को हुए नुकसान का जिम्मेदार कौन है।
- भ्रष्टाचार की वजह से बाधित हुए विकास का दोषी कौन।
- 2014 से पहले नौजवानों के पलायन का दोषी कौन है।
- बिजली-पानी से जनता को वंचित करने जिम्मेदार कौन है।
- 60-65 सालों तक कांग्रेस ने देश में, तीन-तीन और चार-चार बार प्रदेश में सपा-बसपा ने राज किया, इसके बाद भी आस्था के साथ हुए खिलवाड़ का दोषी कौन है।



आंवला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में मौजूद भीड़। ● अमृत विचार

### नाराज क्षत्रियों को साधने की कोशिश

मुख्यमंत्री की सभा के मंच से क्षत्रियों के विरोध को भी थामने की भरपूर कोशिश की गई। सपा के सांसद रहे कुंवर सर्वराज सिंह जिन्हें सियासत में धर्मेंद्र कश्यप का धुरविरोधी माना जाता है, वह खुद मंच पर नजर आए।

- **पहली बार भाजपा के मंच पर नजर आए कुंवर सर्वराज सिंह**
- **सीएम की अपील- धर्मेंद्र कश्यप का केवट बन नैया पार लगाएं**

पूर्व सांसद राजवीर सिंह के बेटे धीरेंद्र सिंह धीरू भी थे। मुख्यमंत्री ने सर्वराज सिंह का नाम लेकर कहा कि वह देर से आए हैं लेकिन दुरुस्त आए हैं। उनका भी आशीर्वाद मिलेगा। इसके साथ स्वर्गीय पूर्व सांसद राजवीर सिंह को भी याद किया। कहा, कि किसी बहकावे में नहीं आना है। राष्ट्रवादी मिशन और मोदी के तीसरे कार्यकाल के तीसरे महीने में भारत को दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मोदी-योगी का प्रतिनिधि बनकर घर-घर जाना है। बोले, रामायण काल में जिस तरह प्रभु श्रीराम की नैया को केवट ने पार लगाया था, उसी तरह आप सभी को धर्मेंद्र कश्यप का केवट बनकर उनकी चुनावी नैया को पार लगाना है।

### माफिया को ठेला लगाने पर मजबूर कर दो

आक्रामक अंदाज में मुख्यमंत्री ने सामने मौजूद भीड़ से बोले, अपराधियों-माफियों को ठेला लगाने के लिए मजबूर कर दो। बता दो कि मेहनत कैसे होती है, नहीं तो वे गरीबों के हक पर डाका डालेंगे। कमजोर लोगों को परेशान करेंगे और व्यापारी से रंगदारी वसूलेंगे। नौजवानों के हाथों में तमंचा लहराने का काम करेंगे। हमें उनके हाथों में तमंचे नहीं, टैबलेट देने है ताकि वे भारत के निर्माण में योगदान दे सकें। वसूली के बजाय स्वनिधि और गरीबों की जमीन पर कब्जे के बजाय स्वामित्व योजना का हक देने वाली सरकार चाहिए। जातियों के सौदागर जाति के नाम पर आएंगे और परिवार का पेट भरेंगे।

### हिंदुओं के हक पर क्या डकैती डालने दोगे

आरक्षण के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस कहती है कि पिछड़ी और अनुसूचित जाति के हिस्से का कुछ आरक्षण काटकर मुस्लिमों को दे देंगे। उन्होंने लोगों से पूछा, क्या इसके लिए इन्हें सफल होने दोगे, हिंदुओं के हक पर डकैती डालने दोगे। इन्होंने पहले देश को बांटा, अब इनकी नजर आपकी संपत्ति पर है।

## पूर्व मुख्यमंत्री बोले- इलेक्टोरल बांड ने बजा दिया बैंड, दो चरणों के चुनाव से ही भाजपा की हार साफ



सुरेश पांडेय, बरेली

**अमृत विचार :** पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने भाषण में भाजपा के खिलाफ इलेक्टोरल बांड से लेकर सड़कों पर छुट्टा सांड़ों की समस्या तक को समेटा। उन्होंने दावा किया कि पहले दो चरण के चुनाव के रुझान से भाजपा को अपनी हार साफ दिखाई देने लगी है। उसकी बौखलाहट से भी यही साफ हो रहा हो।

पार्टी प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन के लिए बिशप मंडल कॉलेज ग्राउंड पर सभा में उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बांड ने भाजपा का बैंड बजा दिया है। कंपनियों ने भाजपा को जो पैसा दिया है, वह चंदा नहीं वसूली है। इसी तथाकथित चंदे ने देश में महंगाई बढ़ाई है। पूरे देश में इलेक्टोरल बांड के जरिए भारी वसूली की गई है। कंपनियों ने अपने टर्नओवर से 10 गुना तक चंदा दिया है। उन्होंने जनता से पूछा, क्या कोई एक हजार करोड़, 500 करोड़ या 300 करोड़ जैसी रकम चंदे में देता है। जब कंपनियों से वसूली की गई है तो वह मुनाफा कमाएंगी या नहीं । किसानों से सस्ता गेहूं लेकर उसे पैक कराकर चंदा देने वाली कंपनियां 45 रुपये किलो में बेच रही है।

उन्होंने भाजपा पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत चुनाव के समय भाजपा ने कहा था कि कोटे की दुकान से रिफाइंड, दाल, नमक और चना देंगे लेकिन अब बाजरा दे रहे हैं। सभा को प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, डॉ. आईएस तोमर, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने भी संबोधित किया। सभा में जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, विधायक शहजिल इस्लाम, पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक इस्लाम साबिर, सुल्तान बेग, विजयपाल सिंह, आरके शर्मा, शराफत यार खां, पूर्व जिलाध्यक्ष अगम मौर्य, शुभलेश यादव, कलीमुद्दीन, राष्ट्रीय प्रवक्ता नेहा यादव, मुहम्मद साजिद, मयंक शुक्ला, अध्यक्ष कदीर अहमद, इंजीनियर अनीस अहमद खां, अरविंद यादव, प्रमोद यादव, संजीव सक्सेना, समयुन खान, दीपक शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी, महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला, दिनेश यादव, रवींद्र यादव, शिवप्रताप यादव आदि मौजूद थे।

### स्मार्ट सिटी नहीं, लोग हो रहे कमीशन लेकर स्मार्ट

अखिलेश ने कहा कि भाजपा वाले पता नहीं क्या स्मार्ट सिटी बना रहे हैं। रास्ते में आते समय उन्हें कूड़ा जलता मिला। हर तरफ कूड़ा भरा पड़ा है। स्मार्ट सिटी के नाम पर शहर को बर्बाद कर दिया गया। करोड़ों के अर्थहीन प्रोजेक्ट खड़े कर दिए गए जो जनता के काम नहीं आ रहे हैं। यहां कमीशन लेकर लोग खुद स्मार्ट हो गए हैं।

### नई भर्ती की नहीं, सड़कों पर दिखती है नई भर्ती

सपा प्रमुख ने छुट्टा सांड़ों पर चुटकी ली। कहा, भाजपा ने कोई नई भर्ती की नही है। सभी पेपर लीक करा दिए लेकिन सड़कों पर नई भर्ती जरूर दिखती है। कभी-कभी ट्रैफिक संचालन भी करती है। गाड़ी में ब्रेक न लगे तो अस्पताल जाना पड़ता है।



बिशप मंडल इंटर कॉलेज ग्राउंड में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की जनसभा में जुटी भीड़। ● अमृत विचार

### संविधान बचाने की लड़ाई है ये

सपा अध्यक्ष ने कहा कि तीसरे चरण का चुनाव अभी दूर है लेकिन भाजपा की भाषा में बदलाव आ गया है। उसे अपनी हार दिखाई देने लगी है। इंडिया गठबंधन 100 फीसदी सीटे जीत रहा है। उन्होंने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। संविधान बचेगा तभी मान सम्मान बढ़ेगा। भाजपा संविधान बदलने की बात कह रही है लेकिन जनता भाजपा को बदल देगी। डर इतना ज्यादा है कि पहले 400 पार कहती थी, अब कह रही है संविधान की रक्षा करेंगे। दो चरणों के चुनाव के बाद भाजपा की बदली भाषा से उसकी हार का संकेत साफ होने लगा है। यह वैसी ही दशा है, जब कोई पहलवान हारने लगता है तो नोचने और काटने लगता है। जनता से कहा कि सावधान रहकर मतदान करना है।

- **भाजपा की दशा हारते हुए पहलवान के काटने और नोचने जैसी**
- **संविधान बदलने को कह रहे थे, जनता भाजपा को ही बदल देगी**

### हजारों बोलियों से मिलकर बनती है जुबां मेरी... प्रो. वसीम बरेलवी ने बांधा समा



अंतराष्ट्रीय स्तर के शायर प्रो. वसीम बरेलवी ने भी अखिलेश यादव के सियासी मंच पर कई शेर सुनाकर कुछ अलग समा बांध दिया।

**उन्होंने कहा... मेरे शहर की बात न पूछो, मेरा शहर महान**

**इसके हरेक घर के आंगन में जिए है हिंदोस्तान।**

कौन सा हिंदुस्तान जीता है, इसके बारे में कहा-

**मोहब्बत इब्तदा मेरी, मोहब्बत इंतेहा मेरी, सबसे निराली है अदा मेरी,**

**सुनी जाती है सदियों से, सुनी जाएगी सदियों तक**

**हजारों बोलियों से मिलकर बनती है जुबां मेरी**

**खुद को गैरसियासी बताते हुए अर्ज किया-यह है तो सब के लिए हो,**

**यह जिद हमारी है, इस एक बात पे दुनिया से जंग जारी है**

**मैं कतरा होकर भी तूफान से जंग लेता, मुझे बचाना समदंर की जिम्मेदारी है।**

**दुआ करो सलामत रहे मेरी हिम्मत, ये चिराग कई आंधियों पर भारी है।**






आंवला में मुख्यमंत्री की जनसभा में ट्रैक्टर-ट्राली से पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## मंच पर अखिलेश, नीचे धरना



अखिलेश की जनसभा के दौरान धरना देते सपा नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृतविचार :** पार्टी प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन के समर्थन में जनसभा संबोधित करने आए सपा प्रमुख अखिलेश यादव के मंच पर चढ़ने की होड़ में पार्टी पदाधिकारी अनुशासन भूल गए। मंच पर भीड़ बढ़ने के बाद उन्हें रोका गया तो नोकझोंक और विवाद शुरू हो गया। नौबत यहां तक पहुंच गई कि ऊपर मंच पर अखिलेश यादव बैठे हुए थे और नीचे पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हैदर अली समेत कई पदाधिकारियों ने धरना शुरू कर दिया।

विवाद तब शुरू हुआ, जब मंच पर जिला उपाध्यक्षों को जगह नहीं दी गई। पीलीभीत से आए जिलाध्यक्ष को भी जगह नहीं मिली तो पीलीभीत के प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार ने बरेली जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप से उन्हें मंच पर बुलाने का आग्रह किया लेकिन उन्होंने इन्कार कर दिया। इस पर दोनों में नोकझोंक हुई तो महासचिव अताउर रहमान और महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने मामला संभाला। पीलीभीत जिलाध्यक्ष को मंच पर जगह मिल गई। रोकटोक के बाद मेयर चुनाव के प्रत्याशी रहे संजीव सक्सेना को भी मंच पर बुला लिया गया।

जिला उपाध्यक्ष तनवीरुल इस्लाम भी हैदर अली के साथ धरने पर बैठे थे। विधायक शहजिल इस्लाम के कहने के बाद भी उन्हें मंच पर जगह नहीं मिली तो शहजिल ने खुद उठकर तनवीरुल को ऊपर आने को कहा। प्रमोद यादव, अरविंद यादव, आदेश यादव गुड्डू, हरीशंकर यादव समेत कई और नेताओं को रोका गया था लेकिन वे बाद में मंच तक पहुंच गए। विरोध कर रहे कई पदाधिकारियों को पुलिस फोर्स ने मौके से हटा दिया।

## गैरहाजिर छह मतदान कर्मियों पर एफआईआर, 87 को नोटिस

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर दूसरे चरण के प्रशिक्षण के दूसरे दिन रविवार को भी कई मतदान कर्मी गायब रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर अनुपस्थित छह मतदान कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है और 87 को नोटिस भेजा गया है। वहीं, तय समय से बाद में आने वाले 66 कर्मियों को वापस कर अंतिम दिन प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया है।

प्रभारी मतदान कार्मिक व सीडीओ जगप्रवेश ने बताया कि रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर आंवला और फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र के 3049 कर्मियों को चुनाव कराने की ट्रेनिंग मास्टर ट्रेनरों की ओर से दी गई। दोनों पालियों में 93 कार्मिक गैर हाजिर रहे, जिसमें कनिष्ठ सहायक मीनाक्षी सक्सेना, चकबंदी लेखपाल रेखा, सफाई कर्मी नूर अवतार, चांद बाबू, दिनेश, महेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।



प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण करते डीएम।

- **राजकीय इंटर कॉलेज में 3049 कार्मिकों ने लिया प्रशिक्षण**

### जिलाधिकारी ने कहा 9.20 पर बंद कर दें गेट

जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने डीआईओएस देवकी सिंह को निर्देश दिए कि सोमवार से सुबह 9 :20 बजे तक गेट बंद कर दिया जाए और 9 :30 तक प्रशिक्षण हर हाल में शुरू कर दें। जो लोग देरी से आ रहे हैं उनकी सूची बनाएं और उन्हें अगले दिन बुलाकर प्रशिक्षण कराएं।

## आज कुर्मांचल नगर में पुष्कर सिंह धामी की जनसभा

**बरेली, अमृत विचारः** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सोमवार को कुर्मांचल नगर में अल्मा मातेर स्कूल में शाम 5 बजे जनसभा होगी। वह यहां उत्तराखंड प्रवासियों को संबोधित करेंगे। जनसभा की तैयारियों के लिए रविवार को खुश लोक ऑडिटोरियम में बैठक में उत्तराखंड की कई संस्थाओं ने एकजुट होकर एक समन्वय समिति बनाने पर सहमति व्यक्त की गई। इस दौरान अमित पंत, मनोज पांडे, राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल, गिरीश पांडे, सभासद नरेंद्र सिंह, भोपाल सिंह बिष्ट, डॉ. हरीश भट्ट, कमलेश बिष्ट, मुकुल भट्ट, विनोद जोशी, चंदन सिंह नेगी, एनडी पांडे, भवानी दत्त जोशी, मनोज कांडपाल, दिनेश पांडे, दिनेश पंत, गोपाल सिंह मेहरा, हरबंस सिंह बिष्ट, आरसी पंत, मोहन पाठक, नरेंद्र सिंह बिष्ट, मदन सिंह बिष्ट, हरीश पाठक, सुभाष पांडे, डीएन मठपाल आदि मौजूद रहे।









शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## मई में और सताएगी गर्मी, 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है पारा

बरेली, अमृत विचार : गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। अप्रैल के आखिरी सप्ताह में तापमान 38 से 40 डिग्री के आसपास रह रहा है। दो दिन पहले तो पारा 42 डिग्री पार कर गया था। मौसम विज्ञानियों ने मई मध्य में पारा 45 डिग्री के पार जाने के आसार जताए हैं, जिससे अभी गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है।

रविवार के तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। अधिकतम तापमान 38 .5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान 12-15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चलीं।

आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ . अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सप्ताह भर मौसम साफ रहेगा। 30 अप्रैल और एक मई को तेज गर्म हवाएं चलेगी। भीषण गर्मी में लोगों को घर से बाहर निकलने के दौरान सावधानी बरतनी होगी, नहीं तो हीट स्ट्रोक या लू लगने की समस्या हो सकती है। आने वाले दिनों में मौसम में और गर्माहट आएगी। मई भी में भी तापमान बढ़ेगा। 20 मई तक तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने का पूर्वानुमान है।

# चुनाव बहिष्कार का एलान कर निकाली रैली, ग्रामीण बोले- पहले रोड, फिर वोट

## लाउडस्पीकर पर जनप्रतिनिधियों के खिलाफ लगाए नारे, पुलिस ने ई रिक्शा चालक पकड़ा

- कई साल से बदहाल है गांव बुझिया जनूबी को नैनीताल हाईवे से जोड़ने वाला रास्ता
- गांव वालों का आरोप- झूठे आश्वासन देकर टालते रहे हैं जनप्रतिनिधि और अफसर

संवाददाता, भोजीपुरा

**अमृत विचार :** गांव बुझिया जनूबी को नैनीताल हाईवे से जोड़ने वाली सड़क का कई साल से बुरा हाल है। रविवार को गांव के तमाम लोगों ने चुनाव बहिष्कार का एलान करते हुए रैली निकाली और एक ई रिक्शा पर लाउडस्पीकर लगाकर जनप्रतिनिधियों और अफसरों के खिलाफ नारे भी लगाए। रैली गांव में घूम ही रही थी कि किसी की सूचना पर पुलिस पहुंच गई और रैली बंद कराकर ई रिक्शा ड्राइवर को हिरासत में ले लिया।

गांव के लोगों के मुताबिक गांव की मुख्य सड़क कई साल से बुरी तरह जर्जर हालत में है। उन लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में जब सड़क पर पानी भरता है तो मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। बच्चों और महिलाओं के लिए तो उस पर गुजरना ही असंभव हो जाता है। लोगों के मुताबिक वे लोग कई बार इस समस्या को प्रशासनिक अफसरों और जनप्रतिनिधियों के सामने उठा चुके हैं। उन्हें कई बार आश्वासन तो दिए गए लेकिन सड़क बनवाने पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव दोहरिया पचदौरा के पास पानी भर जाने की वजह से अब भी सड़क तालाब बनी हुई है। बुझिया जनूबी के अलावा इसी रास्ते से बुझिया शुमाली समेत कई और गांवों के लोगों का हाईवे तक आना जाना होता है। पिछले दिनों सड़क का निर्माण न होने के विरोध में सभी लोगों ने सामूहिक रूप से चुनाव का बहिषअकार करने का निर्णय लिया था। रविवार को इसी के तहत एक ई रिक्शा पर बैनर और लाउडस्पीकर लगाकर गांव में रैली निकाली गई।



गांव बुझिया जनूबी में सड़क निर्माण के लिए मतदान बहिष्कार रैली निकालते लोग। ● अमृत विचार


बुझिया जनूबी में मुख्य सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गई है। रास्ते पर हर समय पानी भी भरा रहता है। ● अमृत विचार

### गांव के युवाओं ने की रैली की अगुवाई

गांव में निकाली गई रैली की अगुवाई युवाओं ने की। इनमें तमाम लोगों ने अपने हाथों में अपने ही बनाए पोस्टर भी ले रखे थे। तमाम बच्चे भी रैली में शामिल थे। गांव के युवाओं का कहना था कि पिछले चार साल से यह मार्ग खराब है। इसके बाद भी जनप्रतिनिधि और अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अब कोई जनप्रतिनिधि सड़क बनवाने का आश्वासन देगा, तभी वे मतदान करेंगे। उधर, भोजीपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा चालक को पूछताछ के बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है।

## भाजपा की सरकार में खुशहाल हैं किसानः औलख

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश के कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को सम्मान निधि देकर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत की है। भाजपा शासन में किसानों को फसल का उचित मूल्य भी मिला है। विपक्षी दल किसानों को गुमराह करने में लगे हैं। भोजीपुरा के मॉडर्न विलेज में रविवार को आयोजित किसान सम्मेलन में औलख ने कांग्रेस और सपा पर तीखे हमले किए। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को समय पर फसल का भुगतान मिल रहा है। इस दौरान पूर्व विधायक बहोरनलाल, बरखेड़ा विधायक प्रवक्तानंद, लोकसभा क्षेत्र संयोजक राजकुमार शर्मा, डॉ. केएम अरोड़ा, तेजश्वरी सिंह आदि नेता मौजूद थे।

## पूर्व मेयर ने ऐरन के लिए मांगे वोट

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली लोकसभा क्षेत्र से सपा गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीण सिहं ऐरन के समर्थन में पूर्व मेयर सुप्रिया एरेन ने रविवार को ग्राम टयूलिया में जनसंपर्क किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और लोगों से सपा गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देने को कहा। सुप्रिया ऐरन के चुनाव जनसंपर्क के दौरान अशोक गंगवार, चन्द्रसेन गंगवार, सुरेश गंगवार, संजय वर्मा, रजनीश गंगवार, सुभाष शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## जनता का मंच

### महिलाओं को एक लाख देने की घोषणा क्या उचित है?

बरेली,अमृत विचार : हर चुनाव में राजनीतिक दलों की कोशिश होती है कि वोटरों को किसी भी तरह अपनी तरफ खींचा जाए। यही वजह है कि जनता से बड़े-बडे. वादे किए जाते हैं और उनके दुष्प्रभावों को अनदेखा कर दिया जाता है। कांग्रेस के सरकार बनने पर गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये देने की घोषणा पर लोगों का कहना है कि गरीबों का जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिए सरकार को कोशिशें करनी चाहिए लेकिन मुफ्त में कुछ देना इसका हल नहीं है।


गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये देने की घोषणा वैसे तो अच्छी ही है लेकिन सवाल यह है कि ऐसी योजनाओं के सरकार पैसा कहां से लाएगी। आखिर में इसका भार जनता पर ही पड़ेगा जो उचित नहीं है। इसकी वजह से महंगाई बढ़ सकती है। लोग पहले ही महंगाई से काफी परेशान हैं। **- ओमसेन**, बदायूं रोड


कांग्रेस के समय में पहले रोजगार की अच्छी व्यवस्था थी। लोगों को मुफ्त धनराशि या उपभोग सामग्री देना उचित नहीं है। मुफ्त में कुछ दिए जाने की योजनाओं का भाव आखिर में जनता पर ही पड़ता है। इससे ज्यादा जरूरी है कि लोगों को उनकी जरूरत के मुताबिक रोजगार दिया जाए। **- आदिल हसन**, मलूकपुर


जिन योजनाओं में लोगों को मुफ्त की चीजें मिलती हैं या नकद राशि देने की घोषणाएं की जाती हैं, उसका सीधा असर जनता की जेब पर पड़ता है। जितनी चीजें मुफ्त होंगी, उतनी महंगाई बढ़ेगी। राजनीतिक दलों को चाहिए कि लोगों के लिए रोजगार का इंतजाम कर आत्मनिर्भर जीवन जीने का मौका दें। **- निशा चंद्रवंशी**, सिटी


गरीबों का जीवन आसान बनाने के लिए सरकार को योजनाएं बनानी चाहिए लेकिन एक लाख रुपये देने की योजना मेरी समझ में नहीं आती। ऐसी योजनाएं भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती हैं। उनसे लोगों पर आगे चलकर टैक्स का भी बोझ बढ़ता है। सुविधाएं और रोजगार ज्यादा अच्छा विकल्प है। **- महेशपाल सिंह**, नेकपुर


इस तरह की घोषणाएं उचित नहीं हैं। राजनीतिक दल कोई भी हो, यदि बिना काम करे महिलाओं, युवाओं, बेरोजगारों को मुफ्त में कुछ भी देने की घोषणा की जाती है तो इससे उन लोगों में निठल्लापन ही पैदा होता है। देश के लिए वे कोई योगदान नहीं कर पाते। यदि सरकारें कुछ देना ही चाहती हैं तो शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने के साथ नौकरियों का इस तरह इंतजाम करें कि कोई बेरोजगार न रहे। इसके अलावा शिक्षा-स्वास्थ्य की सुविधाएं आसानी से सुलभ होनी चाहिए। लोगों को भी इस तरह की योजनाओं या घोषणाओं से प्रभावित नहीं होना चाहिए। **- अजीता सिंह**,असिस्टेंट प्रोफेसर बरेली कॉलेज

# सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य ने रोड शो कर दिखाई ताकत

**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य ने आंवला में रोड शो निकालकर अपनी ताकत दिखाई। इस दौरान आसपास गांवों से भारी भीड़ जुटी। सपा के कई बड़े नेता भी रोड शो में शामिल हुए।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद का पूरे क्षेत्र में विरोध है। जनता खुद सांसद के खिलाफ सड़कों पर निकल पड़ी है, क्योंकि उन्होंने पांच साल तक क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं कराया। जाति और धर्म के आधार पर एक दूसरे को लड़ा कर अपनी राजनीति चमकाई। अब जनता सिर्फ विकास की राजनीति पसंद करती है। भाजपा सरकार में युवाओं को नौकरी नहीं मिली। प्रतियोगी पेपर लीक हुए।

युवा, किसान, महिला समेत समाज का प्रत्येक वर्ग सरकार से बहुत निराश है। नीरज मौर्य ने रोड शो के बाद आंवला लोकसभा क्षेत्र की बिथरी चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में घर-घर जाकर वोट मांगे। उन्होंने बल्लिया, रामपुर, कंकर, गौसगंज, ब्रह्मपुर गांव में मतदाताओं से संपर्क किया। रोड शो में पूर्व ब्लॉक प्रमुख आदेश यादव गुड्डू, भुवनेश प्रधान, रामवीर दिवाकर, विनोद यादव, हरिश्चंद्र मैथल, रमेश यादव, टिंकू भाई, रतिराम मौर्य, दीपक पाठक, सुमित गुप्ता, हर्ष आर्य, जाहिर सैफी, सतपाल, कृष्णा मौर्य, ठाकुर प्रमोद सिंह आदि शामिल थे।


आंवला लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क करते सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य।

## इस्लामनगर में आज आंवला प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार करेंगी मायावती

**बरेली, अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती सोमवार को आंवला और बदायूं के पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में बदायूं के इस्लामनगर में जनसभा को संबोधित करेंगी। पार्टी पदाधिकारियों के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री इस्लामनगर में सुबह 11 बजे पहुंचेगी। रविवार को उत्तर प्रदेश के प्रभारी शमसुद्दीन राईन ने कई और नेताओं के साथ जनसभा को लेकर बनाए गए मंच और पंडाल का निरीक्षण किया। पहले यह जनसभा बरेली के देवचरा में होनी थी लेकिन अंतिम समय में उसे इस्लामनगर में कर दिया गया।

# होटलों में पुलिस और अधिकारियों के ठहरने का कराया जाएगा भुगतान

## डीएम-एसएसपी के साथ होटल कारोबारियों की वार्ता में निकला हल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** चुनाव के दौरान शहर के होटलों में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी ठहराए गए हैं। होटल में ठहरने और खाने का भुगतान किया जाएगा। इसके लिए एक एसओपी भी तैयार की जाएगी। होटल कारोबारियों की रविवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के साथ संयुक्त बैठक में इस समस्या का समाधान निकाला गया।

शहर के कई होटलों में लगभग 300 कमरों में अफसर और कर्मचारी ठहराए गए हैं। कुछ कमरे पांच-छह दिन के लिए तो कुछ दो से तीन दिन के लिए किराये पर लिए गए। कुछ होटलों में रेस्टोरेंट की सुविधा नहीं है। ऐसे में यहां ठहरने वालों ने होटल मालिकों से ही बाहर से खाना मंगवाया और उसका भुगतान भी नहीं दे रहे थे। इससे होटल वेलफेयर एसोसिएशन के लोग अपने कारोबार के प्रति चिंतित थे। उनका कहना था कि वह लोग भी कारोबार कर रहे हैं उन्हें भुगतान नहीं होगा तो उनका और कर्मचारियों का परिवार कैसे चलेगा। इस बात को लेकर वह पिछले दिनों एसएसपी से मिले थे। रविवार को जिलाधिकारी और एसएसपी की संयुक्त बैठक में होटल वेलफेयर के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने होटल कारोबारियों को आश्वासन दिया कि उनके संज्ञान में मामला नहीं था। अब लाया गया है तो इसका समाधान कराया जाएगा।

बैठक में तय हुआ कि एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर यानी एसओपी तैयार की जाएगी। इसमें होटल में कमरे बुक कराने के नियम तय होगें। इसमें यह भी तय होगा कि अफसर या कर्मचारी कमरे में रुकेगा तो उसका भुगतान कौन करेगा और किस तरह से भुगतान होगा। होटल में भोजन लेंगे तो उसका भी भुगतान देना होगा।

बैठक में यह भी तय हुआ कि चौकी स्तर से कर्मचारी अफसरों का नाम बताकर कमरे बुक करा लेते हैं। एसएसपी ने इसके लिए एक एएसपी स्तर के अफसर की तैनाती करने की बात कही। यह होटल वेलफेयर एसोसिएशन और अफसरों के बीच समन्वय रखेंगे। वार्ता के समय होटल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग सक्सेना, संरक्षक सतीश अग्रवाल, सचिव शुजा खान, आलोक गुप्ता, निखिल थापर, श्वेतांक अस्थाना उपस्थित रहे।


जिलाधिकारी रविंद्र कुमार से वार्ता करते होटल कारोबारी। ● अमृत विचार

## ब्राह्मण समाज ने की प्रवीण सिंह ऐरन के समर्थन की घोषणा

**बरेली, अमृत विचार :** नेहरू युवा केंद्र में शनिवार को ब्राह्मण समाज की ओर से आयोजित आशीर्वाद कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन को समर्थन देने का एलान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा विकास और सद्भाव के लिए काम करने वाले व्यक्ति का समर्थन करता आया है। प्रवीण सिंह ऐरन ने बिना किसी भेदभाव के सभी जाति-धर्म के लोगों के हितों और बरेली के विकास के लिए काम किया है, इसलिए ब्राह्मण समाज उनके साथ है। पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने कहा कि भाजपा सरकार में पूरी व्यवस्था चौपट है। हर स्तर पर विफल सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए झूठ का सहारा ले रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवदत्त शर्मा और संचालन गजेंद्र पांडेय ने किया। इस दौरान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला, सुरेंद्र पांडेय, त्रिभुवन शर्मा, पारस शुक्ल, महेश पंडित, राज शर्मा, केके दीक्षित, हर्षित दुबे, राजन उपाध्याय, केसी दुबे, सपा के प्रदेश प्रवक्ता मयंक शुक्ला मोंटी, समर्थ मिश्रा, अनुभव मिश्रा, अतुल पाराशरी आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन।

## पोस्टल बैलेट से 650 मतदान कार्मिकों ने डाले वोट

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर रविवार को दूसरे दिन आंवला और बरेली लोकसभा क्षेत्र से 650 मतदान कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से वोट डाले और 347 लोगों ने ईडीसी प्राप्त किया है।

प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र एवं उपनिदेशक मंडी अविनाश चंद्र मौर्य ने बताया कि रविवार को बरेली लोकसभा क्षेत्र से 639 कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया है। अब तक 644 ने वोटिंग की है। वहीं आंवला लोकसभा क्षेत्र से रविवार को 11 लोगों ने ही पोस्टल बैलेट से मतदान किया है। यहां दो दिन में 327 कार्मिकों ने वोटिंग की है। आंवला में रविवार को 325 और बरेली से 22 मतदान कार्मिकों ने ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि आंवला लोकसभा क्षेत्र से घर-घर जाकर 172 दिव्यांगों और 85 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं का मतदान पोस्टल बैलेट से कराया गया है। बरेली क्षेत्र में घर बैठे पोस्टल बैलेट से कराए गए मतदान की जानकारी देर रात तक नहीं आ सकी थी।



# बेटी कीर्ति ने कीं धर्मेंद्र कश्यप के लिए सभाएं, बोलीं- विपक्ष के पास कुछ नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** आंवला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र कश्यप की बेटी कीर्ति कश्यप ने दातागंज विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में नुक्कड़ सभाएं कीं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के पास न कोई नेता है और न ही कोई नीति। उनकी नियति भी ठीक नहीं लगती। इन हालात में उत्तर प्रदेश में इन तीनों दलों का कोई खाता तक खुलने वाला नहीं है। सभी 80 सीटों पर भाजपा गठबंधन जीत हासिल करेगा।

भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के जनसमर्थन में नुक्कड सभा को संबोधित कर कीर्ति कश्यप ने कहा कि अखिलेश यादव पीडीए का नारा दे रहे हैं। इस नारे का असली फुल फार्म परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है। अखिलेश को अपने परिवार के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं देता है। यही कारण है कि हाल ही में बदायूं से सपा ने अपना प्रत्याशी बदल दिया।

उन्होंने कहा कि जो आज विपक्ष में हैं उन्होंने सत्ता में रहते हुए जमकर घोटाले किए। उनके घोटालों की जांच हो रही है तो वह घबराए हुए हैं। इसी वजह से भाजपा पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता सबकुछ समझती है और भाजपा के पक्ष में जमकर मतदान करेगी। कीर्ति कश्यप ने लोगों से अपील की 7 मई को आंवला लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के पक्ष में मतदान करें। जिला पंचायत सदस्य अग्रवीर गुर्जर, सुरेन्द्र गुर्जर, राहुल चौहान, तेज पाल सागर, धर्मवीर यादव, कालीचरन दिवाकर आदि मौजूद रहे।


आंवला लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क करतीं कीर्ति कश्यप। ● अमृत विचार

# भाजपा से पहले किसी सरकार ने नहीं की डॉक्टरों की चिंता

## आईएमए ऑडिटोरियम में चिकित्सा प्रकोष्ठ सम्मेलन में बोले लखनऊ की उत्तरी सीट के विधायक डॉ. नीरज बोहरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आईएमए ऑडिटोरियम में रविवार रात को चिकित्सा प्रकोष्ठ सम्मेलन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि लखनऊ की उत्तर विधानसभा सीट से विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि पूर्व की सरकारें डॉक्टरों की कोई चिंता नहीं करती थीं मगर भाजपा सरकार ने डॉक्टरों की बेहतरी के लिए कई अच्छे कार्य किए हैं। सरकार की योजना से स्वास्थ्य बीमा से एक बड़ी आबादी सुरक्षित हुई है। उन्होंने चुनाव में प्रत्याशी का भरपूर समर्थन कर विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया।

बरेली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को समर्थन देने के लिए हुए सम्मेलन में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने सभी से सात मई को मतदान की अपील की। वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि देश को बड़ी अर्थ व्यवस्था बनाना है। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि बरेली अब स्मार्ट सिटी बना है। उन्होंने युवा वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे क्षेत्रीय सह संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ ब्रज प्रांत डॉ. विमल भारद्वाज ने इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार भी जताया।



आईएमएम हॉल में हुए कार्यक्रम में मंच पर मौजूद डॉ . नीरज बोहरा व अन्य नेता।

### प्रधानमंत्री के रोड शो से बढ़ा बरेली में जोश

आईएमए अध्यक्ष डॉ . राजीव गोयल ने कहा कि रोड शो से बरेली में जोश आ गया है। सम्मेलन में आईएमए, डेंटल एसोसिएशन, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक चिकित्सकों ने भी अपने विचार रखते हुए लोकसभा चुनाव में भागीदारी एवं भूमिका पर चर्चा की। विशिष्ट अतिथि कपिल देव अग्रवाल, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ . केशव कुमार अग्रवाल, विधायक डॉ . राघवेंद्र शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, लोकसभा के सह संयोजक डॉ . केएम अरोरा, डॉ . सीपीएस चौहान, प्रदेश सह संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ . प्रमेंद्र माहेश्वरी, डॉ . विनोद पागरानी, नीमा अध्यक्ष डॉ . पीएस दीक्षित, डॉ . राकेश शर्मा, डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ . दिनेश राय, आईएमए सचिव डॉ . गौरव, डेंटल एसोसिएशन के सचिव डॉ . अनूप शुक्ल आदि मौजूद रहे।


चिकित्सा प्रकोष्ठ के सम्मेलन में मौजूद बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ . केशव अग्रवाल व अन्य डॉक्टर।

कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें: संजीव कुमार पाण्डेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

# भुता में धारदार हथियार से छात्र की हत्या कर खेत में फेंका शव

## एक नामजद समेत चार पर रिपोर्ट, गांव परेवा कुइंया का मामला

संवाददाता, बरेली/भुता

**अमृत विचार :** भुता के गांव परेवा कुइंया में 10वीं के छात्र की हत्या कर शव खेत में फेंक दिया गया। शव पर धारदार हथियार के आठ वार मिले हैं। पुलिस ने पिता की तहरीर पर एक नामजद और दो-तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। परिजनों के मुताबिक पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है लेकिन पुलिस ने इससे इन्कार किया।

गांव परेवा कुइंया निवासी शमसुल हसन ने बताया कि उनका बेटा फरमान हुसैन (17) शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे अपने चाचा नूर हसन के मकान पर सोने के लिए गया था लेकिन सुबह तक वह वापस नहीं आया। सुबह को गांव के नरेश के मकान के पीछे इलियास के खेत में फरमान का शव पड़ा मिला। नरेश ने शव देखने पर प्रधान को बताया।


फरमान हुसैन

- डॉग स्क्वाड और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच कर सुबूत जुटाए

"मृतक के पिता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपियों को तलाश कर रही है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे।
–सतीश कुमार, थानाध्यक्ष भुता"

प्रधान की सूचना पर थानाध्यक्ष सतीश कुमार, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। शमसुल हसन की तहरीर पर भुता पुलिस ने गौतम और दो-तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दिन में गांव के ही युवक से हुआ था विवाद

शमसुल हुसन ने बताया कि शनिवार दोपहर को उनके बेटे फरमान और मोहम्मद हसन का गांव के ही गौतम से किसी बात को लेकर विवाद हो गया गया था। उस दौरान कुछ लोगों ने मामला शांत करा दिया। तब गौतम फरमान को जान से मारने की धमकी देकर चला गया। रात को जब फरमान अपने चाचा के घर पर गया लेकिन दरवाजा नहीं खुला तो वह वापस आने लगा। रास्ते में ही गौतम और उसके साथियों ने पकड़ लिया और धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी और शव नरेश के मकान के पीछे इलियास के खेत में फेंक दिया। परिजनों के मुताबिक फरमान के शरीर पर कमर से ऊपर आरोपियों ने धारदार हथियार से कई बार किए हैं।

# किसान आंदोलन की वजह से दसवें दिन भी ट्रेनें लेट पहुंचीं

**बरेली, अमृत विचार :** पंजाब-हरियाणा बार्डर के शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के आंदोलन की वजह से रोजाना ट्रेनें बरेली जंक्शन पर देरी से पहुंच रही हैं। पिछले दस दिनों से कई ट्रेनें निरस्त भी यात्रियों के लिए मुसीबत बनने लगा है। रविवार को भी यात्री जंक्शन पर ट्रेनों का इंतजार करते रहे।

- छपरा एक्सप्रेस 13 घंटे 50 मिनट तो देहरादून स्पेशल 14 घंटे 15 मिनट की देरी से पहुंची

रविवार को 04313 देहरादून स्पेशल 14 घंटे 15 मिनट, 05050 छपरा 13 घंटे 50 मिनट, 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस नौ घंटे, 13152 सियालदह एक्सप्रेस पौने चार घंटे और 12588 अमरनाथ एक्सप्रेस 10 घंटे की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची। इसके अलावा दिल्ली स्पेशल एक्सप्रेस समेत पांच अन्य ट्रेनें भी देरी से पहुंचीं। ट्रेनें लगातार देरी से आने के कारण यात्रियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

# व्यापारी के घर से 50 लाख की चोरी, तीन गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर के नरकुलागंज में व्यापारी के घर से करीब पचास लाख की ज्वेलरी और नकदी चोरी हो गई। पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया लेकिन उनके पास से सिर्फ दो लाख का माल ही बरामद हुआ। 48 लाख का सामान कहां गया, इसका खुलासा अब तक पुलिस और एसओजी नहीं कर सकी है।


पुलिस हिरासत में आरोपी।

- सिर्फ दो लाख का माल बरामद कर सकी पुलिस
- पुलिस बोली, व्यापारी ने अधिक लिखाई चोरी की रकम

नरकुलागंज निवासी कमल सोमानी मशीनरी पाट्‌र्स का व्यापार करते हैं। 26 अप्रैल को वह पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हाथरस गए थे। 27 अप्रैल को वापस आए तो देखा कि घर की सभी अलमारियों का ताले टूटे पड़े हैं। चोर घर में रखी 20 लाख रुपये की नकदी और करीब 30 लाख रुपये से अधिक के जेवर ले गए। शिकायत के बाद प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। चोरी का खुलासा करने के लिए एसएसपी के निर्देश पर एसओजी को भी लगाया गया। एसओजी और प्रेमनगर पुलिस ने तीन चोरों को भी गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर वसीम निवासी ईंट पजाया, जलालुद्दीन निवासी देवचरा और सुभाषनगर के मोहल्ला पुरवा का फरमान है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कार, बाइक, 1.19 लाख रुपये, 19 चांदी के सिक्के, एक जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछिया, तमंचा, दो कारतूस और दो चाकू बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि चोरों ने डेढ़ लाख रुपये की बात स्वीकार की है। व्यापारी ने तहरीर में बढ़ा चढ़ाकर रकम लिखाई है।

# आंधी में गिरे खंभे की चपेट में आकर घायल हुए युवक की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** आंधी में गिरे बिजली के पोल की चपेट में आने से घायल युवक की शनिवार रात मौत हो गई।

सेटेलाइट बस अड्डे के पास मंगलवार को तेज आंधी में बिजली के तीन पोल गिर गए थे। मोहम्मद ताहिर बिजली के पोल की चपेट में आ गए थे। जिसके बाद उन्हें पीलीभीत बाईपास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां शनिवार की रात उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सेटेलाइट चौकी प्रभारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि हादसे में घायल युवक की मौत उपचार के दौरान हो गई, लेकिन परिजनों ने किसी तरह की कार्रवाई करने से इन्कार कर दिया।

# 42 किलो डोडा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** पुलिस ने चेकिंग के दौरान डोडा तस्कर को दबोच लिया। रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। पुलिस ने शनिवार रात धनेटा फाटक पर चेकिंग के दौरान एक युवक को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से बोरे में 42 किलो 200 ग्राम डोडा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सत्यवीर निवासी थाना भमोरा गांव तखतपुर नौगमा ठाकुरान बताया है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी झारखंड से डोडा खरीदकर लाता था।

# अब तुम्हारे जो हों, उनके साथ खुश रहना मम्मी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 25 अप्रैल को घर से गई युवती कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज

**अमृत विचार :** तुम सब परेशान थे मेरे से और मैं भी सबके होते हुए अकेली थी। इस घर में किसी को नहीं दिखती थी। मम्मी अब तुम्हारे जो हों उनके साथ खुश रहना। मां के नाम पत्र लिखकर अचानक पूनम घर से चली गई।

वापस न आने पर बड़े भाई ने थाना कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। भाई के मुताबिक बहन डांटने से नाराज होकर घर से चली गई है।

आलमगिरी गंज निवासी राहुल ने बताया कि उनकी बहन पूनम कई दिन से गुमसुम रहती थी। कुछ दिन पहले उसने बाजार जाने की जिद की तो मां ने डांट दिया था। तब खाना भी नहीं खाया, समझाने पर मान गई। 25 अप्रैल को पूनम आधार कार्ड सही कराने की बात कह कर दिन में करीब एक बजे घर से निकल गई थी। इसके बाद वापस नहीं आई। उन्होंने 26 अप्रैल को थाना कोतवाली में शिकायती पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। गुस्से में पूनम एक पत्र भी छोड़कर गई है, जो मां के नाम पर है। पूनम ने पत्र में लिखा है कि मैं इतनी दूर जा रही हूं मरने के लिए कि तुम लोगों को मेरी लाश भी न मिले। पूनम के न मिलने से पूरा परिवार परेशान है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कंसलटेन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराइज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हेल्प लाईन-8266051117

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:– सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:– सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमाग गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
पता:– फेज़ हॉस्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्र:– 7895161674, 7906502059

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
भूतपूर्व चिकित्सक– शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध है :– आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. पुनीत सरपाल (वरिष्ठ चिकित्सक)
डॉ. सोनम सरपाल (चिकित्सक)
समय-प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक
विशेषज्ञ
कैंसर, गुर्दे रोग, पथरी, बांझपन, हाइड्रोसिल, चर्म रोग
सरपाल होम्योपैथी
Since 1978
9837318170, 6397009532
डॉ. प्रियम सरपाल
youtube channel : www.youtube.com/user/drPunitSarpalVideos

# नहीं हो सकी मिलाई, भटकते रहे पूर्व सांसद धनंजय के समर्थक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शनिवार को जौनपुर जेल से बरेली जेल में किया था शिफ्ट

**अमृत विचार :** पूर्वांचल के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह के समर्थक रविवार को मिलने के लिए पहुंचे थे मगर केंद्रीय कारागार प्रशासन ने मिलने नहीं दिया। राजनीति पहुंच का भी असर भी काम नहीं आया। समर्थकों ने बताया कि मंगलवार शाम तक धनंजय की रिहाई हो सकती है।

केंद्रीय कारागार में धनंजय को हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है। सुरक्षा के लिहाज से उससे किसी को मिलने नहीं दिया गया है। वहीं उसके स्वास्थ्य में भी सुधार बताया गया है। समर्थकों ने बताया कि धनंजय की रिहाई के लिए कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उम्मीद है कि सोमवार या मंगलवार तक केंद्रीय कारागार में रिहाई का परवाना पहुंच सकता है। बता दें कि जौनपुर में कई लोगों ने वहां की जेल में रहते हुए धनंजय पर चुनाव प्रभावित करने का आरोप लगाया था। समर्थकों ने बताया कि जौनपुर से धनंजय की पत्नी श्रीकला चुनाव लड़ रही हैं। उनके सामने विपक्षी उम्मीदवार कहीं पर भी मुकाबले में नहीं हैं, यही वजह है कि आरोप लगाकर बरेली जेल ट्रांसफर करा दिया। केंद्रीय कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक अविनाश गौतम ने बताया कि रविवार को कोई भी धनंजय से नहीं मिल सका।

# लापता बच्ची 11 वें दिन कालीबाड़ी मंदिर पर मिली



**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर के नेकपुर मोहल्ला स्थित ललिता देवी मंदिर से गायब बच्ची 11वें दिन शहामतगंज में कालीबाड़ी मंदिर से मिल गई। नेकपुर निवासी मुकेश पटेल और पिंकी पटेल की तीन साल की बेटी माही पटेल 17 अप्रैल को ललिता देवी मंदिर से अचानक गायब हो गई। एसएसपी के निर्देश पर बच्ची की सुभाषनगर थाना पुलिस और एसओजी कर रही थी। 27 अप्रैल को रात साढ़े दस बजे सुभाषनगर पुलिस को सूचना मिली कि एक छोटी बच्ची कालीबाड़ी मंदिर पर है। पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे तो बच्ची की पहचान हो गई। बच्ची ने बताया कि एक महिला उसे लेकर आई थी और बाद में उसे छोड़ दिया।

# रिवैम्प योजना: अभी सात उपकेंद्रों के प्रस्ताव पर मंजूरी का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अभी पवन विहार और आंवला में ही उपकेंद्रों को मिली है अनुमति
- नए उपकेंद्र बनने से 11 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

**अमृत विचार:** बिजली विभाग ने रिवैम्प योजना के तहत जिले में नौ नए उपकेंद्र बनाने का प्रस्ताव पॉवर कॉरपोरेशन को भेजा था, जिसमें से दो उपकेंद्र बनाने का प्रस्ताव पास हो गया है लेकिन अभी सात उपक्रेंद्र का प्रस्ताव पास नहीं हुआ है। सभी उपकेंद्र बनने पर जिले के 11 लाख उपभोक्ताओं को बिजली कटौती से राहत मिलेगी।

हर बार गर्मी में ओवरलोडिंग होने से फाल्ट होने से बिजली का संकट हो जाता है। इससे निपटने के लिए बिजली अधिकारियों ने शहर से लेकर देहात तक में नौ नए उपकेंद्र बनाने का प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को भेजे थे। जिसमें से शहर के पवन विहार और आंवला के बड़ा गांव में नए उपकेंद्र बनाने के लिए मुख्यालय की तरफ से अनुमति मिल गई है, लेकिन अभी अधिकारी जोगी नवादा, किला और सुभाषनगर, मिनी बाईपास पर नए बस अड्डे के पास, सीआई पार्क के बराबर में, स्टेडियम रोड और परसाखेड़ा में उपकेंद्र के निर्माण को लेकर मुख्यालय की अनुमति का इंतजार कर रहे हैं। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने बताया कि रिवैम्प योजना तहत दो उपकेंद्र बनाने के लिए अनुमति मिल गई है। अन्य उपकेंद्र के निर्माण के लिए मुख्यालय की अनुमति का इंतजार किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### समाज में एनजीओ का कार्य महत्वपूर्णः डॉ. अरुण



**बरेली, अमृत विचार :** एनजीओ का समाज में महत्वपूर्ण योगदान है। तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए आप सभी का महत्वपूर्ण सहयोग रहेगा। यह बातें वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से खुशहाली सभागार में आयोजित एनजीओ सम्मेलन में कहीं। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि एनजीओ के कार्य से समाज में अच्छा संदेश जाता है और जरूरतमंदों की मदद होती है। भाजपा नेता गुलशन आनंद ने कहा एनजीओ समय-समय पर लोगों की मदद करते रहते हैं। डॉ. विनोद पगरानी, कार्यक्रम संयोजक व भाजपा मीडिया प्रभारी प्रतिपाल सिंह (बंटी ठाकुर), प्रमोद रघुवंशी, इंदु सेठी, अश्विनी ओबेरॉय, डॉ. तृप्ति गुप्ता, अरुण कश्यप, मंडल अध्यक्ष राजीव कश्यप, डॉ. राखी चौहान, अर्चना सिंह, ईशा कालरा, रश्मि जोशी, राशि पाराशरी, आशा सिंह, हेमलता जोशी, स्वाति सिंह, सपना द्विवेदी, शिखा मल्होत्रा, अखिलेश आदि मौजूद रहे।

### प्रो. वसीम बरेलवी को वृन्दावन बिहारी और शशि शुक्ला को विंध्यवासिनी स्मृति सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब की ओर से रविवार को सीबीगंज स्थित इंजीनियर्स भवन में विंध्यवासिनी वृंदावन बिहारी स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रख्यात शायर प्रो. वसीम बरेली को प्रो. वृंदावन बिहारी स्मृति सम्मान और साहू रामस्वरूप डिग्री कालेज की संगीत विभागाध्यक्ष प्रो. शशि शुक्ला को विंध्यवासिनी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. राजेंद्र भारती, कार्यक्रम अध्यक्ष बरेली कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. सोमेश यादव, क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र बीनू सिन्हा, इं. केबी अग्रवाल, प्रदीप माधवार और सत्येंद्र सक्सेना ने सम्मान स्वरूप हार, शाल, स्मृति चिन्ह और अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने विविध संवाद के विशेषांक का विमोचन भी किया। इस मौके पर इन्द्र देव त्रिवेदी, मुकेश सक्सेना, राजेश गौड़, प्रो. एसके शर्मा, निर्भय सक्सेना, सीए राजेन विद्यार्थी, अंकित अग्रवाल, अखिल रस्तोगी, रीतेश अग्रवाल,अर्जुन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### अग्रवाल सभा ने सोहम को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी के पदाधिकारियों ने सिविल सेवा परीक्षा में 77 वीं रैंक हासिल करने पर सोहम टिबड़ेवाल को रविवार को मारवाड़ीगंज स्थित उनके आवास पर पटका पहना कर सम्मानित किया। सोसायटी के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल, संरक्षक अजय कुमार अग्रवाल, महामंत्री दिनेश कुमार अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, हर्ष कुमार अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### पुलिस के साथ हिमवीरों ने किया पैदल मार्च



**कैंट, अमृत विचार :** चुनाव के चलते प्रभारी निरीक्षक जग नारायण पांडेय की अगुवाई में आईटीबीपी के जवानों ने क्षेत्र में पैदल मार्च निकाला। इस दौरान चौबारी, बुखारा, बारीनगला, मिर्जापुर आदि गांवों में जवानों ने भ्रमण किया।

### मलेरिया के देहात में 29 केस और शहर में सिर्फ दो

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में मलेरिया के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। देहात में मरीजों की संख्या अधिक है, हालांकि शहर में राहत है। पिछले एक महीने में मलेरिया के 17 नए केस सामने आए हैं। अब संख्या बढ़कर 31 हो गई है, जिसमें 29 केस देहात क्षेत्र और सिर्फ दो केस शहरी क्षेत्र के हैं। जिला मलेरिया अधिकारी सतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पिछले एक महीने से जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है। अब तक मलेरिया के 31 केस सामने आ चुके हैं।

# अभियान फेल, बेसिक स्कूलों में 20 फीसदी भी प्रवेश नहीं

## दाखिले में न्यूनतम छह साल आयु की बाध्यता भी बन रही है बाधक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बेसिक स्कूलों में नया शैक्षिक सत्र शुरू हुए एक महीना होने वाला है लेकिन जिले के 2482 बेसिक स्कूलों में अब तक 14872 नए बच्चों का ही प्रवेश हुआ है। जबकि इस बार अस्सी हजार नए बच्चों के प्रवेश का लक्ष्य शासन ने दिया है। कम प्रवेश की वजह कक्षा एक में प्रवेश की छह साल की बाध्यता और भीषण गर्मी है। पिछले साल 50 हजार नए बच्चों का प्रवेश हुआ था।

वहीं इस बार विभाग की ओर से स्कूल चलो अभियान के प्रचार के भी कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए, जबकि पिछले बरसों में विशाल रैली का भी आयोजन किया गया था। अधिकारियों का कहना है कि कई ब्लॉकों में रैली और अन्य गतिविधियां कराई जा रही हैं। जल्द ही शासन के निर्देश पर जिला स्तरीय स्कूल चलो अभियान को लेकर विशाल रैली निकाली जाएगी। स्कूलों में बच्चों को आकर्षित करने और रोचक तरीके से पढ़ाने के लिए स्मार्ट उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। मिड डे मील, ड्रेस, बैग और किताबें निशुल्क वितरित की जा रही हैं। इन सबके बावजूद बच्चों का प्रवेश कम हो रहा है।

> जिले के सभी ब्लाकों में स्कूल चलो अभियान शुरू से ही प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है और गतिविधियां भी विधिवत कराई जा रही हैं। जिला स्तरीय रैली भी रूपरेखा तैयार कर जल्द आयोजित कराई जाएगी। – **संजय सिंह, बीएसए**

#### तेज धूप के कारण दाखिले हो रहे कम

आलमपुर जाफराबाद के गौसगंज में कार्यरत शिक्षिका पूजा रानी सिंह का कहना है कि इस बार नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा एक में प्रवेश के लिए बच्चों की आयु कम से कम छह साल तय कर दी गई है। बच्चों की कम उम्र होने की वजह से प्रवेश कम हो रहे हैं। इसके अलावा भीषण गर्मी, गेहूं की कटाई और सिंचाई में भी अभिभावक लगे हैं, इसलिए प्रवेश कराने से बच रहे हैं। प्रधानाचार्य हरीश बाबू मिश्रा ने बताया कि इस बार छह साल की आयु में ही कक्षा एक में प्रवेश लिया जाएगा लेकिन इससे दिक्कत हो री है। अभिभावकों को इस बारे में समझाया जा रहा है। शिक्षिका फरहा नर्गिश ने बताया कि अधिक से अधिक बच्चों के प्रवेश के लिए अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है।





### प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर सजाया गया कीर्तन दरबार

**बरेली, अमृत विचार :** गुरु तेग बहादुर सिंह के 403 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 18 अप्रैल से आयोजित प्रभात फेरी का रविवार को समापन हुआ। इसके अलावा प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर फर्राशी टोला स्थित गुरु तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारे में कीर्तन दरबार सजाया गया। अमरजीत सिंह, सेवा सिंह, ज्ञानी गुरविंदर सिंह, ज्ञानी गुरदेव सिंह के अलावा मुख्य रूप से देहरादून से आए ज्ञानी बलविंदर सिंह और दिल्ली से जगजीत सिंह बबिहा ने देर रात तक कीर्तन कर संगत को निहाल किया।

### संसार में भरत के समान कोई भाई नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** त्रिवटीनाथ मंदिर में श्रीराम चरितमानस कथा में रविवार को कथा व्यास पं. उमाशंकर व्यास ने बताया कि संसार में भरत के समान भाई अन्य कोई न तो सुना गया और न ही देखा गया। यह बात राम उस लक्ष्मण के सामने कह रहे हैं जिन्होंने अपना सर्वस्व छोड़कर राम की सेवा का आजीवन संकल्प लिया है। ऐसी ही प्रशंसा राम हनुमान से प्रथम मिलन पर करते हैं। कहते हैं कि राम और लक्ष्मण भले ही दो दिखाई देते हों लेकिन एक दूसरे के लिए शरीर और प्राण के समान हैं। लक्ष्मण प्रभु राम के जन्म से लेकर हर लीला में हर समय साथ रहते हैं और राम लक्ष्मण का वियोग सहन नहीं कर सकते। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 9 से 12वीं तक की किताबें ऑनलाइन पढ़ सकेंगे छात्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बोर्ड की ओर से एनसीईआरटी की पुस्तकें भी दीक्षा एप पर की गई हैं अपलोड**
- **दुकानों पर एनसीईआरटी की किताबें न मिलने से छात्रों को हो रही परेशानी**

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद के कक्षा 9 से 12 वीं तक के छात्र ऑनलाइन किताबों से पढ़ाई कर सकेंगे। परिषद ने सभी विषयों की किताबें अपने पोर्टल पर अपलोड कर दी हैं। छात्रों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए डीआईओएस ने सभी स्कूल के प्रधानाचार्यों को पोर्टल का लिंक भेज दिया है।

जिले में 462 माध्यमिक स्कूलों में से 59 राजकीय स्कूल संचालित हैं। इसके अलावा बोर्ड ने एनसीईआरटी की पुस्तकें ई-बुक्स के रूप में दीक्षा पोर्टल पर भी उपलब्ध कराई हैं। नया शैक्षिक सत्र शुरू एक महीना होने जा रहा है लेकिन अभी तक बाजार में एनसीईआरटी की किताबें नहीं आ सकी हैं। बच्चे दुकानों से किताबें न मिलने पर निराश लौट रहे हैं।

डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट और पोर्टल पर सभी विषयों का पाठ्यक्रम अपलोड कर दिया गया है। इससे छात्रों के साथ शिक्षकों को भी अध्ययन के लिए आसानी होगी। पोर्टल का लिंक सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को भेज दिया गया है।

## चार करोड़ से ट्रैक पर बिछेगी सिंथेटिक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सिंथेटिक ट्रैक की कंप्यूटर लेवलिंग का काम समाप्त**
- **पहली किस्त में मिले 3.75 करोड़ में से 50 लाख रुपये खर्च**

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक का काम तेज हो गया है। ट्रैक में सिंथेटिक लगाने में ही करीब चार करोड़ रुपये खर्च होंगे। खेल निदेशालय से इसकी स्वीकृति मिल गई है। पूरा ट्रैक 10 करोड़ रुपये में बनकर तैयार होगा। अब तक कंप्यूटर लेवलिंग का काम पूरा हो चुका है।

सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण के लिए यूपी राज्य निर्माण निगम को 3.75 करोड़ रुपये की पहली किश्त मिल चुकी है। ट्रैक का निर्माण करीब एक महीने से चल रहा है। अब तक 50 लाख रुपये खर्च भी किए जा चुके हैं। अभी लोहे की जाली, गेट, पेस्टिंग मटेरियल समेत अन्य काम होने बाकी हैं। ट्रैक का निर्माण कार्य पूरा होने की समय एक साल निर्धारित किया है। दूसरी किश्त के बाद काम छह महीने में खत्म हो जाएगा।



स्पोटर्स स्टेडियम में निर्माणधीन सिंथेटिक ट्रैक। ● अमृत विचार

सिंथेटिक ट्रैक में कंक्रीट बिछाने, मिट्टी हटाने के बाद सिंथेटिक लगाने का काम किया जाएगा। पानी की निकासी के लिए ट्रैक के पास से ही नाली बनाई गई है। ट्रैक में सिंथेटिक की तीन लेयर बिछाई जाएंगी, जिससे खिलाड़ियों को दौड़ने के समय उछाल मिलेगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि सिंथेटिक ट्रैक निर्माणाधीन है। इसके बनने से जिले और मंडल के एथलीटों को फायदा मिलेगा।

## आईएमए की यूपीमेंट स्प्रिंट में बरेली का दबदबा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **दो दिवसीय टूर्नामेंट का रविवार को हुआ समापन, चार क्लिनिक का भी उद्घाटन**

**अमृत विचार :** आईएमए यूपी मेंट स्प्रिंट में बरेली ब्रांच का दबदबा रहा। दो दिवसीय टूर्नामेंट में बरेली आईएमए के सदस्यों ने कई पुरस्कार जीते। तैराकी में डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रविवार को शहर में चार पीएससी क्लिनिक का उद्घाटन भी किया गया।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल ने बताया कि इन क्लिनिक में दौर विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात होंगे जो गम्भीर मरीजों को सर्जरी से पहले दी जाने वाली एनेस्थीसिया समेत अन्य जांचे करेंगे। इस मौके पर आईएमए बरेली के सचिव डॉ. गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ. निकुंज गोयल, प्रोग्राम चेयरमैन डॉ. रवीश अग्रवाल, स्पोर्ट्स चेयरमैन डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी, आईएमए के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रवि मेहरा, डॉ. अनूप आर्य, डॉ. रितु, डॉ. राजकुमारी, डॉ. वीवी सिंह, डॉ. आशु हिरानी मौजूद रहीं।



आईएमए में यूपीमेंट स्प्रिंट में कैरम खेलते डॉक्टर। ● अमृत विचार

टेबल टेनिस डबल्स में डॉ. राजीव गोयल व डॉ. वंदना गुप्ता विजेता और डॉ. अतुल श्रीवास्तव व डॉ. अनीता नाथ उप विजेता रहे। टेबल टेनिस महिला सिंगल्स में डॉ. अनीता नाथ विजेता और डॉ. वंदना गुप्ता उपविजेता रहीं। बैडमिंटन पुरुष सिंगल्स में डॉ. वीरेंद्र प्रताप विजेता और डॉ. रवि वार्ष्णेय उप विजेता, पुरुष डबल्स में डॉ. सौरभ गोयल व डॉ. अनुराग प्रकाश विजेता और डॉ. रवि वार्ष्णेय व वीरेन्द्र प्रताप उप विजेता रहे। महिला बैडमिंटन सिंगल्स में डॉ. प्राची विजेता और डालिमा विजेता रहीं। महिला डबल्स में डॉ. प्राची व डॉ. दीपाली विजेता और डॉ. सुजाता व डालिमा उप विजेता रहीं।

#### डॉ.अर्जुन अग्रवाल रहे बेस्ट तैराक

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने तैराकी में बेहतरीन प्रदर्शन किया। वह तैराकी की फ्री स्टाइल में पहले स्थान पर रहे। वहीं दूसरे स्थान पर डॉ. अमित शर्मा रहे। इसके साथ ही डॉ. अर्जुन अग्रवाल बैक स्ट्रोक में विजेता और बटरफ्लाई रेस में उप विजेता रहे।

### केले शाह बाबा के कुल में मतदान की अपील

**बरेली, अमृत विचार :** दरगाह शाहदाना वली पर रविवार को छोटे उर्स की शुरुआत कुरान पाक की तिलावत से की गई। उसके बाद दरगाह पर चादरपोशी का सिलसिला चलता रहा। शाम को असर की नमाज के बाद केले शाह बाबा के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। जिसमें लोगों से मतदान करने की अपील की गई।

दरगाह पर दोपहर में मिलाद की महफिल सजाई गई। असर की नमाज के बाद फनकार निजाम साबरी कलियरी ने रंग शरीफ का नजराना पेश किया। उसके बाद केले शाह बाबा के कुल शरीफ की फातिहा की रस्म अदा की गई। जिसमें सूफी रिजवान रजा खां कादरी ने देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ की। इसी क्रम में दरगाह शाहदाना वली के मुतावल्ली अब्दुल वाजिद खां नूरी बब्बू मियां ने सभी लोगों से कहा कि मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि एक वोट से ही एक अच्छी सरकार बनती है। मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया 29 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे सय्यद बाबा के कुल शरीफ की फातिहा होगी। उसके बाद पांच रोज उर्स का समापन होगा। इस मौके पर गुल्लन खां, अब्दुल सलाम नूरी, अकरम वारसी, आफताब अली, जावेद खां, महबूब साबरी, वसी अहमद, भूरा साबरी, जर्दब कुरैशी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



कुल में शामिल अकीदतमंद।

## वालीबॉल चैंपियनशिपः बीबीएल, राधा माधव, जिंगल बेल्स की टीमें फाइनल में



सेक्रेड हॉर्ट्स स्कूल में चल रही वालीबॉल चैंपियनशिप में सर्विस करता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **अलग-अलग वर्ग में विरोधी टीमों को हराया, रविवार को हुए 25 मैच**

**अमृत विचार :** सेक्रेड हार्ट्स स्कूल में वीरेंद्र सिंह मेमोरियल वालीबॉल चैंपियनशिप में रविवार को 25 मैच खेले गए। सीनियर बालिका वर्ग में बीबीएल स्कूल अलखनाथ ने पीलीभीत के बीबीएल स्कूल की टीम हराकर को फाइनल में जगह बनाई। वहीं अन्डर 19 के सीनियर बालिका वर्ग में राधा माधव स्कूल की टीम ने सोबती पब्लिक स्कूल को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

अन्डर 14 बालक वर्ग में पुलिस माडर्न स्कूल ने जिंगल बेल्स स्कूल को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। बालिका वर्ग में आर्मी पब्लिक स्कूल की टीम सेक्रेड हार्ट्स किड्कैशन को हराकर फाइनल में जगह बनाई। सीनियर बालक वर्ग में अन्डर-19 में महामाया पब्लिक स्कूल ने सिटी हार्ट स्कूल पर 2-0 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। स्कूल के कार्यकारी निदेशक निर्भय बेनीवाल, योगेश राठी, मो. उजैर, गौरव, मंयक, अंकित सिंह आदि उपस्थित रहे।

### जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बो स्कूल रहा चैंपियन

**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम के बहुउद्देशीय भवन में रविवार को बरेली स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रथम स्थान बो स्कूल, दूसरा कमल अकादमी और तीसरा स्पार्क अकादमी को मिला।

प्रतियोगिता में जगजीत सिंह, ऋषित सिंह, श्रेष्ठा शर्मा, दीपेश सिंह राणा, मोहम्मद आरिफ आलम, उज्जवल शर्मा, आराध्या चतुर्वेदी, उदित सक्सेना ने विभिन्न वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। वहीं बालिका वर्ग में शौर्या चौबे, सुहानी, सांवी शर्मा, श्रेयांशी सक्सेना परी, हिमाक्षी, आराध्या कोहली, अलीम नूर, परिक्षा मिश्रा ने स्वर्ण पदक जीते। प्रतियोगिता की शुरुआत दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य वीके मिश्रा ने की। प्रतियोगिता में लगभग 400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने खिलाड़ियों को पदक दिए। बरेली स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल मिश्रा, सचिव अकमल खान, कोषाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, कोच सूरज, विपिन थापा, चमन, साक्षी बोरा, अवनीत, कमल मौजूद रहे।

## खुशी दौलत में नहीं, परिवार के साथ रहने में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एसआरएमएस रिद्धिमा में हास्य नाटक मालामाल का किया गया मंचन**

**अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को नई दिल्ली के फाइव एलिमेंट्स थिएटर की ओर से हास्य नाटक मालामाल का मंचन किया गया। नाटक का मुख्य पात्र कवि और लेखक रवि सक्सेना है, जो अपने बॉस एलजी रुस्तम से डांट खाने के बाद और परिवार से परेशान होकर होटल रेसकोर्स चला जाता है। यहां उसकी मुलाकात मोंटी, बल्लू और सन्नी से होती। तीनों घोड़ों पर दांव लगाते हैं लेकिन जीत कभी नहीं पाते।

उधर रवि की पत्नी रंजना और साला चमन चड्ढा उसके घर न लौटने से चिंतित हैं। बॉस रुस्तम भी रवि से कविताएं न सुन पाने से परेशान हैं, जबकि दूसरी तरफ रवि के बताए घोड़ों पर दांव लगाने से मोंटी, बल्लू और सन्नी मालामाल होते जाते हैं। मोंटी रवि को जीते हुए रुपयों में हिस्सेदारी देता और आने वाली रेस पर दांव लगाने के लिए मजबूर करता है। रवि दांव लगाने के लिए मान जाता है और उसका बताया घोड़ा जैकपॉट भी जीतता है लेकिन जीतने के बाद खुश होने की बजाए रवि उदास हो जाता। रवि को एहसास होता कि उसकी खुशी दौलत में नहीं, बल्कि परिवार के साथ रहने में है। नाटक में रवि को होटल में रोके रखने की जद्दोजहद, रंजना और चमन की नोकझोक और रुस्तम के परेशान होने जैसे हास्य व्यंग से भरपूर अनेक घटना क्रम दर्शकों को गुदगुदाने के साथ ठहाके लगाने पर मजबूर करते हैं। जॉर्ज एबॉट लिखित थ्री मेन ऑन ए हॉर्स पर आधारित इस नाटक का निर्देशन राखी चौहान मेहता और मानव मेहरा ने किया। नाटक में रियांशी व्यास (रंजना), मानव मेहरा (रवि), विशाल दीप वर्मा (मोंटी), मयंक गुलाटी (सनी), साकेत उपाध्याय (बल्लू), नीरज सिंह (जॉनी), विवेक कुमार (रुस्तम), हरीश सैनी (चड्ढा) ने भूमिकाएं निभाईं। संगीत मानसी मेहता ने और प्रकाश संयोजन यश चौबे का रहा। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार मौजूद रहे।



रिद्धिमा में मालामाल नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### शिक्षकों ने दूसरे चरण में ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग की

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में पीलीभीत ड्यूटी करने वाले शिक्षकों ने दूसरे चरण में ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग की है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने रविवार को जिलाधिकारी को पत्र भेजकर पति-पत्नी में से एक की ड्यूटी काटने की भी मांग की।

संगठन के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि चुनाव के दौरान परसाखेड़ा में वाहन सड़क के दोनों ओर अव्यवस्थित तरीके से लगा दिए जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। उन्होंने वाहनों को झुमका चौराहे के पास खाली पड़े स्थानों में खड़े करने का सुझाव दिया। उन्होंने टीमों को सिर्फ 10-10 पोलिंग पार्टियों का सामान जमा करने की जिम्मेदारी देने की मांग की है। उधर यूटा के जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की प्रियंका शुक्ला ने भी शिक्षकों की मांगों का समर्थन किया है।

# समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

- Growth Hormone
- Testosterone Hormone
- L.H Hormone
- F.S.H.Hormone
- Vitamin D
- Prolactin Hormone
- Suger/ • B.P
- ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE

सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर बैठे इलाज करवायें

**नरेन्द्र कुमार-**
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

**पवन कुमार-**
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :



# बवासीर भगन्दर

ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार

सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।

नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।

नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174


# पॉक्सो एक्ट के आरोपी ने सेंट्रल जेल में फंदे पर लटककर जान दी

## किशोरी से किया था प्रेम विवाह, दो महीने से जेल में था बंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** केंद्रीय कारागार-दो में बंदी ने कैंटीन में गमछे से फंदा लगा लिया। जेल कर्मचारियों ने उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बंदी रक्षक के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की है। आरोपी जेल में पॉक्सो एक्ट के मामले में बंद था। पिता ने जेल अधिकारियों और कर्मचारियों पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया है।

किला थाना क्षेत्र के चंदननगर निवासी दुर्गा प्रसाद सक्सेना ने बताया कि उनके बेटे अमर सक्सेना (21) ने वर्ष 2019 में सुभाषनगर थाना क्षेत्र की एक किशोरी से प्रेम विवाह किया था। नाबालिग होने पर पुलिस ने किशोरी को उसके परिजनों को सौंप दिया। किशोरी के परिजनों की शिकायत पर अमर के खिलाफ छेड़छाड़, धमकी देने और पाक्सो एक्ट की धाराओं में सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। कोर्ट में पेश न होने पर उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो गए थे। 5 मार्च को सुभाषनगर पुलिस ने अमर सक्सेना को गिरफ्तार करके केंद्रीय कारागार-2 में भेज दिया था, तब से वह जेल में बंद था। शनिवार शाम को अमर कैंटीन के खाली पड़े हिस्से की ओर गया और वहीं पर गमछे से फंदा लगाकर जान दे दी।



अमर का फाइल फोटो।

- **वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बंदी रक्षक पर कार्रवाई की संस्तुति की**

"शनिवार को बंदी रक्षक ने कैंटीन की ओर खाली पड़े स्थान पर गमछे से आत्महत्या कर ली थी। इस प्रकरण में बंदी रक्षक की लापरवाही सामने आई है। बंदी रक्षक के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की गई है। **-अविनाश गौतम,** वरिष्ठ जेल अधीक्षक, केंद्रीय कारागार

### खुला छोड़ दिया था ताला

केंद्रीय कारागार में बंदी ने जिस जगह फंदा लगाया वहां ताला लगा दिया जाता था। वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन मिश्र ने बताया कि बंदी रक्षक अनिल त्रिवेदी ने लापरवाही के चलते ताला नहीं लगाया था, जिस वजह से यह घटना हुई। लापरवाही बरतने पर बंदी रक्षक अनिल त्रिवेदी के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

### बेटे की मौत को छिपाते रहे जेल अफसर

पोस्टमार्टम हाउस पर अमर सक्सेना के पिता दुर्गाप्रसाद ने बताया कि उनके बेटे की मौत की सूचना जेल अधिकारियों ने नहीं दी। किला पुलिस कर्मियों ने बताया कि उसकी हालत खराब है। मौके पर पहुंचे तो जेल कर्मचारियों ने बताया कि अमर का पेट खराब था, जिस वजह से भर्ती कराया गया। जब वह अमर के पास पहुंचे तब पता चला कि उसकी मौत हो गई है।

# छात्रा को दूसरे समुदाय का युवक बहलाकर ले गया

**दुनका/ मीरगंज, अमृत विचार :** दूसरे समुदाय का युवक कक्षा सात की छात्रा को बहलाकर ले गया। छात्रा के पिता ने पुलिस से शिकायत लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इस पर पीड़ित पक्ष ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी और छात्रा की सहेली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र की एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी बेटी एक इंटर कॉलेज में कक्षा सात में पढ़ती है। आरोप है कि मोहनपुर में रहने वाली उसकी सहेली ने 21 अप्रैल को उनकी बेटी से फोन पर बात की। अगले दिन उनकी बेटी सुबह घर से चली गई, लेकिन शाम तक नहीं लौटी।

इस संबंध में उसकी सहेली से बात की तो उसने बेटी के बारे में जानकारी होने मना कर दिया। बाद में पता चला कि मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा निवासी मुर्तजा उसे बहलाकर ले गया है। इसमें बेटी की सहेली ने आरोपी की मदद की थी। उसी ने आरोपी से उनकी बेटी को मिलवाया था। छात्रा के पिता ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर शाही पुलिस ने रविवार को मुर्तजा और छात्रा की सहेली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

# देवर पर हलाला करने का आरोप

**नवाबगंज, अमृत विचार :** एक महिला ने देवर पर जबरन हलाला करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस से शिकायत की है। थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ समय पहले पति ने मारपीट कर उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया।

मामला जब थाने पहुंचा तो ससुराल वाले समझौता कर घर ले गए। तीन दिन पहले पति, सास और ननद ने एक राय होकर उसे देवर के कमरे में भेज दिया। आरोप है कि देवर ने उसके साथ जबरन हलाला किया। जब इसकी शिकायत पति, सास से की तो उसके साथ मारपीट की गई।

# बड़ा बाईपास पर पशु को बचाने की कोशिश में पलटी कार, जेई की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **दो बेटे और पत्नी घायल, भतीजे के लिए लड़की देखने के लिए जा रहे थे लखनऊ**
- **जोया मुरादाबाद में सहायक अभियंता के पद पर तैनात थे अखिलेश वर्मा**

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में बड़ा बाईपास पर लालपुर के पास पशु बचाने के चक्कर में पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता की कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। हादसे में सहायक अभियंता की मौत हो गई और उनकी पत्नी और दो बेटे घायल हो गए। वह परिवार के साथ लखनऊ में भतीजे के लिए लड़की देखने जा रहे थे।

मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार एक्सटेंशन निवासी अखिलेश कुमार वर्मा (50) पीडब्ल्यूडी में सहायक अभियंता के पद पर जोया में तैनात थे। वह गजलकार भी हैं। परिजनों ने बताया कि वह परिवार सहित भतीजे के लिए लड़की देखने के लिए लखनऊ के गोमतीनगर जा रहे थे। वह रविवार सुबह चार बजे मुरादाबाद से निकले थे। जैसे ही कार बड़ा बाईपास पर लालपुर के आगे पहुंची कि तभी सामने अचानक सुअर आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। हादसे में कार में सवार अखिलेश कुमार वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी पत्नी रत्ना वर्मा, बेटे लक्ष्य वर्मा और मुदित वर्मा को मामूली चोटें आई। अखिलेश के पीछे दूसरी कार से आ रहे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मदद से परिजन अखिलेश को निजी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को मुरादाबाद ले गए हैं।



मृतक अखिलेश वर्मा

# मंदिर के दानपात्र का ताला तोड़कर चोरी

**आंवला, अमृत विचार :** चोर ने मंदिर के दानपात्र का ताला तोड़कर रुपये, नोटों का हार चोरी कर लिया। ग्रामीणों ने शक के आधार पर मंदिर के समीप से एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। ग्रामीणों ने दावा किया कि आरोपी के पास से चोरी का सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा है। महमूदपुर गांव के ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार रात चोर ने गांव के देवी मंदिर के दानपात्र का ताला तोड़कर रुपये चुरा लिए। रविवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के जोगेश को मंदिर के समीप दबोच लिया। उसके पास से बैग में दो हथौडी, प्लॉस, फटे हुए नोट, रेजगारी बरामद हुई है। पुलिस ने गांव के विपिन कुमार, राजकुमार, मटरूलाल, जितेन्द्र कुमार, भुवनेश की शिकायत पर आरोपी जोगेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेजा है।

## बच्चों के बीच विवाद, बड़ों में मारपीट

**आंवला, अमृत विचार :** बच्चों के बीच हुआ विवाद बड़ों तक पहुंच गया। उनके बीच जमकर लाठी डंडे चले, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। उदयभानपुर निवासी वीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि शनिवार को उसके व पड़ोस के बच्चों में विवाद हो रहा था। वह बीच बचाव करने पहुंचे। इसी बीच गांव के ही वकील शाह, शकील व बेचन ने उन्हें लाठी डंडों से पीटा।


प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


# सिविल लाइंस और किला में फाल्ट से गुल रही बिजली



संजय नगर में ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **छंटाई के दौरान पेड़ की टहनियां गिरने से 11 हजार की लाइन टूटी**

**अमृत विचार:** गर्मी में लोड बढ़ने के कारण फाल्ट की संख्या बढ़ गई है। इसकी वजह से रोजाना बिजली कटौती की जा रही है। सिविल लाइंस में रविवार को फाल्ट की वजह से करीब तीन घंटे बिजली गुल रही। वहीं किला क्षेत्र में पेड़ की टहनियां गिरने से 11 हजार की लाइन टूटने से बिजली गुल हो गई। इसके अलावा शहर के अन्य इलाकों में भी बिजली कटौती से लोग परेशान हुए।

गर्मी में बेहतर बिजली मिले इसके लिए फरवरी में अनुरक्षण माह मनाकर मरम्मत कार्य कराए गए। अप्रैल में भी मरम्मत कार्य हुए लेकिन अब जब भीषण गर्मी पड़ रही तो बिजली कटौती नहीं रुक रही है। लोकल फाल्ट और ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली का संकट हो रहा है। रविवार को किला उपकेंद्र से जुड़े बाकरगंज में मुस्तफा मस्जिद के पास 11 हजार की लाइन पर पेड़ों की छंटाई के समय रविवार की दोपहर टहनिया गिर गईं। जिससे तारों में आग लग गई और तार टूटकर नीचे गिर गए। इससे करीब तीन घंटे तक बिजली गुल रही। वहीं सिविल लाइंस के आवास विकास, स्टेशन रोड पर भी लोकल फाल्ट से बिजली कटौती की गई। महानगर और हरुनगला के साथ जगतपुर क्षेत्र में भी दिनभर ट्रिपिंग होने से लोग परेशान हुए।

नदोसी उपकेंद्र से जुड़े बंडिया, खना गौटिया, टियूलिया और धंतिया के साथ तिलियापुर गांव में रविवार की सुबह 6 से 10 बजे तक बिजली कटौती की गई। सीबीगंज के साजिद हुसैन ने बताया कि गर्मी में बिजली कटौती से पानी की भी दिक्कत हो रही है। किला के शोएब खान ने बताया कि लो वोल्टेज और ट्रिपिंग से परेशानी होती है। अधिकारियों को बेहतर बिजली आपूर्ति देने के प्रयास करने चाहिए। सुभाषनगर के दीपक कश्यप ने बताया कि गणेशनगर में बिजली कटौती होने से सुबह के समय पानी के लिए भी दिक्कत हो जाती है। बिजली जाने के बाद उपकेंद्र पर कॉल करने के बाद भी उसका समाधान नहीं हो पाता है।

"सभी एसडीओ और जेई को बेहतर बिजली आपूर्ति देने के निर्देश दिए हैं। फाल्ट होने की सूचना मिलने पर उसे तत्काल ठीक कराया जाता है। फाल्ट न हो इसके लिए पहले से ही मरम्मत कार्य पूरे कर लिए गए हैं। **-अंबा प्रसाद वशिष्ठ,** अधीक्षण अभियंता

### आज यहां गुल रहेगी बिजली

एसडीओ किला भगवान दास ने बताया कि 33/11 केवी किला उपकेंद्र की 33 केवी लाइन पर रविवार को अनुरक्षण काम कराया जाएगा। इसकी वजह से 33 केवी लाइन दोपहर 12 से 2 बजे तक बाधित रहेगी। जिससे उपकेंद्र के सभी फीडर बंद रहेंगे।



डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ●बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ●खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षो का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 21 अप्रैल 2024, रविवार
05 मई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक में मारी टक्कर, चाचा-भतीजे की मौत

## ममेरी बहन की शादी में शामिल होने जा रहे थे, रसूलपुर के पास हादसा

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** शादी में शामिल होने जा रहे एक ही परिवार के चार लोग हादसे का शिकार हो गए। रास्ते में ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में चाचा-भतीजे की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल भेजा है।

गांव डरुआपुर निवासी हुकुम सिंह सिरौली के गांव बरसेर में ममेरी बहन की शादी में शामिल होने बाइक से चाची मोरकली, चचेरे भाई आशीष पुत्र राम बहादुर (16), भतीजे लक्ष्य पुत्र प्रदीप (5) के साथ जा रहे थे। देर शाम 8 बजे आंवला- रामनगर रोड के रसूलपुर गांव की मोड़ पर लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में लक्ष्य की मौके पर मौत हो गई, जबकि हुकुम सिंह और आशीष गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को रामनगर सीएचसी भेजा। वहां से गंभीर हालत में आशीष को जिला अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल लाते समय रास्ते में आशीष की मौत हो गई। भाई आकाश ने बताया कि आशीष कक्षा 9 का छात्र था। वह चार भाइयों में सबसे छोटा था। आकाश का कहना है कि अगर एंबुलेंस चालक रामनगर पीएचसी की बजाय उनके भाई को सीधे जिला अस्पताल ले जाते तो शायद उसकी जान बच जाती। क्योंकि पहले एंबुलेंस चालक उनके भाई को पीएचसी पर ले गया। वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया।


हादसे के बाद घटनास्थल पर जमा लोग। • अमृत विचार

• बाइक पर चार लोग सवार थे रसूलपुर गांव के पास हादसा

### हादसे में युवती घायल वाहन चालक पर रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** गांव लखा निवासी भगवत शरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी उपासना कैंट क्षेत्र के बडवुट लाइन में रहती है। 10 अप्रैल को वह छोटे भाई को सदर बाजार स्थित एक स्कूल में छोड़कर स्कूटी से घर लौट रही थी। इसी बीच शहीद चौक के पास सैन्य अस्पताल निवासी सैनी मैथ्यू ने अपनी गाड़ी से उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गई। राहगीरों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बस की टक्कर से बाइक सवार तीन दोस्त घायल

**कैंट, अमृत विचार :** मनौना स्थित खाटू श्याम मंदिर के दर्शन कर लौट रहे बाइक सवार तीन दोस्त हादसे का शिकार हो गए। बस की टक्कर से तीनों घायल हो गए। घायलों को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो लोगों की हालत चिंताजनक है। वहीं, हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया।

भोजीपुरा के गांव घंघोरा पिपरिया निवासी तीन दोस्त सुमित कश्यप, नितिन यादव और हिमांशु यादव रविवार को बाइक से खाटू श्याम मंदिर के दर्शन कर घर लौट रहे थे। अपराह्न 3:30 बजे बुखारा मोड़ चौराहे पर बदायूं की ओर से आ रही निजी बस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गए। डायल 112 ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में सुमित कश्यप और नितिन यादव की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर बभिया चौकी में खड़ा करा दिया है। बुखारा चौराहे पर लगातार हादसे हो रहे हैं। बीते दिनों तेज रफ्तार कार ने आईटीबीपी जवान को टक्कर मार दी थी। रविवार को ही बुखारा चौराहे पर बीसलपुर निवासी बाइक सवार विशाल मिश्रा को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गए। वह बदायूं से आ रहे थे।

• मनौना धाम से लौट रहे थे, बुखारा रोड पर हुआ हादसा


घटनास्थल पर खड़ी बस।

### चौराहे पर नहीं पथ प्रदर्शक चिह्न और रिफ्लेक्टर

सड़क चौड़ीकरण के बाद लोक निर्माण विभाग ने बुखारा चौराहे पर डिवाइडर बनाकर छोड़ दिया, लेकिन पथ प्रदर्शक चिह्न, रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर व सड़क पर सफेद पट्टियां नहीं बनाई हैं। यहां जेब्रा लाइन भी नहीं है। इस वजह से लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। इस कारण भी दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

**शीशगढ़, अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव मानपुर निवासी सुरेंद्र पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 अप्रैल को पिता छेदालाल घर से खेत पर जा रहे थे। रास्ते में बैंक के पास बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल ले गए। हालात में सुधार न होने पर उन्हें बहेड़ी सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया। यहां 23 अप्रैल को उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### हादसे में बग्घी चालक घायल, घोड़े की मौत

**मीरगंज, अमृत विचार :** शाही शेरगढ़ मार्ग पर शनिवार रात अज्ञात वाहन ने बग्घी में टक्कर मार दी। हादसे में बग्घी चालक राजीव और विक्की घायल हो गए, जबकि एक घोड़े की मौत हो गई। मोहल्ला सुभाष नगर निवासी राजीव दो घोड़े वाली बग्घी से फिरोजपुर में बरात चढ़ाने के बाद शाही जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से बग्घी क्षतिग्रस्त हो गई। एक घोड़े की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। राजीव के पिता बाबूराम की तहरीर पर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दबंगों से परेशान परिवार ने दी पलायन की धमकी

**गजरौला, अमृत विचार :** दबंगों के मारपीट और पुलिस के सुनवाई न करने से परेशान एक परिवार ने गांव से पलायन करने का मन बना लिया है। पीड़ित परिवार ने अपने घर के बाहर पलायन करने का बोर्ड लगा लिया है। साथ ही एसपी को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के गांव नवदिया कुर्रैया निवासी रामगोपाल ने बताया कि 24 अप्रैल को सुबह नौ बजे वह भूसा ट्राली में लेकर आ रहा था। तभी धोखे से ट्रॉली गांव के ही हरिश्चंद्र के मकान के बाहर बने चबूतरा से टकरा गई। इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ। इस पर आरोपी हरिश्चंद्र अपने परिवार के दीनदयाल, कृष्ण कुमार, राम लाठी डंडे और धारदार हथियार लेकर हमलावर हो गए और उससे मारपीट शुरु कर दी। बीच बचाव करने आई पीड़ित की मां मीरा देवी को भी पीटकर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसकी मां की नाक का सोने का फूल नोच लिया। उसने घटना की शिकायत गजरौला पुलिस से की, लेकिन आरोपियों पर कार्रवाई करने के बजाए पीड़ित को ही थाने में बैठा लिया। अब आरोपी पुलिस के साथ मिलकर उसे धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने डरा धमका कर उसे जबरदस्ती थाने में समझौता लिखवा लिया है।

### युवती से छेड़खानी, विरोध पर भाई को चाकू मारा

**पूरनपुर, अमृत विचार :** घर के दरवाजे पर खड़ी एक युवती को देख दो युवक अश्लील इशारे करने लगे। इसका विरोध करने पर दोनों ने घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ की और उसके कपड़े फाड़ दिए। भाई ने विरोध किया तो आरोपियों ने चाकू मारकर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में दोनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर में रहने वाली युवती 25 मार्च को अपनी बहनों के साथ घर के दरवाजे पर खड़ी हुई थी। शाम लगभग सात बजे मोहल्ला कायस्थान निवासी रोहित उर्फ कल्लू और करन युवती को देखकर अश्लील इशारे करने लगे। उसने विरोध किया तो दोनों उसके घर में घुस गए और छेड़छाड़ करने लगे। आरोप है युवकों ने युवती के कपड़े फाड़ दिए। चीख पुकार सुनकर युवती का भाई मौके पर पहुंच गया और उसे बचाने का प्रयास किया। इस पर आरोपियों ने युवती के भाई के साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। शोर शराबा करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# कार और ट्रैक्टर में भिड़ंत युवक की मौत, सात घायल

संवाददाता बीसलपुर/ पीलीभीत

• बरात लेकर बरेली के अंधरपुरा गांव जा रहा था दूल्हा
• मैनी गांव के पास ट्रैक्टर से टकराने के बाद कार खाई में पलटी

**अमृत विचार :** बरात लेकर बरेली के अंधरपुरा गांव जा रहे दूल्हा की कार रास्ते में ट्रैक्टर से टकराने के बाद खाई में पलट गई। इसमें ट्रैक्टर में सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूल्हा समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में दूल्हा के घायल होने से शादी नहीं हो सकी।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी जगदीश ने बताया कि उनके पुत्र सुशील कुमार की रविवार को दिन में शादी थी। दोपहर करीब 12 बजे बरात बरेली के गांव अंधरपुरा के लिए रवाना हुई। दूल्हा सुशील कुमार कार में सवार था। उसके साथ कार में चालक अनवार खां, अनीश और सुरेश बैठे थे। बीसलपुर- दियोरिया कला मार्ग स्थित मैनी गांव के पास पहुंचने पर उनकी कार सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। ट्रैक्टर की टक्कर लगने से कार पलटने के बाद सड़क से नीचे खाई में जा गिरी। इस हादसे में गंभीर चोटें आने से ट्रैक्टर पर सवार गजरौला थाना क्षेत्र के गांव बुढ़िया जमा इटौरिया शिवनगर निवासी 18 वर्षीय विशाल पुत्र रामचंद्र की मौके पर मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर चालक गुड्डू, अनमोल और अवधेश घायल हो गए। चारों लोग ईंट भट्टा पर काम करते हैं, जो ईंट लेकर मैनी गांव गए थे। जहां ईंटें उतारने के बाद वापस लौट रहे थे। उधर, कार पलटने से उसमें सवार दूल्हा सुशील कुमार, चालक अनवार खां, अनीश और सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

### भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मत देने पर धमकाया आरोपियों से पूछताछ

**बहेड़ी, अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने पर दंपती को रिश्ते के भाइयों ने गांव छोड़ने के लिए धमकाया। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की तो पुलिस ने आरोपियों को थाने में बुलाकर पूछताछ की। गांव तिलमाची निवासी जिया उल हसन ने बताया कि पहले चरण के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने पर गांव के ही रिश्ते के भाइयों ने उन्हें और उसकी पत्नी को गांव छोड़ने के लिए धमकाया था। आरोप है कि आरोपियों ने 22 अप्रैल को उनके घर में मिट्टी के बर्तन में मल भरकर फेंक दिया। पुलिस से शिकायत की पर कार्रवाई नहीं हुई। दो दिन बाद फिर मल उनके घर में फेंका गया। रविवार को मामले में पुलिस ने आरोपियों से थाने में पूछताछ की। वहीं, भाजपा नेता राहुल गुप्ता पीड़ित परिवार से मिले और कोतवाल से बात की। उधर, आरोपी पक्ष ने आरोपों को निराधार बताया है।

# चालकों को टोल बचाने की राह दिखाने वाले को दबोचा

• संपर्क मार्गों का रास्ता बताने के एवज में करता था वसूली

**फरीदपुर अमृत विचार:** टोल प्लाजा के मैनेजर ने भारी वाहन चालकों को टोल बचाने के लिए संपर्क मार्गों का रास्ता बताकर वसूली करने वाले दुकानदार को पुलिस के हवाले कर दिया। रविवार को टोल प्लाजा के पास गांव से कंपाइन को निकलाने का प्रयास किया जा रहा था। टोल कर्मियों ने कंपाइन को रोक दिया।

पूछताछ करने पर पता चला कि टोल के पास दुकान चलाने वाला ग्राम जटौआ निवासी मेघनाथ वाहन चालकों को गांवों संपर्क मार्गों से निकलने का रास्ता बताकर उनसे 250 से 300 रुपये वसूलता है। इस पर टोल के मैनेजर संजीव गुप्ता ने डायल 112 को बुलाया। मेघनाथ को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। दरअसल, चालकों से वाहन क्षमता के अनुसार टोल लिया जाता है। यह हजार रुपये से भी अधिक हो सकता है। इससे बचने के लिए वाहन चालक गांव के रास्तों पर निकलने का प्रयास करते हैं।

हालांकि टोल के पास गांवों में जब वाहनों की आवाजाही ज्यादा शुरू हो गई तो वहां के मार्ग टूटने व दुर्घटना की आशंका के चलते गांव वालों ने इसका विरोध भी किया। टोल बचाने को वाहन चालक गाड़ी विपरीत दिशा नौगंवा मार्ग को तेजी से घुमा देते हैं। इस वजह से हादसे का डर बना रहता है।

### सीआरपीएफ और पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** लोकसभा चुनाव के चलते सीआरपीएफ और सिविल पुलिस ने रविवार को कस्बे में मोहल्ला चौड़ा खड़ंजा, कुम्हार चौक, अंसारी, सराय, भोले नगर, साहूकारा आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च किया। इस दौरान संवेदनशील पोलिंग बूथ का भी भ्रमण किया गया। साथ ही हिस्ट्रीशीटरों के घरों पर जाकर निगरानी की कार्रवाई की गई।

### गर्मी में बांटा जा रहा बाजरा लोगों में नाराजगी

**नवाबगंज, अमृत विचार :** गर्मी के मौसम में राशन की दुकान पर बाजरा बांटा जा रहा है। इससे लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि गेहूं में कटौती कर बाजरा दिया जा रहा है। वो भी गर्मी के मौसम में। बहुत से लोग राशन दुकान से बाजरा लेने के बाद बेच रहे हैं। दो महीने पहले बाजार में बाजरा 20 रुपये प्रति किलो बिक रहा था। अब प्रति किलो 16 रुपये में बिक रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### डबल डेकर बस और ट्रक की भिड़ंत दो की मौत, 27 यात्री घायल हो गये

**बदायूं, अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर गांव बसोमा मोड़ पर शनिवार रात एक बजे बड़ा हादसा हो गया। डबल डेकर बस और ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत में बस सवार दो यात्रियों की मौत हो गई। मरने वाले दोनों यात्री बरेली के हैं। इसमें एक प्रेम नगर थाना क्षेत्र के रामलीला गौटिया निवासी राहिद खां (25) पुत्र अख्तर खां और शेरगढ़ थाना क्षेत्र के नियाजी नगर गौटिया निवासी मोहम्मद आसिफ (40) पुत्र छुटकन खां शामिल हैं। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिवार वालों को सौंप दिया है। दुर्घटना में बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर के 27 यात्री भी घायल हुए। जिनमें कुछ का राजकीय मेडिकल कालेज तो कई का निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मामूली चोट होने पर कई यात्री रविवार को अपने परिजनों के साथ वापस चले गए। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात करीब 11 बजे बरेली की डबल डेकर बस जयपुर जाने के लिए निकली थी। बस में 45 यात्री बैठे हुए थे। पुलिस के मुताबिक देर रात बस उझानी कोतवाली इलाके में बसोमा मोड़ के नजदीक पहुंची थी कि तभी अचानक गलत दिशा से आ रहा ट्रक बस से टकरा गया। हादसा इतना भयंकर था कि दोनों वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। रात में घटनास्थान पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को किसी तरह बाहर निकाला और अस्पताल भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### पुण्यतिथि पर पूर्व विधायक केसर सिंह को दी श्रद्धांजलि



**नवाबगंज, अमृत विचार :** पूर्व विधायक स्वर्गीय केसर सिंह गंगवार की तीसरी पुण्यतिथि पर रविवार को केसर भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों और पार्टी नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद संतोष गंगवार और विधायक डॉ. एमपी आर्य ने पूर्व विधायक के कार्यकाल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा जनहित में कराए गए कार्यों के कारण उनकी स्मृति हमेशा बनी रहेगी। कार्यक्रम के आयोजक विशाल गंगवार, भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पूर्व पालिकाध्यक्ष रविन्द्र सिंह राठौर, नीरेन्द्र सिंह राठौर, डा. एके गंगवार, रवि गंगवार, नीरू सिंह सागर, भुजेन्द्र गंगवार, पप्पू गंगवार, महेश मिश्रा, देव स्वरूप पटेल आदि मौजूद रहे।

### खेलकूद में बच्चों ने दिखाया दमखम



**भोजीपुरा, अमृत विचार :** हांडा पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स मीट 2024 के तहत कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी राकेश शर्मा और स्कूल प्रबंधक प्रवीण हांडा ने किया। मुख्य अतिथि ने विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रिंसिपल डॉ. अंशिका जॉर्ज, तनुज कुमार, रंजीता मिश्रा, छविता नबियाल, रचना बाली, वेद प्रकाश, अमन पॉल आदि मौजूद रहे।

### रेलवे लाइन पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** कस्बे के एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शनिवार को कस्बा धौराटांडा के वार्ड 14 निवासी मोहम्मद फुरकान (35) जादोपुर बस अड्डे के समीप रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार कुछ दिन से फुरकान की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। वह दिल्ली में हेयर कटिंग का कार्य करते थे। वह कुछ समय पहले ही परिवार सहित घर आए थे।

### मतदान के प्रति किया जागरूक

**कैंट, अमृत विचार :** ब्लॉक क्यारा में तैनात एडीओ पंचायत संजीव कुमार पाराशरी ने शनिवार रात गांव कांधरपुर स्थित महेश साहू के निवास पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। साथ ही सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई। माय बूथ एप के फायदे भी बताए।

### ग्रामीण के घर में चोरी, आरोपी को पहचाना

**दुनका, अमृत विचार :** गांव खजुरिया निवासी छोटेलाल ने बताया कि 26 अप्रैल की रात उनके घर में चोर घुस आया और सोने हार, अंगूठी और हंसली चुराकर ले गया। छोटेलाल का कहना है कि उन्होंने आरोपी को पहचान लिया है। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करने की बात कही है।

### मेला देखकर घर लौट रहे युवक को पीटा

**देवरनिया, अमृत विचार :** गुलड़िया मोहम्मद हुसैन निवासी महेंद्र पाल ने बताया कि वह 25 अप्रैल की रात गांव करनपुर में मेला देखने गए थे। जब वह कार से घर लौट रहे थे। रास्ते में गांव के ललित कुमार की दुकान के सामने रोड पर बाइक खड़ी थी। इसपर उन्होंने कार रोक ली, तभी गांव के मंगल सिंह, हरपाल, अजय और सुरेंद्र आ गए। आरोप है कि इन लोगों ने उन्हें पीटा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पत्नी को मायके भेज पति ने रचाई दूसरी शादी

**बीसलपुर, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को ससुराल वालों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं बेटे का जन्म होने पर उसे मायके भेज दिया। इसके बाद पति ने बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर ली। इस मामले में एसपी के आदेश पर विवाहिता के पति समेत चार लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली निवासी कृष्ण वीर की बेटी रिशु कश्यप ने एसपी को बताया कि उसकी शादी 28 जून 2020 को जनपद सीतापुर के मोहल्ला नारायण नगर हेमपुरवा निवासी अवनीश कुमार निषाद के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। इसको लेकर उन्होंने विवाहिता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि ससुराल वालों ने दहेज में कार और पांच लाख रुपये की डिमांड करने लगे। मायके वाले उनकी मांग पूरी नहीं कर सके तो ससुराल वालों ने विवाहिता को पीटना शुरू कर दिया। उसे जिंदा जलाने का प्रयास भी किया गया। 22 नवंबर 2023 को उसने बेटे को जन्म दिया। इस पर ससुराल वालों ने उसे मायके भेज दिया। इसके बाद उसके पति ने सीतापुर की एक महिला से दूसरी शादी कर ली। एसपी के आदेश पर पुलिस ने विवाहिता के पति अवनीश कुमार निषाद, रामादेवी, सोनी, मोनी, कीर्ति और अनुज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।



# छत्तीसगढ़ के रण में जीत का प्रण

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार**। छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा सीटें हैं। इनमें चार सीटें एसटी उम्मीदवारों के लिए और एक सीट एससी के लिए आरक्षित है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की 11 में से नौ सीटें जीतकर शानदार सफलता पाई थी। कांग्रेस केवल दो सीटों पर सिमट कर रह गई थी। भाजपा को 50.7 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस का वोट शेयर 40.9 प्रतिशत था। अब लोकसभा चुनाव-2024 में राज्य में चार माह पहले विधानसभा चुनाव जीतने वाली भाजपा के सामने पार्टी की सांसद टैली को डबल डिजिट में पहुंचाने की चुनौती है, जबकि कांग्रेस विधान सभा चुनाव की हार के गम से उबरकर खुद को मजबूत विपक्ष के रूप में स्थापित करने की हर संभव कोशिश में लगी है। राज्य में दो चरणों में मतदान हो चुका है अब तीसरे चरण में सात मई को सात सीटों रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, दुर्ग और जांजगीर-चांपा सीटों पर सात मई को वोट डाले जाएंगे। इस चरण को भाजपा-कांग्रेस के बीच असली लड़ाई माना जा रहा है। इसमें कांग्रेस के प्रण और भाजपा के रण की परीक्षा होगी।

- भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले वाले इस राज्य में दोनों दलों ने जीत के लिए बिछाई है बिसात
- तीसरे चरण में सात सीटों पर जबर्दस्त घमासान, भाजपा और कांग्रेस के सितारे उतरेंगे जमीन पर
- विधानसभा चुनाव में जीत से उत्साहित भाजपा क्लीन स्वीप की तैयारी में, तो कांग्रेस लेना चाहती हार का बदला

## बीते तीन चुनावों में भाजपा का वोट छह तो कांग्रेस का चार फीसदी बढ़ा

- छत्तीसगढ़ में नौ लोकसभा सीटों पर काबिज भाजपा पार्टी के मिशन-400 पार को सफल बनाने के लिए उत्तराखंड, गुजरात और राजस्थान की तरह इस बार राज्य में भी क्लीन स्वीप करके सभी 11 सीटों पर कमल खिलाना चाहती है। विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद पार्टी का यह उत्साह बेवजह भी नहीं है। छत्तीसगढ़ में पिछले तीन लोकसभा चुनावों में हर बार कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा का वोट शेयर 2009 से 2019 तक जहां छह फीसदी बढ़ा है, वहीं वोट तो कांग्रेस का भी चार प्रतिशत बढ़ा है, लेकिन उसे सीटों का खास फायदा नहीं हुआ।
- 2009 में भाजपा ने 10 सीटें और कांग्रेस ने एक सीट जीती थी। 2014 में फिर भाजपा के खाते में 10 सीटें आईं और कांग्रेस के हाथ एक ही सीट लगी। 2019 में जरूर भाजपा नौ सीटें ही जीत पायी थीं और कांग्रेस ने 2 सीटों पर कब्जा जमा लिया था। चुनाव आयोग के अनुसार पिछले साल दिसंबर में छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में कुल 90 सीटों में भाजपा को 54 और कांग्रेस को 35 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा का वोट शेयर पिछले चुनाव के 33 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी से ज्यादा हो गया था। इसके मुकाबले कांग्रेस का वोट शेयर थोड़ा घटा था। 2018 में पार्टी का वोट प्रतिशत 43 फीसदी था, लेकिन 2023 में कांग्रेस को 42 .23 फीसदी वोट ही मिले थे।
- राजनीतिक जानकारों का कहना है कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में दलित, आदिवासी और ओबीसी वोट कांग्रेस के साथ जा रहा था। लेकिन भाजपा की दो घोषणा धान पर न्यूनतम समर्थन मूल्य और महतारी बंधन योजना ने उसके नाराज समर्थकों के साथ फ्लोटिंग वोटरों को भाजपा के पक्ष में खड़ा कर दिया। अब लोकसभा चुनाव में भूपेश बघेल सरकार की नाकामी, भ्रष्टाचार के साथ मोदी की गारंटी और चेहरा है, जो भाजपा को आगे खड़ा दिखा रहा है।



**2019 में मत प्रतिशत**

50.7% भाजपा | 40.9% कांग्रेस

**2014 में मत प्रतिशत**

48.7% भाजपा | 38.4% कांग्रेस

**2019 का दलीय परिणाम**

| दल | सीट | प्राप्त वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 09 | 69,02,477 |
| कांग्रेस | 02 | 55,69,183 |

**2014 का दलीय परिणाम**

| दल | सीट | प्राप्त वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 10 | 59,73,904 |
| कांग्रेस | 01 | 47,02,813 |

### विस चुनाव में आठ लोस सीटों पर आगे रही थी भाजपा

विधान सभा परिणामों के मुताबिक राज्य में आठ लोकसभा सीटों पर भाजपा और कांग्रेस तीन सीटों पर आगे रही है। कांग्रेस जिन सीटों पर आगे रही थी, वह तीसरे चरण में आती हैं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट चुनावी अभियान का जायजा ले गए हैं। सोमवार को राहुल गांधी और 30 को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बाद दो मई को प्रियंका गांधी आने का कार्यक्रम है। भाजपा के भी स्टार प्रचारकों इस चरण में चुनाव प्रचार में ताकत लगाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अगले दो दिनों में कोरबा में सभा का कार्यक्रम बन रहा है। मोदी इससे पहले भी राज्य में चार सभाएं कर चुके हैं। भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों के दौरे के कार्यक्रम बनाए हैं।

### रायपुर में दिग्गज नेता और युवा चेहरे के बीच रोचक हुई लड़ाई

रायपुर लोकसभा सीट पर बीते 28 साल से भाजपा काबिज है। यहां से 1991 में अंतिम बार कांग्रेस नेता विद्या चरण शुक्ल जीते थे। भाजपा से मैदान में उतरे कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल आठ बार से रायपुर दक्षिण विधानसभा से चुनाव जीत रहे हैं। इनके मुकाबले कांग्रेस ने रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को उतारा है। वह युवा चेहरा हैं। वह स्थानीय समस्याएं उठाकर भाजपा को घेरने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।



### बिलासपुर में हो सकता कांटे का मुकाबला

बिलासपुर लोकसभा सीट से भाजपा सात बार से जीत रही है। 2019 में यहां से अरुण साव बड़े अंतर से जीते थे। यहां भाजपा के तोखन साहू के सामने कांग्रेस के देवेंद्र सिंह यादव चुनाव लड़ रहे हैं। यहां यादव और साहू वोटरों का बाहुल्य है, इस कारण मुकाबला करीबी माना जा रहा है। 2019 में भाजपा को 52 और कांग्रेस को 41 प्रतिशत मत मिले थे।

जाजगीर-चांपा लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह कमलेश जांगड़ को उतारा है। उनके सामने कांग्रेस के डा.शिवकुमार डहरिया चुनौती पेश कर रहे हैं। पिछली बार इस सीट से भाजपा के गुआरम अजगले ने करीब 82 हजार मतों से कांग्रेस प्रत्याशी को हराया था। इस बार यहां कांग्रेस जोर लगा रही है।

### रायगढ़ में ढाई दशक से भाजपा का कब्जा

- रायगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा के राधेश्याम राठिया के सामने कांग्रेस से सारंगढ़ राज परिवार की डॉ. मेनका देवी सिंह मुकाबले में हैं। इस सीट पर 1999 से भाजपा का कब्जा है। यहां की भाजपा सांसद गोमती साय ने इस्तीफा देकर विधानसभा चुनाव जीती थीं। भाजपा उनके आदिवासी होने पर सवाल खड़े कर रही है। कांग्रेस में भी उनकी प्रत्याशिता पर नाराजगी के स्वर हैं।

### कोरबा में कांग्रेस को फिर जीत की आस

- कोरबा लोकसभा सीट पर कांग्रेस का प्रभाव रहा है। यहां से भाजपा की पूर्व राज्यसभा सदस्य सरोज पांडेय के सामने कांग्रेस की मौजूदा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत हैं। यहां बागेश्वर बाबा की कथा में आए श्रद्धालुओं को भाजपा का पटका पहनाए जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। चुनाव आयोग ने इस मामले में नोटिस जारी किया है। पिछली बार कांग्रेस यह सीट करीब 27 हजार मतों से जीती थी।

### राजनांदगांव में भूपेश बघेल की जीत ओबीसी वोटरों पर निर्भर

- छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट पर इस बार के सबसे मुकाबला दिलचस्प में कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है। यहां उनका मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद संतोष पांडेय से हुआ। इस लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में कांग्रेस के पास 5 और भाजपा के पास 3 सीटें हैं। पिछली बार संतोष पांडेय ने कांग्रेस के प्रत्याशी भोलाराम साहू को एक लाख से अधिक मतों से पराजित किया था। कांग्रेस ने लोकसभा क्षेत्र में पिछड़े वर्ग की बहुलता को देखते हुए भूपेश बघेल को उतारा था।

### महाराज के आगे भाजपा के गढ़ में सेंध लगा पाएंगी शशि सिंह

सरगुजा आरक्षित लोकसभा सीट आदिवासी बेल्ट मानी जाती है। 2019 में यहां से भाजपा की रेणुका सिंह बड़े अंतर से जीती थीं। यहां कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए चिंतामणि महाराज जो राज्य के संत गहिरा गुरु के परिवार से हैं, को भाजपा ने मैदान में उतार दिया है। उनका मुकाबले में कांग्रेस की शशि सिंह चुनाव लड़ रही हैं। यहां जानकार भाजपा को मजबूत मान रहे हैं।

### दुर्ग में भाजपा-कांग्रेस के बीच मानी जा रही कड़ी टक्कर

दुर्ग लोकसभा सीट पर 2019 में भाजपा जीती थी। भाजपा के विजय बघेल ने कांग्रेस की प्रतिमा चंद्राकर को बड़े अंतर से हराया था। हालांकि 2014 में कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू ने भाजपा की सरोज पांडेय को यहां शिकस्त दी थी। भाजपा ने एक बार फिर विजय बघेल पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस ने अपने जमीनी कार्यकर्ता राजेंद्र साहू को उतारा है। यहां इस बार करीबी मुकाबला माना जा रहा है।

### बस्तर दे चुका बंदूक तंत्र पर लोकतंत्र की विजय का संदेश

संवेदनशील नक्सल प्रभावित बस्तर सीट पर 68 .29 प्रतिशत मतदान करके लोग बंदूक तंत्र पर लोकतंत्र की जीत का संदेश दे चुके हैं। कांकेर में 78, राजनांदगांव में 77 और महासमुंद में 77 प्रतिशत से अधिक वोट पड़े थे, जो पिछली बार से ज्यादा थे। दूसरे राज्यों में कम मतदान की जगह छत्तीसगढ़ में ज्यादा वोट पड़ना सकरात्मक संदेश है।

### बिरनपुर हिंसा व पीएससी घोटाला फिर बना कांग्रेस के गले की फांस

- भूपेश बघेल सरकार में हुई बिरनपुर हिंसा और पीएससी घोटाला का मुद्दा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पर भारी पड़ा था, अब लोकसभा चुनाव में भी ये दोनों मुद्दे कांग्रेस के लिए गले की फांस बनते दिख रहे हैं। केंद्र सरकार की अनुमति के बाद दोनों मामलों में सीबीआई जांच शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय चुनावी अभियान में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर हमलावर हैं। वह कह रहे हैं कि पीएससी के जरिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने वादा किया था कि बिरनपुर हिंसा में शामिल आरोपितों को जेल भेजा जाएगा। बिरनपुर में सांप्रदायिक हिंसा में भुवनेश्वर साहू की हत्या हुई थी। इसके बाद भाजपा ने भुवनेश्वर के पिता ईश्वर साहू को विधानसभा में टिकट दिया था। वह चुनाव जीतकर विधायक बने थे।

# नासिक में दौड़ी अघाड़ी की गाड़ी, महायुति में गतिरोध का पेच

चुनाव डेस्क



छगन भुजबल



एकनाथ शिंदे



अजित पवार

- शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रत्याशी सोमवार को करेंगे नामांकन दाखिल
- शिवसेना शिंदे के साथ राकांपा अजित अड़े हैं चुनाव लड़ने को लेकर

**नासिक**। महाविकास अघाड़ी से शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रत्याशी राजाभाऊ वाजे नासिक लोकसभा सीट पर सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। लेकिन महायुति में प्रत्याशी चयन को लेकर दरार अभी भी बनी हुई है। बीते 45 दिनों से नासिक लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवारी को लेकर फंसा पेंच नहीं सुलझ सका है। उधर, महाविकास अघाड़ी ने अपना उम्मीदवार तय करके प्रचार में बढ़त बना ली है।

छगन भुजबल द्वारा नासिक सीट पर चुनाव लड़ने से इंकार करने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सत्तारूढ़ शिवसेना गुट का सीट पर दावा करने का मार्ग प्रशस्त हो गया था। इस सीट से दो बार के सांसद हेमंत गोडसे शिंदे गुट के साथहैं। वह तीसरी बार चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। 2019 में शिवसेना के टिकट पर हेमंत गोडसे ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,63,599 वोट मिले थे, जबकि एनसीपी के समीर भुजबल ने 2,71,395 वोट पाए थे।

भाजपा से इस सीट पर पूर्व विधायक राहुल ढिकले का नाम सबसे आगे है। लेकिन नासिक सीट पर राकांपा (अजित पवार गुट) और शिवसेना (शिंदे गुट) दोनों प्रत्याशिता के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। शिंदे गुट आसानी से नासिक सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उधर, छगन भुजबल के उम्मीदवारी वापस लेने के बाद भी राकांपा ने नासिक सीट पर अपनी जिद नहीं छोड़ी है। इसलिए नासिक सीट पर महायुति में गतिरोध नहीं दूर हो पा रहा है। इससे महायुति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता असमंजस में हैं।

**तीसरे चरण में तय होगा शिवसेना राकांपा टूट में कौन ताकतवर :** महाराष्ट्र में तीसरे चरण में सात मई को रायगढ़, बारामती, उस्मानाबाद, लातूर, सोलापुर, माधा, सांगली, सातारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर और हातकणंगले सीट पर मतदान होना है। सबसे रोचक मुकाबला बारामती में सुप्रिया सुले (एनसीपी शरद पवार गुट) का सुनेत्रा पवार (एनसीपी अजित गुट) से है।

माधा सीट पर रणजीत सिंह नाइक (भाजपा) का मुकाबला धैर्यशील मोहिते पाटिल (एनसीपी पवार) से है। उस्मानाबाद सीट पर अर्चना पाटिल (भाजपा) के सामने ओमप्रकाश राजे निंबालकर (शिवसेना उद्धव) हैं। लातूर में सुधाकर श्रंगारे (भाजपा) का मुकाबला शिवाजीराव कालगे (कांग्रेस) से है। हातकणंगले में राजू शेट्टी (स्वाभिमानी पक्ष), सत्यजीत पाटिल (शिवसेना शिंदे) और धैर्यशील माने (शिवसेना उद्धव) में त्रिकोणीय मुकाबला है। कोल्हापुर सीट से छत्रपति शाहू महाराज (कांग्रेस) का सीधा मुकाबला संजय मांडलिक (शिवसेना शिंदे) से है। शोलापुर में मुकाबला प्रणीति शिंदे (कांग्रेस) और राम सातपुते (भाजपा) के बीच हो रहा है।



**मतदाताओं को रिझाया**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा में पार्टी उम्मीदवार के लिए वोट मांगे। इस दौरान मतदाताओं को रिझाने के लिए उन्होंने वाद्य यंत्र भी बजाया।



**मांगे वोट**

नई दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की।

# 35 सालों से कांग्रेस का चक्रव्यूह भेदती आ रही भाजपा

**भिंड संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार**। मध्य प्रदेश की भिंड लोकसभा सीट पर चुनावी पारा चढ़ा हुआ है। 35 सालों में नौ चुनाव हुए और सभी में भाजपा को यहां जीत मिली। अब पार्टी 10 वीं बार जीत दर्ज करने के लिए वर्तमान सांसद संध्या राय के साथ मैदान में है। भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए कांग्रेस भी आतुर दिख रही है और इस बार उसने भांडेर से विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है।

अब के चुनावों में मुख्य मुकाबले में रही कांग्रेस के लिए उसके बागी देवाशीष जरारिया मुसीबत बन गए हैं। देवाशीष को बसपा ने हाथी का महावत बना लिया है। देवाशीष इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं पिछले चुनाव में उन्हें भाजपा की संध्या राय ने हराया था।

2019 में चुनाव में देवाशीष जरारिया कांग्रेस के टिकट पर मैदान में थे तब उनके मुकाबले भाजपा ने नया चेहरा संध्या राय के रूप में उतारा था। संध्या ने उन्हें पटखनी दी तो इस बार कांग्रेस ने जरारिया से किनारा कर लिया। पार्टी को उम्मीद थी कि फूल सिंह बरैया को जीत दिलाने में जरारिया शिद्दत के साथ लगेंगे लेकिन उन्होंने तो हाथ का साथ छोड़कर हाथी की सवारी कर ली। इसे कांग्रेस के लिए किसी झटके से कम नहीं माना जा रहा है। यहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। इससे पहले 30 अप्रैल को राहुल गांधी भिंड में सभा करेंगे।

इस सीट से 1971 में भारतीय जनसंघ के टिकट पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया भी सांसद रह चुकी हैं। यहां से ज्यादातर दूसरे जिलों के उम्मीदवार ही सांसद बनते रहे हैं। यहां तक कि वर्तमान सांसद संध्या राय भी मुरैना जिले की निवासी हैं। वह दिमनी से विधायक रह चुकी हैं।



10,19,722 पुरुष मतदाता | 37 ट्रांसजेण्डर मतदाता हैं

8,73,872 महिला मतदाता | 18,93,631 कुल मतदाता

- 10 वीं बार जीत के लिए पार्टी ने वर्तमान सांसद संध्या पर जताया विश्वास
- कांगेस ने भांडेर से विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है
- कांग्रेस के बागी देवाशीष बने हाथी के महावत, लड़ाई में आने को आतुर

### इस बार कांटे का मुकाबला

इस चुनाव में मुकाबला कांटे का हो सकता है। क्योंकि प्रदेश की सत्ता पर भाजपा भले ही काबिज है लगातार 35 सालों से इस संसदीय सीट को जीतती आ रही है लेकिन विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने उसे जबरदस्त टक्कर दी थी। यहां की आठ विधानसभा सीटों में से चार पर कांग्रेस और चार पर भाजपा काबिज है। ऐसे में यह कहा जा रहा है कि इस बार मुकाबला कांटे का हो सकता है।

### भाजपा के रामलखन सिंह लगातार चार बार जीते

- भाजपा ने पहली बार 1989 में इस सीट पर कब्जा किया था। तब नरसिंह राव दीक्षित सांसद बने थे। इसके बाद भाजपा के 1991 में योगानंद सरस्वती को सांसद बनने का मौका मिला। 1996 के चुनाव में राम लखन सिंह सांसद बने और वे 2004 तक जीते। इस तरह चार बार सांसद बनने का मौका उन्हें मिला। पार्टी ने इसके बाद अशोक अर्गल पर दांव लगाया और वे भी 2009 में सांसद बनने में कामयाब हुए। 2014 में भागीरथ प्रसाद को जीत मिली तो 2019 में संध्या राय सांसद बनीं।

### नरोत्तम मिश्रा भी यहां से हारे

- शिवराज सिंह सरकार में गृह मंत्री रहते हुए नरोत्तम मिश्रा को यहां की दतिया विधानसभा सीट से हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार ने ही पटखनी दी। नरोत्तम मिश्रा की हार भाजपा के लिए किसी झटके से कम नहीं थी। इससे भी कांग्रेस का मनोबल भिंड लोकसभा के चुनाव में बढ़ा हुआ है।

# पांच सालों में कराए विकास कार्यों से ज्यादा स्मृति इरानी रट रहीं राहुल का नाम

अमेठी लोकसभा सीट से अभी राहुल गांधी की प्रत्याशिता का कांग्रेस हाईकमान की तरफ से आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन स्मृति इरानी ने पहले उनके लिए रण छोड़ दास का शोर मचाया, अब पिछले कुछ दिनों से राहुल फिर लड़ने आ रहे हैं, का ऐलान करती घूम रही हैं। आखिर ऐसा क्या है कि जिस चुनाव में स्मृति इरानी को पांच साल में कराए गए विकास कार्यों की रट लगानी चाहिए थी, उस चुनाव में वह राहुल गांधी नाम का जाप कर रही हैं। हालांकि वह पांच साल में कराए गए अपने काम भी गिनाती हैं, लेकिन उतनी दमदारी से नहीं, जितनी गंभीरता उनके भाषणों में राहुल के नाम को लेकर नजर आती है। हालांकि सोमवार को नामांकन से पहले रविवार को स्मृति इरानी अयोध्या पहुंचकर रामलला का आशीर्वाद लिया।

2024 के आम चुनाव में भाजपा की तरफ से हाई प्रोफाइल चुनावी योद्धा केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी अपने बयानों से हमेशा चर्चा में रहती हैं। वह अमेठी से तीसरी बार चुनाव लड़ रही हैं, और वहां प्रचार में दिन-रात सक्रिय हैं। 2014 में अमेठी से इरानी हार गई थीं, जबकि 2019 में राहुल गांधी को हरा दिया था। अब अमेठी को उन्होंने घर बनाकर 'अपना' बना लिया है। राहुल गांधी को 2019 के पिछले आम चुनाव में परास्त कर ईरानी ने एक तरह से राजनीतिक रूप से भी 'बेघर' कर दिया था। राहुल गांधी का अमेठी में अपना कोई घर नहीं है। वह राजीव गांधी चाइल्ड टेबल ट्रस्ट या राजीव गांधी फाउंडेशन द्वारा संचालित संजय गांधी अस्पताल के गेस्ट हाउस से ही अपनी चुनावी गतिविधियां चलाते थे।

### अमेठी में आशियाना बनाने के बाद भाजपा नेता केंद्रीय मंत्री ने खुद को मान लिया 'अजेय'

- पिछले चुनाव में 55,000 वोटों से जीत दर्ज कराने वाली स्मृति इरानी अब अमेठी की मतदाता बन चुकी हैं। चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही वह लगातार अमेठी संसदीय क्षेत्र में जनसंपर्क करने में जुटी हैं। अमेठी में अपना आशियाना बनाने के बाद उन्होंने खुद को 'अजेय' मान लिया है। इसी कारण गृह प्रवेश के मौके पर भी राहुल गांधी पर तंज करने से वह नहीं चूकी थीं।



### राहुल का नाम लिए बिना पूरा नहीं होता भाषण

अब तो जैसे-जैसे चुनावी अभियान आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे स्मृति इरानी राहुल गांधी के नाम की 'रट' भी बढ़ाती चली जा रही हैं। उनका कोई भी भाषण राहुल का नाम लिए बिना पूरा ही नहीं होता जैसे कोई यज्ञ बिना 'स्वाहा' के संपन्न नहीं होता। हालांकि स्मृति इरानी का दावा है कि अमेठी में 5 साल में उन्होंने इतने काम कर दिए हैं जो प्रधानमंत्री रहते राजीव गांधी भी नहीं करा पाए थे। राहुल गांधी द्वारा कराए गए कामों को वह कोई काम मानती ही नहीं हैं, जबकि कांग्रेस के मीडिया प्रभारी अनिल सिंह इरानी के कराए तमाम कामों को राहुल गांधी द्वारा प्रारंभ किया हुआ बताते हैं। भाजपा कार्यकर्ता और आम मतदाता भी हैरान है कि आखिर सांसद स्मृति इरानी राहुल गांधी पर इतना हमलावर क्यों है? जिन्होंने अभी तक अमेठी से चुनाव लड़ने की घोषणा तक नहीं की है। हालांकि अब माना जा रहा है कि वायनाड के बाद राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे।

- रायबरेली के राजनीतिक विश्लेषक डॉ राम बहादुर वर्मा मानते हैं कि स्मृति इरानी इस समय 'राहुल फोबिया' से ग्रसित नजर आ रही हैं। कांग्रेस और गांधी परिवार रायबरेली और अमेठी के बारे में फैसला करने में देरी लगा रहा है। लेकिन स्मृति ईरानी पहले ही अपनी सभा में इस बात का ऐलान कर चुकी हैं कि 26 के बाद राहुल गांधी अमेठी आ जाएंगे। राहुल नाम रटने के पीछे एक यही कारण माना जा सकता है कि कोई उनसे 5 साल का हिसाब न मांगे और जवाबदेही तय न की जा सके, लेकिन सुल्तानपुर के वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना इसे सुनियोजित रणनीति मानते हैं। वह कहते हैं कि स्मृति इरानी उस रणनीति पर अमल कर रही हैं जिसमें कहा जाता है कि इतना शोर करो कि दुश्मन आने की हिम्मत ही न जुटा पाए। वह यह भी कहते हैं कि इसकी वजह देने वाले भी खुद राहुल गांधी हैं, हारने के बाद अगर वह पांच साल वह अमेठी से अपना संपर्क न तोड़ते तो आज इरानी के इन हमलों का जवाब जनता खुद दे रही होती। उनका मानना है कि राहुल पर हमले इसलिए ज्यादा प्रसारित हो रहे हैं कि मीडिया भाषण के उन्हीं अंशों को हाईलाइट करता है, जो चटपटे हों। अब अमेठी के मतदाता तय करेंगे कि राहुल नाम की रट स्मृति इरानी को चुनावी वैतरणी पार कराएगी या उनका वोट बैंक चट कर जाएगी। अमेठी में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है लेकिन गांधी परिवार अभी उम्मीदवार तय नहीं कर पाया है। – गौरव अवस्थी

---

**मैनपुरी लोकसभा सीट**

मनोज त्रिपाठी

# विरासत की रियासत में बदलाव की चाहत

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की बड़ी बहू और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव पांचवी बार लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए परिवार की परंपरागत मैनपुरी सीट के मैदान में दोबारा उतरी हैं । डिंपल यादव ने अपना पहला चुनाव वर्ष 2009 में फिरोजाबाद लोकसभा सीट से सिने स्टार और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राज बब्बर के खिलाफ लड़ा था। इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद डिंपल 2012 में कन्नौज लोकसभा सीट से उपचुनाव में उतरीं, जहां उन्हें सफलता मिली और सांसद बनी। 2014 के आम चुनावों में भी कन्नौज सीट से जीत हासिल की, लेकिन 2019 में कन्नौज की जनता ने उन्हें नकार दिया और भाजपा के प्रत्याशी सुब्रत पाठक को जिताकर संसद भेजा। इससे पहले मैनपुरी सीट पर हुए उपचुनाव में डिंपल यादव जीत का परचम फहरा चुकी है, यहां से लगातार दूसरी जीत का रिकॉर्ड कायम रखने के लिए सपा ने उन पर दूसरी बार दांव लगाया है। भाजपा ने सपा के इस मजबूत गढ़ को तोड़ने के लिए प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह तो बसपा ने यादव वोटों में सेंध लगाने की रणनीति के तहत शिवप्रसाद यादव को मैदान में उतारकर इस बार मैनपुरी का चुनाव दिलचस्प बना दिया है।

### जयवीर सिंह कद्दावर नेता पूरा परिवार राजनीति में

मैनपुरी लोकसभा सीट पर वर्ष 2019 के चुनाव भाजपा ने वोट प्रतिशत के लिहाज से बड़ी उछाल लगाकर सपा के सामने जोरदार चुनौती पेश की थी। इसके चलते इस बार सपा प्रत्याशी डिपल यादव के सामने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को चुनावी मैदान उतारे जाने से भाजपाई उत्साह में हैं। जयवीर सिंह का मैनपुरी से पुराना नाता रहा है। वह जिले की घिरोर विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2002 में बसपा के टिकट पर विधायक बने लेकिन सपा में शामिल होकर मुलायम सरकार में राज्यमंत्री बने। लेकिन वर्ष 2007 में उन्होंने फिर बसपा से ही चुनाव लड़ा और विधायक चुने गए। इस बार भी वह प्रदेश सरकार में मंत्री बने। वर्ष 2022 में उन्होंने मैनपुरी विधानसभा सीट पर सपा के वर्चस्व को तोड़कर जीत हासिल की थी। जयवीर सिंह 2012 और 2018 में विधान परिषद के सदस्य भी चुने जा चुके हैं। उनकी पत्नी राजकुमारी चौहान 2009 में अलीगढ़ से बसपा के टिकट पर सांसद चुनी गई थीं। पुत्र अरविंद सिंह 2014 में बसपा से अलीगढ़ लोकसभा सीट पर चुनाव लड़े थे और दूसरे नंबर पर रहे थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अरविंद सिंह ने कांग्रेस के टिकट पर गौतमबुद्ध नगर से चुनाव लड़ा था।

### डिंपल यादव के सामने भाजपा के मैनपुरी से विधायक, मंत्री जयवीर सिंह तथा बसपा के शिव प्रताप यादव की दोहरी चुनौती

#### क्या एमपी के सीएम मोहन यादव साबित हो सकते हैं तुरुप का इक्का

- भाजपा अपने प्रत्याशी जयवीर सिंह को जिताने के लिए हर दांव चल रही है। यादव वोट तोड़ने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को लगाया गया है। उन्होंने अखिलेश यादव को आड़े हाथ लेते हुए साफ कहा कि मैनपुरी कभी सपा का गढ़ थी, लेकिन अब सब मोदी मय हैं। उधर, अखिलेश यादव आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा ने डिवाइड एंड रूल के तहत मोहन यादव को यहां प्रचार का जिम्मा सौंपा है।

#### पिछले चुनाव में जीत का अंतर कम होना सपा के लिए चिंता का कारण

- मैनपुरी लोकसभा सीट जिसे 2014 और 2019 की मोदी लहर में भी भाजपा जीत नहीं पाई। सपा यहां लाखों वोटों से चुनाव जीतती रही। लेकिन 2019 के चुनाव में मुलायम सिंह यादव ने यहां से जीत तो दर्ज की पर पहली बार ऐसा हुआ कि उनकी जीत का अंतर एक लाख से नीचे सरक गया। सपा-बसपा गठबंधन के बाद भी मुलायम सिंह भाजपा के प्रत्याशी प्रेम सिंह शाक्य को 94 हजार वोटों से ही हरा सके। कांग्रेस ने भी इस चुनाव में प्रत्याशी नहीं उतारा था। हालांकि 2022 में मुलायम सिंह के निधन के बाद हुए उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के लिए पूरे सैफई कुनबे ने ताकत लगाई और पार्टी ने जीत का अंतर 2.88 लाख पहुंचा दिया। लेकिन 2019 की स्थितियां सपा के लिए चिंता का सबब मानी जा रही हैं।

#### सपा भी कर रही क्षत्रिय मतदाताओं को साधने का प्रयास

- मैनपुरी सीट पर लगभग दो लाख क्षत्रिय मतदाता हैं, इन्हें साधने के लिए सपा भी पत्ते चल रही है। भाजपा से नाराजगी की बात उठाई जा रही है। डिंपल यादव खुद इस काम में जुटी हैं। दरअसल, डिंपल का मायका पक्ष ठाकुर है तो ससुराल यादव परिवार में है। इस बात से यादव-ठाकुर के बीच संबंध जोड़ा जा रहा है। डिंपल यादव के पिता सेना में कर्नल थे। उनकी बहन उनके प्रचार में साथ निभा रही हैं, तो इस बार बेटी अदिति भी सक्रिय है।



#### 2022 उपचुनाव मुकाबला

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| सपा | डिंपल यादव | 6,18,120 | 64.08 |
| भाजपा | रघुराज सिंह शाक्य | 3,29,659 | 34.18 |

#### 2019 लोकसभा चुनाव परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| सपा | मुलायम सिंह यादव | 5,24,926 | 53.75 |
| भाजपा | प्रेम सिंह शाक्य | 4,30,537 | 44.09 |

#### उपचुनाव 2014 उप चुनाव का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| सपा | तेज प्रताप सिंह यादव | 6,53,786 | 64.46 |
| भाजपा | प्रेम सिंह शाक्य | 3,32,537 | 32.79 |

#### 2014 लोकसभा चुनाव परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| सपा | मुलायम सिंह यादव | 595,918 | 59.63 |
| भाजपा | शत्रुघ्न सिंह चौहान | 2,31,252 | 23.14 |
| बसपा | डॉ. संघमित्रा मौर्य | 1,42,833 | 14.29 |

#### मतदाताओं का अनुमानित जातीय गणित

- यादव 4.20 लाख
- शाक्य 3.25 लाख
- क्षत्रिय 1.90 लाख
- जाटव 1.20 लाख
- अन्य दलित 90 हजार
- ब्राह्मण 1.10 लाख
- लोधी 1.05 लाख
- वैश्य 70 हजार
- मुस्लिम 85 हजार

**1996** से अजेय सपा का किला फतह करने के लिए भाजपा इस बार कर रही धुंधाधार प्रचार, झोंकी जोरदार ताकत

**2002** में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते थे जयवीर सिंह, बाद में सपा में शामिल हो गए थे और मंत्री बने थे

### कमजोर नहीं बसपा की चुनौती, घोसी यादव वोटों में सेंधमारी

बसपा ने मैनपुरी में नामांकन से पहले अपना प्रत्याशी बदल दिया था। अब पार्टी की ओर से भरथना के पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव चुनावी मैदान में हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने मैनपुरी सीट पर जातीय समीकरण देखते हुए पहले डा. गुलशन शाक्य को प्रत्याशी बनाया था। लेकिन नामांकन से पहले उनकी टिकट काट दी। इस पर डा. गुलशन शाक्य अब सपा में शामिल हो चुके हैं। बसपा प्रत्याशी शिव प्रसाद यादव मूल रूप से औरेया के बिधूना क्षेत्र के गांव हरदू के रहने वाले हैं। उनकी पहचान शिक्षाविद् के रूप में है। उन्होंने वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर भरथना विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और सपा के प्रदीप यादव को हराकर विधायक बने थे। वह घोसी यादव समाज से आते हैं। शिव प्रसाद यादव भाजपा में भी रह चुके हैं। उन्होंने अपनी सर्वजन सुखाय पार्टी भी बनाई थी। लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले दोबारा बसपा में शामिल हो गए थे। जानकारों का मानना है कि उन्हें मैनपुरी लोकसभा सीट से बसपा ने यादव मतदाताओं में सेंधमारी की तैयारी कर रही है। सपा प्रत्याशी डिपंल यादव कमरिया यादव समाज से आती हैं, जबकि मैनपुरी में करीब 33 प्रतिशत यादव मतदाता घोसी बिरादरी के हैं।



#### 28 साल पहले मुलायम ने फहराया परचम, फिर मैनपुरी बन गई पारिवारिक सीट

- 1992 में समाजवादी पार्टी की स्थापना करने वाले मुलायम सिंह यादव 1996 का लोकसभा चुनाव मैनपुरी से जीते थे। इसके बाद वर्ष 1998 और 1999 में सपा के टिकट से बलराम सिंह यादव यहां से चुनाव जीतकर सांसद बने। 2004 में फिर से मुलायम सिंह यादव मैनपुरी से सांसद चुने गए। लेकिन उन्होने प्रदेश की सियासत में रहने का फैसला लेते हुए इस सीट से त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद साल 2004 में हुए लोकसभा के उप चुनाव में मुलायम के भतीजे धर्मेंद्र यादव मैनपुरी से चुनाव जीते। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर मुलायम सिंह यादव यहां से सांसद बने। साल 2014 में मुलायम सिंह यादव आजमगढ़ और मैनपुरी दोनों लोकसभा सीटों पर चुनाव जीते। इसके बाद उन्होने मैनपुरी सीट छोड़ दी। एक बार फिर सीट रिक्त हुई और उपचुनाव हुए तो परिवार के तेजप्रताप सिंह यादव सांसद बने। वह मुलायम सिंह के बड़े भाई रतन सिंह यादव के पौत्र हैं।

#### नेताजी के कारण हुए तीन बार उपचुनाव

- 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर का असर मैनपुरी सीट पर देखने के नहीं मिला था। नेताजी मुलायम सिंह जीते और उनके सीट छोड़ने के बाद हुए उपचुनाव में उनके पौत्र तेजप्रताप को 65 प्रतिशत वोट मिले। मुलायम सिंह यादव ने 2004 में भी मैनपुरी से जीतने के बाद सीट छोड़ी थी। इसके बाद धर्मेंद्र यादव यहां से उपचुनाव जीते थे। मैनपुरी सीट पर तीसरी बार उपचुनाव मुलायम सिंह के निधन के कारण 2022 में हुए।

---

# सपा से सीधे मुकाबले में फंसे नजर आ रहे केंद्रीय मंत्री डॉ.महेंद्र नाथ

**चंदौली संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कर्मभूमि वाराणसी से सटी चंदौली संसदीय सीट भी प्रदेश की हॉट सीट की श्रेणी में गिनी जाती है। इस सीट पर केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय जहां हैट्रिक लगाने को आतुर हैं तो उनकी राह में रोकने को सपा उम्मीदवार पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह भी पूरी तरह मुस्तैद हैं। वैसे तो इस सीट पर मुख्य मुकाबले में सपा ही नजर आ रही है लेकिन बसपा के सत्येंद्र कुमार भी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए जीजान से जुटे हुए हैं। भाजपा उम्मीदवार जहां खुद के द्वारा कराए गए विकास कार्यों और मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रहे हैं तो सपा और बसपा मतदाताओं को यह बताने में लगी हैं कि भाजपा पुनः सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी और आरक्षण समाप्त कर देगी।

चंदौली के मतदाताओं ने हर दल को जीत का मौका दिया। किसी को भी निराश नहीं किया। बसपा, सपा, कांग्रेस, जनता पार्टी, जनता दल सभी के उम्मीदवार यहां से जीत चुके हैं। 1991 की राम लहर में यहां के मतदाताओं ने भाजपा को पहली बार अपनाया था। इसके बाद 1996 और 1998 में भी भाजपा के उम्मीदवार यहां से जीते।

तीनों ही चुनावों में भाजपा ने आनंद रत्न मौर्य पर ही दांव लगाया और वे हर बार नेतृत्व की उम्मीदों पर खरे उतरे। जब 1999 का चुनाव हुआ तो समाजवादी पार्टी ने यहां से से जवाहर जयसवाल को मैदान में उतार दिया। जवाहर जयसवाल ने इस सीट को सपा की झोली में डाल दिया था पर जब 2004 में चुनाव हुआ तो मतदाताओं ने सपा के बजाय बसपा को तरजीह दी। पार्टी के उम्मीदवार पूर्व सांसद कैलाश नाथ यादव पुनः सांसद बनने में कामयाब हो गए थे। पहली बार वे जनता दल के टिकट पर 1989 में चुने गए थे।

2009 के चुनाव में सपा के रामकिशुन यादव यहां से जीते लेकिन 2014 की मोदी लहर में डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने भगवा यहां से लहराया और फिर दोबारा वे 2019 में भी जीते। इस बार वे हैट्रिक लगाकर अपनी ही पार्टी के सांसद रहे आनंद रत्न मौर्य के रिकार्ड की बराबरी कराना चाहते हैं। वे इसमें कितना सफल होते हैं ये तो वक्त ही बताएगा।



#### सिर्फ 13,959 वोट से जीते थे महेंद्रनाथ पांडेय

- 2019 के लोकसभा चुनाव में डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को सपा उम्मीदवार संजय सिंह चौहान से कड़ी टक्कर मिली थी। बसपा से गठबंधन कर चुनावी समर में उतरी सपा से डॉ. पांडेय मात्र 13,959 वोटों के अंतर से ही जीत पाए थे। जबकि 2014 के चुनाव में जब सपा और बसपा अकेले मैदान में उतरीं थीं तो उन्होंने बसपा के अनिल कुमार मौर्य को 1,56,756 मतों के अंतर से हराया था

#### चार विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से चार मुगलसराय, सैयदराजा, अजगरा और शिवपुर सीट पर भाजपा के विधायक हैं जबकि सकलडीहा सीट पर सपा काबिज है। विधानसभा चुनावों और दो बार के लोकसभा चुनाव परिणाम को देखते हुए तो भाजपा का पलड़ा भारी लगता है लेकिन सपा और उसकी सहयोगी पार्टी कांग्रेस की कोशिश है कि इस बार हर हाल में भाजपा से आगे निकला जाए। बसपा को लगता है कि सपा- भाजपा की लड़ाई में जीत उसकी होगी।

#### दो बार विधायक रहे हैं वीरेंद्र सिंह

- सपा उम्मीदवार वीरेंद्र सिंह चिरईगांव विधानसभा सीट से 1996 में कांग्रेस के टिकट पर जीते थे। इसके बाद उन्होंने 2003 में इसी सीट पर हुए उप चुनाव में बसपा उम्मीदवार के रूप में जीत दर्ज की। बसपा छोड़ने के बाद वे कांग्रेस में गए। कांग्रेस से पुन: बसपा में गए और वहां से सपा में आ गए। इस पर पार्टी ने उन्हें टिकट दे दिया।



**जीत की हुंकार** एटा में आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पदाधिकारियों ने घंटा भेंट किया। मुख्यमंत्री ने सपा और कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर हमला बोला।

### यादव कुनबे की तीन सीटों पर परीक्षा, दो हारी थीं पिछली बार

**तीसरे चरण का मतदान**

**चुनाव डेस्क।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। इस चरण में यूपी की दस सीटों संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली में वोट पड़ेंगे। इनमें से समाजवादी पार्टी के लिए तीन लोकसभा सीटें मैनपुरी, बदायूं और फिरोजाबाद बेहद खास हैं। इन तीनों सीटों पर मुलायम सिंह यादव के परिवार के सदस्य चुनाव लड़ रहे हैं। बदायूं लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी को पिछले दो चुनावों से हार का सामना करना पड़ रहा है। इस बार यहां से पार्टी ने शिवपाल यादव के पुत्र आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया है। वह पहली बार लोकसभा चुनाव के समर में उतरे हैं।

बदायूं लोकसभा, फिरोजाबाद लोकसभा और मैनपुरी लोकसभा सीट की। इन तीनों सीटों पर मुलायम सिंह यादव परिवार के सदस्य चुनाव लड़ रहे हैं। बदायूं लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी को पिछले चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। इस बार यहां से सपा ने शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया है। यह आदित्य यादव का पहला लोकसभा चुनाव है। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर भी सपा को पिछली बार हार का सामना करना पड़ा था।

### बसपा के बाहरी मुद्दे से जौनपुर में रोचक लड़ाई

**चुनाव डेस्क।** जौनपुर संसदीय सीट पर इस बार कड़ा मुकाबला होने के आसार हैं। पिछले चुनाव में बसपा ने सपा से गठजोड़ के बाद इस सीट को जीता था। इस बार पार्टी ने अपने सांसद का टिकट काटकर पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। पहले धनंजय को ही टिकट मिलना था लेकिन अदालत से सजा मिलने के बाद उनके चुनाव लड़ने पर रोक लग गई। धनंजय जेल में थे तो श्रीकला को चुनाव प्रबंधन में दिक्कत आ रही थी लेकिन जमानत पर उनकी रिहाई के बाद अब यहां के समीकरण बदले हैं। माना जा रहा है कि अब बसपा मुकाबले को आसानी से त्रिकोणीय बना ले जाएगी। पार्टी यहां स्थानीय बनाम बाहरी पर आकर टिकट गई है। भाजपा ने जौनपुर निवासी कृपा शंकर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वर्षों से वे मुंबई में ही राजनीति कर रहे थे। इसी तरह सपा से पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा को उतारा है। वे भी जौनपुर के निवासी नहीं हैं। ऐसे में बसपा इसे भुनाने में लगी हुई है। धनंजय के आने से बसपा का प्रचार भी तेज हो गया है।

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविनः ॥

पांच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पांच लोग है – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

## संपादकीय

# युवा बेरोजगारी अधिक

भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। परंतु अर्थव्यवस्था में होने वाली वृद्धि उन लाखों युवाओं के लिए पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर पा रही है, जो हर साल श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। निश्चित रूप से यह स्थिति विरोधाभाषी है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में जो बेरोजगार कार्यबल है, उनमें लगभग 83 फीसद युवा है। आईएलओ की रिपोर्ट में इस बात को लेकर चिंता जताई गई है कि अधिकतर युवाओं में जरूरी कौशल की कमी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने स्वीकार किया है कि युवा आयु वर्ग में बेरोजगारी सबसे अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय युवा कौशल हासिल करने और उद्यम शुरू करने में अधिक समय लगाते हैं। गोयल ने कहा कि मजबूत वृद्धि के साथ देश में रोजगार सृजन में लगातार सुधार हो रहा है। अधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी अधिक है, लेकिन वे अधिक वेतन भी कमाते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए, युवा कौशल हासिल करने और नौकरी की तलाश में अधिक समय बिता रहे हैं। दरअसल पिछले कुछ दशकों में अधिकांश वृद्धि भारत के सेवा क्षेत्र के विस्तार की वजह से हुई है, जो कि विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में उतने रोजगार नहीं पैदा कर पाती है। हालांकि, कृषि और निर्माण क्षेत्र में नौकरियां काफी हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में उतने कुशल श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं जितनी उम्मीद की जाती है। यही वजह कि नव शिक्षित वर्ग श्रम क्षेत्र की मांगों को पूरा नहीं कर पा रहा है। यानी, उन क्षेत्रों में नौकरियां भी हैं और नौकरी चाहने वाले भी, लेकिन काम के हिसाब से योग्यता और कौशल की कमी है। पिछले तीन वर्षों में सरकार ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के तौर पर सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाया है। इन तमाम प्रयासों के बावजूद, युवाओं के लिए रोजगार सृजन अपर्याप्त है जो कि आईएलओ की रिपोर्ट से पता चल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा बेरोजगारी स्नातक डिग्री धारकों में पाई गई है। इनमें महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित समूह था जबकि भारत उन देशों में से एक है जहां महिला श्रम बल भागीदारी दर दुनिया में सबसे कम, करीब 25 फीसदी है। ऐसे में गैर-कृषि रोजगार बढ़ाने के लिए नीतियों में बदलाव की जरूरत भी जोर है। बेहतर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, बीमा, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं के माध्यम से युवाओं के लिए अवसरों को बढ़ाया जा सकता है।

# कैसे बहने लगी पूर्वोत्तर में बदलाव की बयार


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

**पिछली सरकारों द्वारा वास्तविक समस्याओं का समाधान किए बिना सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को लगातार बढ़ाया गया। इसे त्रिपुरा और मेघालय से पूरी तरह हटा लिया गया है और मणिपुर, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के अधिकांश जिलों में इसका अस्तित्व समाप्त हो गया है।**



**शांति अपने साथ विकास लाती है और विकास स्थायी शांति स्थापित करती है। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए पिछले 10 सालों में रेलवे में 81000 करोड़ रूपए, सड़क संपर्क में 48000 करोड़ रूपए और भारतमाला परियोजना के तहत 5196 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया है। उड़ान योजना के तहत 8 नए हवाईअड्डों का निर्माण हुआ है और 71 नए हवाई मार्ग शुरू किए गए हैं। इसके अलावा बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़क नेटवर्क की मरम्मत और सुधार किया जा रहा है। शीशे की तरह साफ है कि नरेंद्र मोदी सरकार पूर्वोत्तर भारत में समग्र रूप से विकास करना चाहती है।**

बीती 26 अप्रैल को लोकसभा की देशभर के अलग-अलग राज्यों में फैली 88 सीटों के लिए मतदान हुआ, पर एक खास बात की कमोबेश अनदेखी ही हुई। दूसरे चरण की पोलिंग में मणिपुर में 77.18 फीसद और त्रिपुरा में 78.53 फीसद तक मतदान हुआ। इन दोनों राज्यों जितना अधिक मतदान देश में कहीं नहीं हुआ। इससे पहले, पहले दौर के मतदान में मेघालय में 70.26 फीसद, मिजोरम में 54.18 फीसद, नगालैंड में 56.77 फीसद, त्रिपुरा और मणिपुर में क्रमश : 89 फीसद से कुछ कम और लगभग 70 फीसद मतदान हुआ। यही नहीं, कहीं कोई हिंसा भी नहीं हुई।

मतदान के ये आंकड़े बहुत कुछ साफ-साफ कहते हैं। ये उन तमाम लोगों को शांत करवाने के लिए काफी हैं, जो दावा करते थे कि पूर्वोत्तर राज्यों में शांति अभी दूर की संभावना है। सच तो यह है कि पूर्वोत्तर भारत की सफलता की कहानी बनकर उभरा है। पूर्वोत्तर से देश भर संदेश गया है कि कोशिश हो तो जटिल विवाद हल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में कई खूंखार उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए और 9,500 से अधिक उग्रवादी आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए। बेहतर सुरक्षा स्थिति के कारण, पूर्वोत्तर के 80 प्रतिशत हिस्से से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) हटा लिया गया है।

पिछली सरकारों द्वारा वास्तविक समस्याओं का समाधान किए बिना सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को लगातार बढ़ाया गया। इसे त्रिपुरा और मेघालय से पूरी तरह हटा लिया गया है और मणिपुर, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के अधिकांश जिलों में इसका अस्तित्व समाप्त हो गया है। बेशक, यह क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की सुधरती स्थिति की ओर इशारा करता है। देश के लिए सिरदर्द बनने वाले उल्फा, यूएनएलएफ, डीएनएलएफ, एनएलटीएफ जैसे संगठन शांति स्थापित करने के लिए तैयार हुए और उनके कैडर देश- प्रदेश की मुख्यधारा में शामिल हो गए। इन उग्रवादी संगठनों के हजारों कैडरों ने आत्मसमर्पण कर दिया और उन्हें पुनर्वासित किया जा रहा है।

दरअसल पूर्वोत्तर राज्यों में अशांति का लंबा इतिहास रहा है। यहां उग्रवाद, अवैध घुसपैठ और अन्य समस्याओं के कारण पूरा क्षेत्र पक्षाघात की स्थिति मे ला कर खड़ा कर दिया गया था। कहना पड़ेगा कि पिछली सरकारों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए। यही नहीं, पूर्वोत्तर राज्य की पुरानी समस्याओं को हल करने की तरफ ध्यान नहीं दिया गया, जिसका परिणाम यह हुआ की यह सारा क्षेत्र जलने लगा। ऐसा प्रतीत होता है जैसे वहां की जनता को मूर्ख बना कर उनका ध्यान भटकाया जाता रहा।

नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल से ही पूर्वोत्तर राज्यों पर विशेष ध्यान दिया है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जो विकास के लिए केंद्र सरकार पर बहुत अधिक निर्भर है। यह सब होने के बावजूद इसकी घोर उपेक्षा की गई। अगर पूर्वोत्तर राज्य अब अमन की तरफ पूरी तरह से बढ़ रहे है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके तेज तर्रार गृह मंत्री अमित शाह को देना होगा। अमित शाह के पास एक रणनीतिक दृष्टिकोण है जो उनके सभी पूर्ववर्तियों को भी मात देता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मंत्र को अमित शाह ने पूर्वोत्तर में मन से लागू किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की सक्षम मध्यस्थता के कारण अग्रवादी संगठनों को शांति का रास्ता अपनाना पड़ा। इससे यह साबित होता है कि, अगर इरादे हों तो जटिल मुद्दों को भी हल किया जा सकता हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में उग्रवाद और विद्रोह के बढ़ते मामलों के कई कारण रहे हैं। लेकिन सबसे मुख्य कारण क्षेत्र के विकास के प्रति लापरवाही बरतने का है। जिसके लिए लगातार कांग्रेस की सरकारें ही जिम्मेदार रही हैं। एक बात जान लेना होगा कि अगर किसी मसले का ईमानदारी से हल खोजा जाए तो फिर हल निकलता ही है। पिछले दसेक सालों के दौरान

पूर्वोत्तर में उग्रवादी घटनाओं में 89 प्रतिशत की कमी और नागरिकों की मौत के मामलों में 85 प्रतिशत की कमी आई है। सुरक्षाबलों की मृत्यु की घटनाएं 71 प्रतिशत घटकर 458 से 132 रह गईं, नागरिकों की मृत्यु में 86 प्रतिशत की कमी आई है।

शांति अपने साथ विकास लाती है और विकास स्थायी शांति स्थापित करती है। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए पिछले 10 सालों में रेलवे में 81000 करोड़ रूपए, सड़क संपर्क में 48000 करोड़ रूपए और भारतमाला परियोजना के तहत 5196 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया है। उड़ान योजना के तहत 8 नए हवाईअड्डों का निर्माण हुआ है और 71 नए हवाई मार्ग शुरू किए गए हैं। इसके अलावा बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़क नेटवर्क की मरम्मत और सुधार किया जा रहा है।

शीशे की तरह साफ है कि नरेंद्र मोदी सरकार पूर्वोत्तर भारत में समग्र रूप से विकास करना चाहती है, चाहे वह सड़क कनेक्टिविटी, रेल कनेक्टिविटी, बिजली उत्पादन, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, दूरसंचार,आदिवासी कल्याण आदि हो।

2014 के बाद से उत्तर-पूर्व भारत की कहानी एक नीति के तौर पर एक महत्वपूर्ण केस-स्टडी होगी जिसमे गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका को उचित महत्व दिया जाएगा । उन्होंने वास्तव में दुनिया को दिखाया है कि रणनीति और नीति के माध्यम से किसी क्षेत्र पर कैसे काबू पाया जा सकता है। प्रधानमंत्री की सरपरस्ती में गृह मंत्री के ठोस प्रयासों ने पूर्वोत्तर भारत का चेहरा-मोहरा बदल दिया है। बदले हुए पूर्वोत्तर की नामवर हस्तियों को सारा देश पहचानने लगा है। मुक्केबाज मैरी कॉम को कश्मीर से लेकर गोवा तक का बच्चा-बच्चा अपना मानता है। मैरी कॉम को दादा ध्यानचंद या सचिन तेंदुलकर के कद का खिलाड़ी ही मान सकते हैं। वह छह बार विश्व चैंपियन रहीं और एक बार भारत को ओलंपिक पदक भी जितवा चुकी हैं। इन उपलब्धियों पर मैरी कॉम जितना चाहे फख्र कर सकती हैं। पर पूर्वोत्तर पर निरंतर ध्यान देते रहना होगा। उसकी अब अनदेखी नहीं की जा सकती।

## प्रसंगवश

# बिखराव व अलगाव के जिम्मेदार

**हमारे व्हाट्सएप ग्रुप के चार सदस्यों की इस समस्या को मनोविज्ञान की रोशनी में देखें तो इसकी जड़ में अंतत अकेलापन और प्रेम का अभाव है । यदि ऐसा है तो क्या बचे हुए हम तीन सदस्य भी इसके लिए जिम्मेदार नहीं ? हम क्यों उन्हें वह प्रेम और पहचान नहीं दे पाए जिसके लिए उन्हें जहरीली सियासत की गोद में जाकर बैठना पड़ा ।**


संजय वर्मा
इंदौर

हम सात दोस्तों का एक व्हाट्सएप ग्रुप है। पहले कभी इसमें हम सुख-दुख बांटा करते थे । फिर इसे जमाने की हवा लग गई। अब इस पर जहर बोया और काटा जाता है। दो मोदी जी के भक्त हैं, दो विरोधी । बाकी के तीन डर और लिहाज की मिली जुली प्रेरणा से चुप रहते हैं।यह चारों सुबह-शाम हम बचे तीन लोगों को संदेश, वीडियो, अखबारी कतरनों से अपनी ओर मिलाने का प्रयास करते हैं। मेरा व्यापारी मन हैरान होता है। इतनी मेहनत सिर्फ तीन वोटो के लिए? रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट के लिहाज से यह सौदा घाटे का है । पर उनका समर्पण देख मैं नतमस्तक हो जाता हूं।

यह अकेले मेरे दोस्तों के व्हाट्सएप ग्रुप की समस्या नहीं है। परिवार, व्यापार, कॉलोनी तमाम व्हाट्सएप ग्रुप पर यही जहर सुबह शाम बंट रहा है। लोग अपने नेता के लिए रिश्ते नाते कुर्बान कर रहे हैं। कभी सोचता हूं क्या मोदी जी या राहुल गांधी को पता है सुदूर इंदौर में कोई उनका पार्टी कार्यालय रोशन करने के लिए अपना घर जला रहा है। मतलब सारे रिश्ते नाते तोड़ के आ गई(गया), ले मैं तेरे वास्ते सब छोड़ के....।

क्यूं कर रहे हैं लोग ऐसा ? यह मुझे सामूहिक हिस्टीरिया जैसा लगता है वरना हमारे ग्रुप का एक वैज्ञानिक दोस्त किसी अतार्किक ऊलजलूल बात के समर्थन में तर्क क्यों ढूंढ कर लाता ?

मनोविज्ञान कहता है इन समर्थकों ने एक काल्पनिक दुनिया बना ली है, जिसमें पार्टी इनका परिवार खानदान और कबीला है जिसकी रक्षा के लिए वे अपना सर्वस्व कुर्बान करने के लिए तैयार हैं। पार्टी का नेता उनका बड़ा भाई पिता या बाबा है, उसके संरक्षण में वे सुरक्षित महसूस करते हैं, प्रेम देते लेते हैं ।

मेरे एक मामा जी थे। उन्होंने शादी नहीं की थी। बुढ़ापे तक आते-आते सब बिछड़ गए। उन्होंने देवी मां को अपना सगा मान लिया। दिनभर उनसे बातें करते। चाय पीने की इच्छा होती तो मां की मूर्ति के पास जाकर पूछते- मां चाय पियोगी ? फिर खुद ही जवाब देते- हां हां अभी बना कर लाता हूं ।

अकेला आदमी अपनी एक काल्पनिक दुनिया बसा लेता है।

अपने नेता के लिए जीने मरने वाले ये मित्र भी क्या मेरे मामा की तरह अपने कुटुंब कबीले से बिछड़ गए हैं ? पर एक समस्या और है , इस तरह हम उनके प्रेम को तो समझ सकते हैं , पर विरोधी गुट से उनकी नफरत को कैसे समझें जिसमें वे दिन रात उबल रहे हैं ?

एक मनोवैज्ञानिक ने बताया है - कभी कभी नफरत भी इंसान को जीने का मकसद देती है। खास तौर पर जब वह किसी समूह से हो। निरर्थक बेमकसद जीवन को किसी सागर में भटकी नाव की तरह नफरत का किनारा मिल जाता है। जीने का मकसद मिल जाता है।

बताते हैं जब इंसान कबीलों में रहता था तब अपने परिचय में नाम, पिता, कबीले और दीगर जानकारी के अलावा अपने दुश्मन का नाम भी बताता था। मतलब आपकी पहचान में आपका दुश्मन भी शामिल था। संभव है यह आदिम प्रवृत्ति हमारे भीतर अब भी हो । हम अब भी अपनी पहचान के लिए दुश्मन और उससे नफरत पर निर्भर करते हों । संभव है अपनी पहचान के संकट से जूझता इंसान नफरत में अपने होने को तलाश रहा है । इस नफरत से एक फायदा और होता है । जब आप एक समूह से नफरत करते हैं तो नफरत करने वालों का भी एक समूह बन जाता है और उनमें आपस में भाईचारा हो जाता है ।

हमारे व्हाट्सएप ग्रुप के चार सदस्यों की इस समस्या को मनोविज्ञान की रोशनी में देखें तो इसकी जड़ में अंतत अकेलापन और प्रेम का अभाव है । यदि ऐसा है तो क्या बचे हुए हम तीन सदस्य भी इसके लिए जिम्मेदार नहीं ? हम क्यों उन्हें वह प्रेम और पहचान नहीं दे पाए जिसके लिए उन्हें जहरीली सियासत की गोद में जाकर बैठना पड़ा । मैं अचानक अपने आप को अपराधी महसूस करने लगा हूं।

# विश्वविद्यालयों की स्थिति एवं प्रशासनिक कार्य प्रणाली


ए.के. जैतली
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, बरेली

**एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्वरूप को लेकर हाल में ही उच्च शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में एक सूचना प्रदान की थी।**

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत राज्य विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपेक्षा की गई है। परंतु विश्वविद्यालय सामाजिक भ्रष्टाचार का केंद्र बनकर रह गए हैं। कुलपति अपने गलत कामों को सही ठहरने के लिए शिक्षकों का प्रयोग करने लगे हैं। सवाल है क्या इस तरह हमारे विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता दे पाएंगे। इन दिनों एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति और कुल सचिव के बीच चल रही अधिकारों और दायित्वों की जंग चर्चा में है। राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 13 में स्पष्ट है कि कुलपति को राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धाराओं एवं परिनियम में वर्णित प्रावधानों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय का संचालन करना होगा। किन्तु देखने में आया है कि कुलपति जब नियम विरुद्ध कार्य करते हैं तो वह राजभवन को शामिल करने की चेष्टा करते हैं।

कुलपतियों की नियुक्ति में भी अपनाया जा रहा रवैया अजब है। कुलपति की नियुक्ति के लिए चयन समिति में किसी दूसरे विश्वविद्यालय के कुलपति को ही एक सदस्य बना कर अध्यक्ष बनाया जाता है। पांच साल का इतिहास देखा जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि एक कुलपति की नियुक्ति में दूसरे विश्वविद्यालय का कुलपति अहम भूमिका निभाता है। फिर वही नियुक्त कुलपति दूसरे विश्वविद्यालय में नियुक्ति हेतु उसी के कुलपति हेतु चयन में मदद करता है जिसने उसे पूर्व में कुलपति हेतु चयनित किया था। 2020 में एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति की चयन समिति में यूपीटीयू के कुलपति अध्यक्ष थे, और उनके द्वारा ही एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम का चयन किया गया था । तत्पश्चात जब कानपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के चयन का नंबर आया, तो वहीं एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति, चयन समिति के अध्यक्ष थे और उन्होंने उन्हीं यूपीटीयू के कुलपति का नाम कानपुर में चयनित किया, जिन्होंने उन्हें पूर्व एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय हेतु चयनित किया था । इस तरह की चयन प्रणाली एक जांच का विषय है। इस तरह से विश्वविद्यालय के चयनित कुलपति विश्वविद्यालय की अपेक्षाओं के अनुरूप कैसे खरे उतर सकते हैं?

एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्वरूप को लेकर हाल में ही उच्च शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में एक सूचना प्रदान की थी। उस सूचना के आधार पर तो एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय में चयनित शिक्षकों का वेतन निर्धारण यूजीसी एवं शासन के मानकों के अनुरूप नहीं होगा। कुल सचिव व वित्त अधिकारी शासन का प्रतिनिधित्व करते हैं, और उनसे राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परनियमों के अनुसार यह अपेक्षा की जाती है कि वह विश्वविद्यालय में हो रहे नियम विरुद्ध कार्यों से शासन को अवगत कराएंगे । यही कारण था कि पूर्व वित्त अधिकारी ने विश्वविद्यालय में की जा रही वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमित्ताओं से राजभवन व शासन को अवगत कराया था। जिस पर जांच प्रस्तावित है। हाल में ही एमजेपी विश्वविद्यालय में की गई नियुक्तियों में गड़बड़ी के आरोप लगे। यह भयावक स्थिति है इस विषय में गंभीरता से सोचना होगा। विश्वविद्यालय के अधिनियम व परिनियम में कुलसचिव, उप कुलसचिव व सहायक कुलसचिव शासन के अंतर्गत सेंट्रलाइज्ड सर्विस से गवर्न होते हैं। शासन के अनुसार ये विश्वविद्यालय में सेंट्रलाइज्ड सर्विस से इसलिए नियुक्त किए जाते हैं ताकि वह अपने दायित्वों से पूर्ण नियम व कानून को कुलपति के समक्ष रखें और कुलपति को उसी के अनुसार कार्य करने की सलाह दें, चाहे वह वित्तीय या प्रशासनिक। जब तक कुलपति व शासन के द्वारा नियुक्त अधिकारियों के बीच टकराव नहीं होता, तब तक सब सही चलता रहता है और जब अहम के टकराव होते हैं, तो वही होता है जो विश्वविद्यालय में हो रहा है।

शिक्षा के उत्थान के लिए सरकार चाहे जितने कार्य कर ले, जब तक विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के आचरण और कर्तव्यों में नियम कानून का पालन सुनिश्चित नहीं किया जाएगा, तब तक देश, प्रदेश की शिक्षा का उत्थान नहीं हो सकता। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ, समाज का उत्थान, समाज को दिशा देने का कार्य विश्वविद्यालय कैसे कर सकते हैं विश्वविद्यालय की प्रथम प्राथमिकता नियम संगत कार्य करने की होनी चाहिए तभी विद्यार्थियों और समाज का कल्याण हो सकता है।

## सोशल फोरम

# फर्ज के कर्ज में जिंदगी


प्रभात उप्रेती
सेवानिवृत्त प्रवक्ता, चमोली

मतदान कर के आया तो एक ज्ञानी बुजुर्ग महोदय से मैंने पूछ लिया किस का स्कोर कितना होगा। वह बोले, यह तो नहीं बतला सकता पर आज मुझ पर, आप पर, हर एक पर 1.46 लाख रूपया कर्ज है।

हर जन्मा बच्चा इस बेरहम समाज का कर्जदार हो कर आता है। आज हम पर 20.5 लाख करोड़ का कर्ज हो गया है। खरबपति, खगपति बढ़ते जा रहे हैं। कंगाली बढ़ रही है और मॉल है कि कह रहे हैं, लूट लो। कर्ज तो देश के विकास के लिए है पर खरबपति आगे बढ़ रहे हैं। यानी कि पर्दा हमारे नाम से उट्ठा ईद मनाई लोगों ने।

आमदनी अठन्नी खर्चा रूपया के हिसाब में जब रोजगार नहीं है, मतदाता को रिझाने में सब मुफ्त होईगा तो यही होएगा। मानव संसाधन का प्रयोग नहीं है, 23 करोड़ गरीबी रेखा से नीचे हो गए हैं। पंचतत्व आदमी के भोगी प्रवृत्ति के कारण असंतुलन में हैं।

याद आई एक किताब लैरी इलियट और डॉन एटकिंसन की द गाड्स दैट फेल्ड। कारण एक खास के लिए करोड़ों को समर्पित किए जाने का जलवा। आर्थिक असंतुलन इस विश्व का कृत्रिम नेचर बन गया है। विश्व बाजार सूदखोर है। ब्रिटेन ने तो बैंक, सूदखोरी अर्थशास्त्र के सहारे दुनिया में राज किया। यह अर्थ, अनर्थ है।

हम भारतीय तो अपनी संस्कृति के द्वारा ही कर्जदार कर दिए जाते हैं। मातृऋण, पितृ ऋण, देव ऋण... जिंदगी न हुई सूदखोरी हो गई। सारी जिंदगी ऋण उतारने में चली जाती है, जिएंगे कब।

माता-पिता के लिए बच्चे कर्जदार क्यों। आज के बाजार में तो बच्चे हो लिए पैकेजेज। कैसा अर्थशास्त्र। एहसान तले दाब दो जन्म जन्मान्तर तक, उसका सूद खाते रहो। माता-पिता बच्चे का संबंध हो या प्यार कभी कर्ज नहीं होता, सहज जीने का एहसास है। ऋण तो भाषाई तिलिस्म है।

बच्चों को पालने में माता-पिता का आनंद है तो मां-बाप को पालने में बच्चों को भी आनंद ही आना चाहिए। दोस्ती है असल संबंध। चाहे बच्चों माता-पिता के बीच हो, पति-पत्नी के बीच। सारे संबंध कृत्रिम । और अब कृत्रिम बुद्धि।

**-फेसबुक वॉल से**

# पुराण में सांप और जीवाश्म विज्ञान


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

दुनिया में पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के 'बॉडी-साइज़' अर्थात इनके शरीर की आकृति, आमाप और आकार में फर्क क्यों है? क्या ये एव्ल्युशन की प्रक्रिया के दौरान स्थिर हो गए हैं। कुदरत ने सभी जीवधारियों के शरीर के सम्बन्ध में कुछ घटकों को कैसे निश्चित किया? क्या फार्मूला रहा होगा?

कुछ दिन पहले पुराविदों को सरीसर्प का एक जीवाश्म जमीन में दबा मिला कहा गया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा सांप हुआ करता। इस बारे में हमारे यहां तो पुराण कथाओं में किसी और तरीके से कहानियां गढ़ी गई है जो सिर्फ एंटरटेन करती हैं, विज्ञान की बात नहीं बताती। आप चाहें तो इसे वासुकी नाग से जोड़ सकते हैं जिसके फन पर पृथ्वी टिकी हुई है। कोई कहता है यह वाराह के थूथन पर टिकी है। इस मामले में सबसे बढ़िया विवरण डेविड कोप का दिया हुआ है, जिसे हमें पढ़ना चाहिए।

कोप के विवरण जीवाश्म विज्ञान (पेलियंटोलॉजी) से संबंधित हैं। इस विषय पर हमारे यहां एक विशिष्ट टाइप का इंस्टिट्यूट लखनऊ में सन 1946 से कार्यरत है जिसका नाम है बीरबल साहनी इंस्टिट्यूट ऑफ़ पेलियोसाइंसेज। इसके काम काज के बारे में आमजन या अधिकांश फेस-बुकिये तो क्या जानेंगे विज्ञान लेखक भी कभी इस तरफ ध्यान नहीं देते। अधिकांश काम नर्मदा घाटी और हिमालय के जीवाश्मों की तरफ है और बेसिक रिसर्च से कोई खास लेना-देना नहीं। इंडियन सोसाइटी ऑफ़ पेलियोलॉजी भी है जो एक जर्नल का प्रकाशन करती है। डेविड कोप ने इनवरटीब्रेट्स (अरीढ़धारियों) के बारे में सूचना एकत्र कर इसे पचास खंडों में प्रकाशित किया और यह सब करते हुए एव्ल्युशन के बारे में खूब लिखा। पृथ्वी के जीवधारियों के विकासक्रम के बारे में रिसर्च का काम चलता रहता है और नयी थ्योरीज सामने आती रहती हैं। पॉपुलर साइंस पत्रिकाएं भी इस विषय पर कम कवरेज देती हैं, लेकिन वैज्ञानिक शोध प्रकाशित करने वाली कुछेक पत्रिकाओं में इस बाबत जानकारी का प्रकाशन नियमित होता है, खासतौर से 'नेचर इकोलॉजी एंड एव्ल्युशन' जर्नल में।

सांप का जो नया जीवाश्म मिला है और इस खबर को भारत में भी अधिकांश अखबारों ने प्रकाशित किया है उसमें डिटेल्स तो हैं ही नहीं! रिसर्च से मालूम होता है कि विकास क्रम की प्रक्रिया में कुदरती हालात के बदलते रहने का जीवधारियों के बॉडी साइज़ को तय करने की प्रक्रिया पर गहरा प्रभाव पड़ता रहा है। इसमें डेविड कोप की 'आईलैंड थ्योरी' का अध्ययन भी जरूरी है। कुल मिलाकर यह बड़ा रोचक विषय है।

निर्भर करता है कि जीवधारियों के बारे में जानकारी लेने के हमारे नज़रिए को पौराणिक आख्यान प्रभावित करते हैं या आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति? और अगर, दोनों के कारण मौजूद हैं तो फिर तुलनात्मक बात कहनी और समझनी चाहिए।

# हमारे लाला जी का फ़िल्मी शौक


वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

हमें फ़िल्मी शौक यों ही नहीं है। ये हमें विरासत में मिला है। बल्कि कहिए कि डीएनए में है। हमारे पिता जी भी खूब फ़िल्में देखते थे। हमारे दादा जी को ये शौक जुनून की हद तक था। पार्टीशन से पहले वो अपने शहर मियांवाली में बजाजे का काम करते थे। उन्हें लाला जी कहा जाता था, लाला लक्ष्मण दास बजाजे आले। उन दिनों शहर में कोई सिनेमा हाल नहीं था। सिनेमा देखने वो कई बार लाहौर और रावलपिंडी गए।

लाला जी की तरह के कई फ़िल्मी कीड़े थे। उन्हीं में एक थे - टिंबर मर्चेंट लाला गद्दी राम मानकताला। उन्होंने सिनेमाहाल बनाने की शुरुआत की। हमारे लाला जी और एक अन्य लाल चंद चुग भी उसमें पार्टनर बन गए। सिनेमाहाल का नाम रखा गया - दिलरुबा टॉकीज़। ये बात 1933 की है। शहर में तहलका मच गया। लोगों की लाईफ स्टाईल ही बदल गई। मनोरंजन का एक नया ज़रिया मिल गया। छोटा-बड़ा, जवान-बूढ़ा, हिंदू-मुसलमान, अमीर-फ़कीर, जिसे देखो सिनेमा की बात कर रहा है।

उन दिनों मियांवाली शहर में बिजली नहीं होती थी। दिलरुबा टॉकीज़ डीज़ल के जनरेटर से चलाया गया। शुरुआत के दिनों में प्रोजेक्टर भी एक था। लिहाज़ा रील ख़तम हुई नहीं कि दस मिनट का इंटरवल होता था। टॉकीज़ में भीड़ बहुत होती थी। पीछे की दो पंक्तियां लेडीज़ के लिए रिज़र्व होती थीं। जब कोई धार्मिक फ़िल्म लगती थी तो दोपहर का एक शो लेडीज़ स्पेशल रखा जाता था। कुछ साल बाद टॉकीज़ बंद हो गया। पार्टनर्स में आपसी मन-मुटाव ख़ास वज़ह थी। तब इसे बहादुर शाह अधलखा ने खरीद लिया और नया नाम दिया - बहादुर टॉकीज़।

लाला जी पार्टीशन के बाद दिल्ली में सेटल हो गए। यहां भी उन्होंने बजाजे का धंधा शुरू किया। लेकिन क़िस्मत ने साथ नहीं दिया। फिर उन्होंने चाबी के छल्ले और चेन के धंधे में हाथ डाला। काम जम गया। पहले रिटेल और फिर थोक व्यापारी हो गए। सदर बाजार में एक छोटी सी दुकान रख ली। सदर के पास बारह टूटी में वेस्टएंड सिनेमा हॉल था। लाला जी दुकान से उठकर चुपके से उठ कर फिल्म देख आते थे।

हम लोगों का गर्मी की छुट्टियों में दिल्ली जाना होता था। लाला जी जेब खर्च के लिए रोज़ाना चवन्नी देते थे। जो आगे चल कर पांच रूपए हो गया। सिनेमा देखने के पैसे अलग से मिलते थे।



शासन-प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पुरजोर प्रयास किया जा रहा है, जिसमें कई स्वयंसेवी संस्थाएं भी सहयोग कर रही हैं। इसी क्रम में राजधानी के सूर्य नगर स्थित बंसल लॉन में सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा आयोजित मतदान जागरूकता कार्यक्रम में चित्र बनाकर दिखाते बाल चित्रकार। -अमृत विचार

## रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किया रामलला के दर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** चुनावी प्रचार के दौर में पार्टियां धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने का मौका नहीं छोड़ रहीं हैं। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने रविवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन किये और लखनऊ के भाजपा प्रत्याशी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पांच लाख वोटों से विजयी बनाने समेत एनडीए के मिशन 80 को सफल बनाने की कामना की। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के लिए अयोध्या में संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई है। पदाधिकारियों को एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में मतदाताओं से संवाद करने के निर्देश दिये गये हैं। बैठक के बाद मंदिर में दर्शन किये और रामलला से सभी के कल्याण की कामना की है।

# 16 बार हारे, 17वीं बार फिर मैदान में

### लोकसभा चुनाव के लिए किया नामांकन

खालिद अय्यूबी, हरदोई

**अमृत विचार:** उम्र के 73 वें पड़ाव में पहुंच चुके शिव कुमार के हौसलों से साबित होता है कि जुनून से उम्र का कोई रिश्ता नहीं होता। गांव की पंचायत से ले कर देश की संसद में पहुंचने का दावा कई बार कर चुके शिवकुमार 16 बार शिकस्त खा चुके है। इससे उनके ऊपर कोई असर नहीं पड़ा, बल्कि उनके हौसले और मजबूत हो गए। उन्होंने 17 वीं बार 18 वीं लोकसभा चुनाव में अपना दावा ठोक कर साबित कर दिया कि उनका उत्साह कमजोर नहीं हुआ है।

हरदोई मन्नापुरवा निवासी शिवकुमार ने पहली बार 2000 में हुए पंचायत चुनाव मैदान में ग्राम पंचायत टण्डौर से दावा ठोका, उस चुनाव में शिकस्त खानी पड़ी। उसके बाद शिवकुमार ने न सिर्फ पंचायत चुनाव में बल्कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में दावेदारी पेश करते हुए ऐसे लोगों की बोलती बंद कर दी, जो कहते है कि बढ़ती उम्र के साथ-साथ हौसले कमजोर हो जाते हैं।



इससे पहले 16 बार चुनाव मैदान में कूदने वाले शिवकुमार ने 17वीं बार फिर 18वीं लोकसभा के लिए दावा ठोकते हुए गत 25 अप्रैल को हरदोई लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन किया है। इस दौरान छुर्रियों वाले चेहरे पर अजीब सी चमक दिखाई दे रही थी, उसी चमक के साथ पर्चा दाखिल कर कलेक्ट्रेट से बाहर निकले शिव कुमार ने पूछने पर बताया कि उन्होंने गरीबों को हक दिलाने के लिए जो लड़ाई शुरू की है, जब तक सांस है, जारी रहेगी।



### कब और कहां ठोका दावा

- 2000-ग्राम पंचायत टण्डौर
- 2002-अहिरोरी विधानसभा चुनाव
- 2004-अहिरोरी विधानसभा उप चुनाव
- 2004-अहिरोरी विधानसभा चुनाव
- 2005-ग्राम पंचायत हरदोई देहात
- 2007-अहिरोरी विधानसभा चुनाव
- 2009- हरदोई लोकसभा चुनाव
- 2010- ज़िला पंचायत सदस्य हरियावां
- 2012-गोपामऊ विधानसभा चुनाव
- 2014- हरदोई लोकसभा चुनाव
- 2015- ज़िला पंचायत सदस्य टड़ियावां (द्वितीय) व अहिरोरी (प्रथम)
- 2017-गोपामऊ विधानसभा चुनाव
- 2019-हरदोई लोकसभा चुनाव
- 2021- ग्राम पंचायत हरदोई देहात
- 2022-साण्डी विधानसभा चुनाव

## चुनावी चक्कर

**● अभय 30 को ले सकते हैं बड़ा निर्णय :**

राज्यसभा चुनाव में सपा के खिलाफ वोटिंग करने वाले गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक अभय सिंह ने 30 अप्रैल को एक बैठक बुलाई है। सपा विधायक द्वारा बैठक बुलाए जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में किसी बड़े धमाके की चर्चा की जा रही है। बताया जाता है कि सपा विधायक ने गोसाईगंज और तारुन क्षेत्र के कार्यकर्ताओं समेत अपने निकटवर्ती लोगों को इस बैठक में बुलाया गया है। अभय सिंह के पिता भगवान बख्श सिंह और उनकी पत्नी सरिता सिंह के भाजपा में शामिल होने के बाद जिले की राजनीति में भूचाल आ गया था। इससे पहले विधायक अभय सिंह ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोटिंग करते हुए खिलाफत में आ गए थे। इसके बाद उन्होंने रामलला का दर्शन कर कहीं न कहीं पार्टी लाइन से भी अलग हटकर चलने का काम किया।

**● भविष्य की सता रही चिंता :**

राजधानी की लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव में कई स्थानीय नेता जो कि यहां के विधायक गोपाल टंडन के निधन के बाद उनके ही परिवार के किसी सदस्य को प्रत्याशी बनाने को संगठन पर जोर डाल रहे थे, अब वे नई समस्या में आ गए है, क्योंकि भाजपा ने दिवंगत विधायक के परिवार के सदस्य को टिकट न देकर ओपी श्रीवास्तव को प्रत्याशी घोषित कर दिया। अब ये नेता वर्तमान प्रत्याशी से अपने संबंध सुदृढ़ करने के लिए उनके आसपास मंडरा रहे हैं, क्योंकि उन्हें भविष्य की चिंता सता रही है।

# बसपा पृष्ठभूमि के प्रत्याशियों के बीच है मुकाबला

### प्रधानमंत्री नेहरू ने लगातार तीन बार जीता था चुनाव

### फूलपुर को हाई प्रोफाइल सीटों में किया जाता है शुमार

### माफिया अतीक अहमद भी इसी सीट से बना था सांसद

मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज

**अमृत विचार :** प्रयागराज जिले के तहत फूलपुर लोकसभा सीट आती है, जहां पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। फूलपुर लोकसभा सीट को उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीटों में शुमार किया जाता है।

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू भी इस सीट से कई बार सांसद चुने गए थे। एक अन्य पूर्व पीएम विश्वनाथ प्रताप सिंह भी यहां से चुने गए थे, गैंगस्टर अतीक अहमद भी इसी फूलपुर सीट से सांसद बने थे। फूलपुर सीट पर भाजपा और बसपा के दांव से चुनाव बेहद रोचक हो गया है। भाजपा ने मौजूद सांसद का टिकट काट दिया है। पहले माना जा रहा था कि सांसद केशरी देवी का टिकट कटा तो उनके बेटे दीपक पटेल को मिल सकता है लेकिन भाजपा ने प्रवीण पटेल को उतारकर सभी को चौंका दिया है। प्रवीण पटेल ने बसपा से राजनीति की शुरुआत की थी। 2017 में बसपा से भाजपा में शामिल हुए थे। सपा ने अमरनाथ मौर्य को उतारा है। अमरनाथ भी लंबे समय तक बसपा में रहे हैं। बसपा ने अपने वरिष्ठ नेता जगन्नाथ पाल को उतारा है। ऐसे में यहां पर मुकाबला बसपा पृष्ठभूमि के प्रत्याशियों के बीच है।



2019 के चुनाव में फूलपुर संसदीय सीट पर बीजेपी और सपा के बीच मुख्य मुकाबला था बीजेपी की ओर से केशरी देवी पटेल मैदान में उतरी थीं, केशरी देवी को चुनाव में 544,701 वोट मिले जबकि सपा-बसपा के साझा उम्मीदवार पंधारी यादव के खाते में 372,733 वोट गए थे।

एकतरफा मुकाबले में केशरी देवी को 171,968 मतों के अंतर से जीत मिली थी। इससे पहले 2014 के चुनाव में यहां से बीजेपी के प्रत्याशी केशव प्रसाद मौर्य ने सपा के प्रत्याशी धर्मराज सिंह को 3,08,308 मतों के अंतर से हराया था।

कांग्रेस ने फूलपुर सीट से क्रिकेटर से नेता बने मोहम्मद कैफ को उतारा था और वह चुनाव में चौथे स्थान पर रहे थे, फिर 2017 के विधानसभा चुनाव में राज्य में बीजेपी की सरकार बनने के बाद केशव प्रसाद मौर्य को डिप्टी सीएम बनाया गया और इस कारण उन्हें यह सीट छोड़ दी। उनके इस्तीफे से खाली हुई सीट पर उपचुनाव में बीजेपी को हार मिली थी।

### नेहरू की बहन भी लड़ चुकी हैं चुनाव

1952 के आम चुनाव से पहले फूलपुर सीट इलाहाबाद ईस्ट कम जौनपुर वेस्ट कहलाती थी। यहां से देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू 1952 में निर्वाचित हुए। 1957 व 1962 में भी जीते। उनके निधन के बाद 1964 के उपचुनाव में उनकी बहन विजय लक्ष्मी पंडित जीतीं।

### ये विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल

प्रयागराज में आने वाली फूलपुर संसदीय सीट पर विधानभा सीटें आती हैं, जिसमें प्रयागराज पश्चिम, प्रयागराज उत्तर, फाफामऊ, सोरांव और फूलपुर सीट है। 2 साल पहले 2022 में राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में फूलपुर की 5 विधानसभा सीटों में से 4 पर बीजेपी को जीत मिली थी जबकि एक सीट समाजवादी पार्टी को मिली थी।



प्रवीण पटेल



अमर नाथ मौर्य



जगन्नाथ पाल

### प्रवीण बसपा से रहे हैं विधायक

भाजपा प्रत्याशी प्रवीण के पिता महेंद्र प्रताप पटेल झूसी विधानसभा क्षेत्र से 1984, 1989 व 1991 में विधायक चुने गए थे। ये जनता पार्टी व कांग्रेस से जुड़े रहे। प्रवीण पटेल ने बसपा से राजनीतिक शुरू की थी। वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर फूलपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। बसपा से ही 2012 का विधानसभा चुनाव लड़े, लेकिन हार गए। फिर वर्ष 2017 में भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने 2017 व 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें फूलपुर से प्रत्याशी बनाया और दोनों में उन्हें जीत मिली।

### अमरनाथ ने बसपा के टिकट पर लड़ा था चुनाव

इंडी गठबंधन के तहत प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या सपा के प्रदेश सचिव भी हैं। अमरनाथ मौर्या भी प्रवीण पटेल की तरह बसपा में रह चुके हैं। 2002 में इलाहाबाद शहर पश्चिम से बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। इसके अलावा वह बसपा में कई पदों पर भी रह चुके हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के समय स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ अमरनाथ मौर्य ने सपा की सदस्यता ली थी। 2022 में विधानसभा चुनाव में शहर पश्चिम से सपा ने उन्हें टिकट भी दिया था, लेकिन नामांकन के अंतिम दिन रिचा सिंह को टिकट दे दिया गया था।

### शुरू से बसपा के साथ हैं जगन्नाथ पाल

बसपा के प्रत्याशी जगन्नाथ पाल 1996 में तत्कालीन बसपा सुप्रीमो कांशीराम के चुनाव में मतगणना एजेंट रह चुके हैं। राजनीति में वह लंबे समय से सक्रिय हैं। ग्राम पंचायत अमरसापुर, बहादुरपुर के दस वर्ष तक प्रधान भी रहे। शुरू से बसपा का झंडा लेकर चल रहे हैं। यही वजह है कि पार्टी उन्हें विधानसभा सीट झुंसी के महासचिव, जिला उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी, लोकसभा प्रभारी फूलपुर की जिम्मेदारी पूर्व में दे चुकी है। मुख्य मंडल जोन प्रभारी के साथ प्रयागराज व मीरजापुर मंडल के कोऑर्डिनेटर भी रह चुके हैं। वर्तमान में प्रयागराज के मंडल प्रभारी भी हैं।

### फूलपुर: 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| केशरी देवी पटेल | 5,44,701 |
| पंधारी यादव | 3,72,733 |
| पंकज पटेल | 32,761 |



### उप चुनाव : 2018 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | नागेन्द्र प्रताप सिंह पटेल | 3,42,922 |
| भाजपा | कौशलेंद्र सिंह पटेल | 2,83,462 |
| निर्दल | अतीक अहमद | 48,094 |
| कांग्रेस | मनीष मिश्रा | 19,353 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 व 57 | जवाहर लाल नेहरू/मसुरिया दिन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | जवाहर लाल नेहरू | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1964व 67 | विजया लक्ष्मी पंडित | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1969 | जनेश्वर मिश्र | संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी |
| 1971 | विश्वनाथ प्रताप सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | कमला बहुगुणा | जनता पार्टी |
| 1980 | बीडी सिंह | जनता पार्टी (सेक्युलर) |
| 1984 | राम पूजन पटेल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 व 91 | राम पूजन पटेल | जनता दल |
| 1996 व 98 | जंगबहादुर पटेल | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | धर्मराज पटेल | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | अतीक अहमद | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | कपिल मुनि करवरिया | बहुजन समाज पार्टी |

| 2014 नोटा | 2018 नोटा | 2019 नोटा |
|---|---|---|
| 8,424 | 2,724 | 7,882 |

### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | केशव प्रसाद मौर्य | 5,03,564 |
| सपा | धर्मराज सिंह पटेल | 1,95,256 |
| बसपा | कपिल मुनि करवरिया | 1,63,710 |
| कांग्रेस | मोहम्मद कैफ | 58,127 |




### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 20,47,108 |
| पुरुष | - 11,11,707 |
| महिला | - 9,35,293 |
| अन्य | - 198 |

### अपनी ढपली अपना राग



सरकार के लिए जनता ही परिवार है, गरीब को घर मिलना ही रामराज्य है। अयोध्या भी सजाया है.. मथुरा भी सजाएंगे है। -योगी आदित्यनाथ



कांग्रेस सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी। कांग्रेस बेरोजगारी और महंगाई मिटाकर आपको भागीदारी देगी। -राहुल गांधी



भाजपा से सावधान रहिए। जो मन की बात करते हैं वे संविधान की बात नहीं करते हैं। यह संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। -अखिलेश यादव



कांग्रेस का हमेशा एजेंडा सामाजिक टकराव और देश को विवादित मुद्दों की तरफ ले जाने का आ रहा है। गरीबों को और गरीब बनाने की मंशा रही है। -भूपेंद्र चौधरी

# दोहरी चुनौती का सामना कर रहे आकाश

### अनुसूचित मतदाताओं के साथ सर्व समाज के युवा दिलों में भी खुद को कर रहे स्थापित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बीते चुनावों में बसपा की गिरती साख को 2024 के लोकसभा चुनाव में बचाने को जुटे नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद दोहरी चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस भीषण गर्मी में पार्टी को जिताने के साथ ही खुद को भी पार्टी का सही उत्तराधिकारी साबित करने की जिम्मेदारी भी उनके कंधे पर है।

एकला चलो की रणनीति पर लोकसभा चुनाव लड़ रही बसपा के लिए मुख्य दल बने रहने की चुनौती है, 2019 के लोकसभा चुनाव में 10 सीटे जितने वाली बसपा को सपा का समर्थन था, जो इस बार प्रतिद्वंदी की भूमिका में हैं। ऐसी परिस्थितियों में बसपा को दोबारा पुराने तेवर में लाने को पार्टी की बदली रणनीति के तहत उत्तराधिकारी आकाश आनंद भी जिम्मेदारी उठा रहे है। मायावती के विश्वास को अंजाम तक पहुंचाने बीते छह अप्रैल से आनंद ने पूरी ताकत झोंक रखी है। इस चुनावी सफर में विभिन्न जिलों में प्रत्याशियों के समर्थन में उनकी दो दर्जन से ज्यादा चुनावी सभा प्रस्तावित हैं।

नेशनल कोऑर्डिनेटर की रैलियों में जुटने वाले युवाओं की संख्या को देखकर संगठन के पदाधिकारी भी खुश हैं। रैलियों में पीएम मोदी से लेकर परीक्षा पेपर लीक आदि स्थानीय मुद्दों को लेकर योगी सरकार पर भी हमलावर हो रहें हैं। आकाश आनंद रेलवे में रिक्त 30 लाख पद की बाते कर रहे है, नौकरी संबन्धी पेपर लीक होने और राज्य सरकार द्वारा नौजवानों को नौकरी न दे पाने का मुद्दा उठा रहे हैं।

### बैठकों में 75 फीसदी युवा जुट रहे हैं

प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का कहना है कि आकाश आनंद, युवाओं के आईकॉन बन चुके है। आकाश आनंद युवाओं की समस्याओं पर बात करते हैं। पार्टी बैठकों में युवाओं की उपस्थिति 75 फीसदी हो चुकी है। नौजवानों के मुद्दों से रैलियों में युवा मतदाताओं की जबरदस्त भीड़ जुट रही है। ब्राम्हण, वैश्य, मुस्लिम, अनुसूचित सभी वर्ग का युवा आकाश आनंद के नेतृत्व में एकजुट है। यूथ के जुड़ने से पार्टी सभी 80 सीटों पर टक्कर दे रही है।



### नाराजगी की ले रहे जानकारी

लोकसभा चुनाव की शुरुआत होते ही आकाश बसपा का लौटा हुआ जनाधार वापस लाने के लिए पुराने और कर्मठ बसपा नेताओं को भी साध रहे हैं, इसके लिए वह खुद उनसे मिलकर जनता की नाराजगी के बारे में जानकारी ले रहे, जिससे वह जब जनता के बीच जाते हैं तो बड़ी ही आसानी से उनसे घुलमिल जाते हैं।

## 1,25,88,952 प्रचार प्रसार सामग्री हटाई गई

**अमृत विचार, लखनऊः** आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 1,25,88,952 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 76,91,583 व निजी स्थानों से 48,97,369 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,45,509, पोस्टर के 35,50,888, बैनर के 21,63,970 व अन्य 11,31,216 मामलों में कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,67,093, पोस्टर के 22,55,441 बैनर के 12,13,389 व अन्य 7,61,446 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1277 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 102 एफआईआर दर्ज कराई गई।

# गड़बड़ी की तो सबक सिखाएंगे चाचा चौधरी

### मतदाता जागरूकता के लिए छात्र कर रहे अभिनय

चुनाव डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचार:** मैं चाचा चौधरी हूं, जो चुनाव में गड़बड़ी करेगा मैं सबको सबक सिखाऊंगा। जागरुक नागरिक बनिये और वोट कीजिये! विद्यालयों, के छात्र प्रतिष्ठित हास्य पात्रों का अभिनय कर रहे हैं। बेहटा में राजकीय प्राथमिक विद्यालय बख्शी का तालाब हैं। स्टूडेंट्स यहां नाटक के माध्यम से लोगों को शिक्षित कर रहे हैं कि कैसे... नए वोटरों को एप के बारे में बताकर आईडी बनवा सकते हैं, विकलांग लोग, और क्या करें और क्या न करें। ये भी बताया जा रहा है

"चाचा चौधरी और साबू की यादों में बस गए है। पाठकों को उनके प्रतिष्ठित संवादों के लिए याद किया जाता है और बातचीत। वे गर्मजोशी और पुरानी यादों को जगाते हैं। हमारे देश में युवा मतदाताओं की बड़ी संख्या है। इसलिए चाचा चौधरी न केवल यादें ताजा करते हैं बल्कि... वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं।

दरअसल, लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां और उम्मीदवार वोटरों को अपने-अपने तरीके से लुभाने में लगे हैं। प्रशासन भी चुनाव की तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। इसी क्रम में अधिक मतदान का लक्ष्य हासिल करने के लिए तरह-तरह के तरीकों को अपनाकर मतदाताओं को वोट देने के अधिकार के लिए लिए जागरूक किया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कॉमिक्स के चाचा चौधरी और साबू भी मैदान में उतर गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार चाचा चौधरी चुनावी दंगल कॉमिक्स का तेजी से प्रचार प्रसार हो रहा है।

उच्च प्राथमिक विद्यालयों, हाई स्कूल, इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेजों में इस 60 पन्नों के कॉमिक्स की हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी वितरित की जा रही है। ऐसे में चाचा चौधरी और साबू अब मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इसके लिए चुनाव आयोग की ओर से स्वीप योजना के तहत चाचा चौधरी और चुनावी दंगल नाम से कॉमिक्स जारी की गई है, जिसमें हर वर्ग के वोटरों को ध्यान में रखकर 10 अलग-अलग कहानियां शामिल की गईं हैं। 10 अलग-अलग कहानियां चाचा चौधरी और न्यू वोटर, बनें स्मार्ट वोटर, महिला मतदाता की भागीदारी, चुनावी हेराफेरी, थर्ड जेंडर वोटर अवेयरनेस आईकॉन, अपने उम्मीदवार को जानो एप, पोस्टल वोटर, हर वोट है जरूरी, चाचा चौधरी ओर अपना वोट शामिल की गईं हैं।

### रोचक अंदाज

कॉमिक्स में बेहद रोचक अंदाज में चाचा चौधरी और साबू लोगों को मतदाता बनने, प्रलोभन में न आने, मतदान करने आदि के लिए प्रेरित करते नजर आ रहे हैं। आने वाले दिनों में यह कॉमिक्स जन सामान्य के लोगों में वितरित करने की तैयारी है।



## सार-संक्षेप

### किसान ने खाया विषैला पदार्थ, मौत

**रामपुर/पटवाई, अमृत विचार :** पटवाई में किसान ने ट्यूबवैल पर जाकर विषैला पदार्थ खा लिया। जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। उन्होंने किसान को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। जहर खाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पटवाई थाना क्षेत्र के गांव नरखेड़ा निवासी रामभरोसे का 32 वर्षीय बेटा सुमेरी सिंह किसान था। शनिवार को वह किसी काम से पटवाई गया था। शाम करीब पांच बजे वह घर पहुंचा और कुछ देर रुकने के बाद खेत पर चला गया। वहां ट्यूबवैल के पास जाकर बैठ गया। इसके बाद उसने विषैला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद लोग वहां से गुजरे तो सुमेरी के मुंह से झाग निकलते देख रुक गए और परिजनों को जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद परिजन तत्काल मौके पहुंचे और उसे निजी अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए सुमेरी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में भर्ती कराते समय उसकी मौत हो गई।

### मंडलायुक्त की फर्जी आईडी बनाकर मांगे रुपये

**कानपुर, अमृत विचार :** साइबर ठगों ने मंडलायुक्त अमित गुप्ता के नाम से फेसबुक और फेसबुक मैसेंजर पर फर्जी आईडी और प्रोफाइल तैयार कर उसके माध्यम से लोगों से धनराशि मांगी। इस मामले उनके सहायक ने कोहना थाने में आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस साइबर सेल की मदद से मामले की जांच कर रही है। नौबस्ता के पशुपति नगर निवासी मंडलायुक्त के सहायक देवेंद्र द्विवेदी ने तहरीर में बताया कि मंडलायुक्त के वास्तविक फेसबुक आईडी की प्रोफाइल फोटो का उपयोग कर साइबर ठगों ने उनकी फर्जी आईडी व प्रोफाइल तैयार की है। इस फर्जी आईडी के माध्यम से विभिन्न व्यक्तियों से धनराशि मांगी जा रही है। धनराशि मांगे जाने के कई मामले सामने आए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि देवेंद्र द्विवेदी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत

**एटा, अमृत विचार :** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है। जलेसर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमौ निवासी रीना देवी (36) पत्नी हाकिम सिंह रविवार की रात गांव के ही एक सरकारी हैण्डपंप से पानी लेकर घर जा रही महिला को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जबकि आरोपी चालक बाइक लेकर फरार हो गया। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां डाक्टर ने रीना को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर कानूनी कार्रवाई की है। वहीं हादसे की दूसरी घटना कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में रविवार को दोपहर करीब 1 बजे नगला समल के पास घटित हुई। यहां पर दो मोटर बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम नगला गुलरिया निवासी देवदत्त (25) पुत्र रामवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी बाइक सवार को मामूली चोट आई है। सूजना पर पहुंची पुलिस ने घायल को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से मेडिकल कॉलेज भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टर ने देवदत्त को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायल को उपचार जारी है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### थ्रेसर में फंसी साड़ी, महिला की मौत

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** खेत पर गेहूं की निकासी के दौरान महिला की साड़ी थ्रेसर में फंस गई। पास में मौजूद महिला के बेटे ने थ्रेसर बंद किया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस से परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव राजथल निवासी भूरी (63) रविवार सुबह लगभग 9 बजे गांव के पास अपने खेत में थ्रेसर से गेहूं की निकासी करा रही थीं। उनका बेटा सुल्तान, नेमचंद और बेटी मंजू थ्रेसर में गेहूं के गट्ठर डाल रहे थे। भूरी थ्रेसर से निकासी के बाद नीचे से गेहूं बाहर निकाल रही थी। तभी अचानक उनकी साड़ी थ्रेसर की पुली में फंस गई। साड़ी महिला की गर्दन में लिपट गई। यह देख बेटा थ्रेसर से नीचे उतरा और ट्रैक्टर बंद किया। लेकिन तब तक भूरी की मौत हो चुकी थी। मृतका के तीन बेटे और बेटियां हैं।

# किशोरी के चेहरे पर नाम गोदने के आरोपी को भेजा गया जेल

## आरोपी ने तीन दिन तक बंधक बनाकर दी थीं यातनाएं

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- मेडिकल परीक्षण में दुष्कर्म की भी हुई थी पुष्टि

**अमृत विचारः** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र में एक किशोरी को बंधक बनाकर उसके चेहरे पर वेल्डिंग करने वाली स्टिक से अपना नाम गोदने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को चालान भेज दिया है। कोर्ट से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। यही नहीं, पुलिस ने किशोरी के बयान के आधार पर कई धाराएं बढ़ाई हैं। नाबालिग होने के कारण पाक्सो एक्ट भी लगाया है।



आरोपी अमन।

धौरहरा कोतवाली क्षेत्र में बात न करने से नाराज 16 साल की किशोरी को युवक ने दर्दनाक सजा दी थी। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि 19 अप्रैल की सुबह करीब 11: 30 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी। वापस घर जाते समय रास्ते में गांव के ही एक युवक ने उसको उठा लिया था और अपने घर में तीन दिनों तक बंद करके शारीरिक यातनाएं दीं थीं। बेटी जब घर नहीं पहुंची तो वह उसकी तलाश कर रही थी। तीसरे दिन शाम को किसी तरह से चंगुल से छूटी पुत्री घर पहुंची और पूरी बात बताते हुए आरोपी के खिलाफ तहरीर दी थी, जिस पर पुलिस ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोप है कि आरोपी ने किशोरी से दुष्कर्म किया था और वह किसी और की न हो सके, इसलिए उसने किशोरी के गाल पर दाग दिया था। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर रिपोर्ट तो लिखी, लेकिन पुलिस ने सिर्फ किशोरी को बंधक बनाने, मारपीट करने, अपमानित करने जैसे अपराध को शामिल किया था। पुलिस शुरू से ही मामले को प्रेम प्रसंग बता रही थी। इससे नाराज पीड़ित किशोरी अपनी मां के साथ 26 अप्रैल को एएसपी पवन गौतम से मिली थी और पूरी घटना बताई थी। तब मामला मीडिया तक पहुंचा तो पुलिस सक्रिय हुई। एएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी अमन सलमानी के खिलाफ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई थी। रविवार को धौरहरा के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

## मधुमक्खियों के हमले से बुजुर्ग की मौत, दो गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार :** पूरे झाऊ मजरे खरौली गांव में मधुमक्खियों के हमले से तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है। रविवार की शाम उक्त गांव निवासी बुजुर्ग राम सजीवन पाल अपने दरवाजे पर चारपाई पर लेटे हुए थे। तभी मधुमक्खियां का एक झुंड उनके ऊपर आकर टूट पड़ा। बुजुर्ग की चीख पुकार सुनकर पड़ोसी मोनू तिवारी और सजनी तिवारी दौड़े। आग जलाकर धुएं का प्रबंध करने लगे। इसी बीच मधुमक्खियां उन पर भी हमला कर दिया। तीनों व्यक्तियों को घायल कर दिया। कुछ ही देर में बुजुर्ग बेहोश हो गया। पारिवारिक जन जिन्हें सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने राम सजीवन पाल को मृत घोषित कर दिया। सजनी व मोनू तिवारी का इलाज कर रहे हैं। सीएचसी अधीक्षक डा मनोज शुक्ल ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही राम सजीवन की मौत हो चुकी थी। कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। प्रार्थना पत्र मिलने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## भंडारे से लौट रहे युवक की गोली मारकर हत्या

**कौशांबी, अमृत विचार :** भंडारे से वापस लौटते समय देर रात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस को शव की शीनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना पिपरी क्षेत्र के दुर्गापुर गांव में शनिवार को भैरव बाब मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया था। जहां रामानुज पुत्र राजाराम (32) निवासी दुर्गापुर गांव से भैरव बाबा मंदिर भंडारे में प्रसाद लेने गया हुआ था। वह भंडारा खाकर वापस लौट रहा था। उसी दौरान पहलेस घात लगाए बैठे बदमाशों ने मंदिर से थोड़ी दूर हवाई नल के पास उसे गोली मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।


**गाँधी स्मारक सुन्दर लाल इण्टर कॉलेज**
**बिलसण्डा पीलीभीत**

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाँधी स्मारक सुन्दर लाल इण्टर कॉलेज, बिलसण्डा पीलीभीत की प्रबन्ध समिति का चुनाव होना है। जो व्यक्ति विद्यालय की साधारण सभा के सदस्य बनने के इच्छुक हो वह विज्ञप्ति प्रकाशित होने के 15वें (पन्द्रहवें) दिन तक अपना आवेदन पत्र तथा सदस्यता शुल्क आजीवन रूपया तीन हजार तथा पाँच वर्षीय एक हजार रूपया का क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट जो प्रबन्धक गाँधी स्मारक सुन्दर लाल इण्टर कॉलेज बिलसण्डा पीलीभीत के नाम देय हो को श्री अशोक कुमार जायसवाल कोषाध्यक्ष गाँधी स्मारक सुन्दर लाल इण्टर कॉलेज बिलसण्डा पीलीभीत को रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेज सकते हैं अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन शुल्क सदस्यता आवेदन पत्र के साथ नकद भी जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र एवं सदस्यता शुल्क पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।आवेदनकर्ताओं की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए। आवेदन पत्र का प्रारूप निम्नवत है :-

1. नाम ........................................
2. पिता/पति का नाम ........................................
3. जन्म तिथि ...................... (शब्दों में)....................
4. व्यवसाय ........................................
5. सदस्यता का प्रकार-आजीवन/पांच वर्षीय ....................
6. पूरा पता ........................................

........................................

दिनांक : आवेदनकर्ता के हस्ताक्षर

**अध्यक्ष**
**गाँधी स्मारक सुन्दर लाल इण्टर कॉलेज**
**बिलसण्डा-पीलीभीत**


# डाक्टर-सहयोगी ने किया रोगी से सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दर्द निवारक बता दिया नशा फिर दिया घटना को दिया अंजाम

**अमृत विचार :** क्लीनिक संचालक और उसके साथी ने दवा लेने आयी महिला से नशा देकर सामूहिक दुष्कर्म किया। बेहोशी की हालत में दोनों उसे सड़क पर छोड़ गये। पुलिस ने आरोपी क्लीनिक संचालक डॉ. अय्यूब और उसके साथी सलीम के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

थाना कटघर क्षेत्र के महिला ने बताया कि 25 अप्रैल को उसके पति किसी काम से बाहर गए थे। तभी पेट में दर्द हुआ तो करुला गली नंबर-आठ में डॉ. अय्यूब अली के क्लीनिक पर दवा लेने गई थी। क्लीनिक पर दो गोलियां और एक गिलास पानी देकर उससे कहा गया कि इसे खा लो तुरंत आराम मिल जाएगा। गोली खाने के बाद वह बेसुध होने लगी थी। डॉ. अय्यूब और उसके साथी सलीम क्लीनिक का गेट बंद कर उसे क्लीनिक के पीछे वाले कमरे में ले गए। वहां उससे सामूहिक दुष्कर्म हुआ। जब उसे होश आया तो वह पेड़ के नीचे पड़ी थी। वहीं से उसने कॉल करके पति को बुलाया और कटघर थाने में शिकायत की। लेकिन, पुलिस ने उसे टरका दिया। अगले दिन पीड़िता ने पति के साथ एसएसपी से मिलकर शिकायत की थी।

## घर के अंदर खेल रही बच्ची पर कुत्ते ने किया हमला, घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** आवारा कुत्ते खूंखार हो गए हैं। इससे आवारा कुत्ते लोगों पर हमला कर देते हैं। रविवार को घर के अंदर खेल रही तीन साल की बच्ची पर आवारा कुत्ते ने अचानक हमलाकर बुरी तरह घायल कर दिया। उसकी चीख सुनकर दौड़े परिवार वालों ले बमुश्किल बच्ची को कुत्ते से छुड़ाया। परिजन घायल अवस्था में बच्ची को जिला अस्पताल ले गए। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती है। जहानाबाद के ग्राम सरोरी निवासी टीकाराम की तीन वर्षीय पुत्री राधिका रविवार सुबह लगभग आठ बजे घर में खेल रही थी। तभी अचानक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। पिता टीकाराम ने बताया कि बच्ची को बचाने का प्रयास किया तो आवारा कुत्ता बालिका की मां पर हमलावर हो गया। परिवार के अन्य लोगों ने कुत्ते से बच्ची को छुड़ाया। परिवार वाले घायल बच्ची को फौरन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां बच्ची के मुंह और हाथ पर जख्म है। ग्रामीणों के मुताबिक इससे पहले भी आवारा कुत्ते कई लोगों पर हमला कर चुके हैं।

**छत से गिरकर बालिका हालत गंभीर : कासगंज।** सदर कोतवाली के गांव मनौटा में अपनी घर की छत पर खेल रही 11 वर्षीय किरण पुत्र कप्तान नीचे आ गिरी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।


IS 15700 : 2018 सेवोत्तम प्रमाणित

**उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद**
**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक**
122, सिविल लाइन्स, बरेली E-mail Id: upavp.bly@rediffmail.com

भारतीय मानक ब्यूरो

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की आवासीय/व्यवसायिक सम्पत्तियों के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु परिषद में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या सेक्टर/खण्ड व योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से मृतक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्व. श्री नरेन्द्र कुमार भसीन पुत्र स्व. श्री राधाकृष्ण भसीन | दु.आ.वर्ग भवन सं.-सी-933, राजेन्द्र नगर, बरेली | 13.04.2003 | श्रीमती चंचल भसीन पत्नी स्व. नरेन्द्र कुमार भसीन | श्रीमती विम्मी अरोड़ा, श्रीमती सिम्मी साहनी, श्री रतन भसीन श्री श्याम सुन्दर भसीन, श्रीमती रीतू भसीन | पत्नी |

उपर्युक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति पत्र प्राप्त न होने पर परिषद अभिलेखों के कॉलम-5 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर दिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सम्पत्ति प्रबन्धक**


# राम मंदिर के विरोधियों का होगा सफाया: अमित शाह

कार्यालय संवाददाता,कासगंज




भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में कासगंज पहुंचे अमित शाह का स्वागत करते लोग।

- केंद्रीय गृहमंत्री बोले कांग्रेस और सपा नहीं चाहती थी बने राम मंदिर

**अमृत विचारः** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और सपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि ये लोग 70 साल तक राम मंदिर को लटकाए रहे, भटकाए रहे और अटकाए रहे। उनकी मानसिकता देश के रामभक्तों के प्रति सदैव खराब रही। अब मैं पूछना चाहता हूं कि जिन्होंने राम भक्तों पर गोली चलाई उन्हें वोट मिलना चाहिए या जिन्होंने राम मंदिर बनवाया है उन्हें वोट मिलना चाहिए।

बारह पत्थर मैदान में आयोजित जनसभा में केंद्रीय गृहमंत्री ने सबसे पहले राजवीर सिंह राजू भैया के लिए एटा-कासगंज लोकसभा क्षेत्र से जीत के लिए समर्थन मांगा, फिर बोले इस बार चुनाव दो खेमे में हैं। एक राम भक्तों पर गोली चलाने वालों का, एक राम मंदिर बनाने वालों का। कांग्रेस पार्टी के राहुल बाबा और अखिलेश की पार्टी ने राम मंदिर को बनने में पूरा रोड अटकाया, लेकिन 5 अगस्त 2020 को देश के प्रधानमंत्री ने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भूमि पूजन किया और इसी वर्ष 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कर दी। कह दिया जय श्री राम। अखिलेश, राहुल, सोनिया, खरगे, डिंपल को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया, लेकिन वहां कोई नहीं गया। जानते हैं क्यों नहीं गया, क्योंकि कारसेवकों पर गोलियां चलवाई थी।

## खेतों की तरफ गई किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में शनिवार की देर शाम करीब आठ बजे शौच करने खेतों की तरफ गई 16 वर्षीय किशोरी को दूसरे समुदाय के युवक ने दबोच लिया और उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मोहम्मदी क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि घटना शनिवार की देर शाम करीब आठ बजे की है। उसकी पुत्री पड़ोस स्थित एक खेत पर शौच करने गई थी, जहां पहले से बैठा पड़ोसी गांव निवासी हारून ने उसकी पुत्री को दबोच लिया और दुष्कर्म किया।


**प्रारूप C-1**
**(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार-पत्रों/दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु)**
**आपराधिक प्रकरणों के सम्बन्ध में घोषणा**
**(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार)**
**(पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)**

अभ्यर्थी का नाम और पता-**देवेश शाक्य पता-म.नं. 47, ग्राम भटौरा पो. गूरा, तहसील विधूना जनपद औरेया**
**राजनैतिक दल का नाम**-समाजवादी पार्टी
(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहाँ ''निर्दलीय'' लिखें)
**निर्वाचन का नाम**-लोक सभा
***निर्वाचन क्षेत्र का नाम**-22, लोक सभा एटा (सामान्य)
मैं **देवेश शाक्य** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूँ

**(A) लंबित आपराधिक मामले**

| क्रम.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | सम्बन्धित अधिनियमों की धारा(ओं) और अपराध (अपराधी) संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्यायालय मुसिफ विधूना औरैया | प्रधान सूचना रिपोर्ट संख्या-556/2003 | दोष मुक्त | 1. अन्तर्गत धारा-447, आई.पी.सी. (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया) |
| 2. | न्यायालय मुसिफ विधूना औरैया | प्रधान सूचना रिपोर्ट संख्या-563/2003 | दोष मुक्त | 2. अन्तर्गत धारा-447, 427, 506 आई.पी.सी. (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया) |
| 3. | न्यायालय एस.सी./एस.टी., औरैया | प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या-82/2006 | दोष मुक्त | 3. अन्तर्गत धारा-147, 323, 504 आई.पी.सी. व 3(1) एस.सी. एक्ट (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया) |
| 4. | शून्य | प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या-0034/2022 | माननीय न्यायालय द्वारा तलब नहीं किया गया है (लम्बित है) | 4. अन्तर्गत धारा-504, 507 आई.पी.सी. (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया) |


## उत्तराखंड

# खनन को लेकर चले डंडे और गोलियां

संवाददाता, बाजपुर



संघर्ष के दौरान ट्रैक्टर से ग्रामीणों को रौंदने का प्रयास करता माफिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अवैध खनन को लेकर कोसी नदी में दो पक्षों (माफिया) में जमकर लाठी व डंडे चले। उसके बाद तड़तड़ाई गोलियों की आवाज से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। झगड़े में एक पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आनन-फानन में आसपास के लोगों की मदद से उपचार के लिए बाजपुर के जिला उप चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दो की हालत गंभीर देखकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

रविवार की सुबह 11:00 गोबरा गऊ घाट दबका निवासी हरवंश (35), सुरेंद्र सिंह (18), बलविंदर सिंह (30), पाला सिंह (45) का कोसी में अवैध खनन को लेकर कुंडेश्वरी में गुलजारपुर निवासी बलविंदर और जयमल के लोगों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में पहले जमकर लाठी डंडे व तलवारें चलने लगीं। इसके बाद विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया, जिसमें एक पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि गोबरा गऊ घाट दबका निवासी सोनू (16) और सुभाष सिंह (46)को मामूली चोटें आई।

## जंगल में आग लगाने की कोशिश करते आठ लोग गिरफ्तार किए

- आग बुझाने का अभियान दूसरे दिन भी रहा जारी

**देहरादून एजेंसी :** उत्तराखंड के जंगलों में भड़की आग बुझाने का अभियान रविवार को दूसरे दिन भी वायु सेना के हेलीकॉप्टर की मदद से जारी रहा और अनेक स्थानों पर उसपर काबू पा लिया गया जबकि प्रदेश में जंगल में आग लगाने की कोशिश करते आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया।

नैनीताल जिला प्रशासन के अनुरोध पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम हल्द्वानी के लिए रवाना कर दी गयी है जिससे जरूरत पड़ने पर तत्काल उसकी मदद ली जा सके। उधर, वन अधिकारियों ने बताया कि हल्द्वानी, नैनीताल और चंपावत वन प्रभागों समेत प्रदेश के विभिन्न वन क्षेत्रों में भड़की आग को बुझाने के प्रयास युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। वन विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में प्रदेश भर में जंगल में आग की आठ नई घटनाएं सामने आयीं जिनमें से चार कुमाउं क्षेत्र में, दो गढ़वाल क्षेत्र में और दो अन्य वन्य क्षेत्रों में हैं। इन घटनाओं में 11.75 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ।


**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

**(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)**

**अभ्यर्थी का नाम और पता : मुस्लिम खां वार्ड नं. 5 ककराला थाना अलापुर बदायूँ**
**राजनैतिक दल का नाम : बहुजन समाज पार्टी**
**(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)**
**निर्वाचन का नाम : 23 लोकसभा क्षेत्र, बदायूँ। (लोक सभा चुनाव) लोकसभा क्षेत्र**
**निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 23 लोकसभा क्षेत्र बदायूं।**

**मैं मुस्लिम खां (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूँ।**

**(क) लंबित आपराधिक मामले**

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | श्रीमान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बदायूँ | आ. अपील सं. 02/2024 | | 406, 504, IPC थाना अलापुर (अवर न्यायालय के दोषमुक्ति) आदेश के विरूद्ध राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत अपील |

**(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण**

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |


# ऋषिकेश में गंगा में डूबे पर्यटक, दो लापता

कार्यालय संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** नोएडा से ऋषिकेश घूमने पहुंचा आठ दोस्तों का दल गंगा में नहाते समय हादसे का शिकार हो गया। तीन लोग तेज बहाव में फंस गए। एक को तो किसी तरह बचा लिया गया, लेकिन एक युवक और युवती तेज बहाव में बह गए।

घटना ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला क्षेत्र की है। एसडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें लगातार दोनों की तलाश करती रहीं, लेकिन देर शाम तक कुछ पता नहीं चला। लक्ष्मण झूला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि नोएडा से आठ लोगों का ग्रुप ऋषिकेश घूमने आया था। ये सभी लोग लक्ष्मण झूला क्षेत्र में गंगा में नहाने गए थे। इस दौरान तेज बहाव की चपेट में आने से एक युवती नेहा (29 वर्ष) निवासी पीलीभीत और साहिल गुप्ता पुत्र सुनील कुमार निवासी गौड़ सिटी नोएडा उत्तर प्रदेश डूब गए। साक्षी कुमारी (29 वर्ष) पुत्री मनोरंजन मजूमदार निवासी सेक्टर 74 नोएडा पानी के बहाव में आने से बेहोश हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## चेक बाउंस में तीन माह की सजा

**काशीपुर, अमृत विचार :** एसीजे तृतीय की अदालत ने चेक बाउंस के केस में आरोपी को तीन माह के कारावास और 70 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रगति एन्क्लेव मानपुर रोड निवासी अर्जुन अरोरा की ओर से अधिवक्ता अजय अरोरा ने कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया था कि अगस्त 2020 में उसने मोहल्ला किला निवासी विनीत कुमार अग्रवाल पुत्र विशेष कुमार को पचास हजार रुपये उधार दिए थे। उसने दो माह में रुपये लौटने की बात कही थी, 2 माह बाद 5 मार्च 2021 को आरोपी ने उसे पंजाब नेशनल बैंक की काशीपुर शाखा का एक 50 हजार रुपये का चेक दिया। परिवाद पर सुनवाई कर अदालत ने आरोपी को कोर्ट में तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का परिशीलन कर अदालत ने आरोपी को एनआई एक्ट का दोषी पाया। एसीजे तृतीय हर्षिता शर्मा ने आरोपी विनीत कुमार अग्रवाल को तीन माह के कारावास और 70 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

## छेड़छाड़ में दुकानदार गिरफ्तार

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** जिले के भैंसियाछाना विकासखंड में दुकानदार द्वारा एक नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। विकास खंड के एक ग्रामीण ने धौलछीना पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि शनिवार को उनकी नाबालिग बेटी घर से स्कूल के लिए निकली। पेटशाल के पास आरोपी दुकानदार जीवन सिंह कार्की पुत्र प्रताप सिंह कार्की निवासी पातलदेव, पूनाकोट ने उनकी बेटी को अपने किसी रिश्तेदार का सामान ले जाने का बहाना कर अपनी दुकान में बुलाया और शटर बंद कर नाबालिग से छेड़छाड़ करने लगा। नाबालिग के शोर मचाने पर आरोपी घबरा गया और उसने शटर खोल दिया। नाबालिग छात्रा ने भागकर अपने आप को दुकानदार के चंगुल से बचाया। स्कूल पहुंचने पर छात्रा ने मामले की जानकारी अपनी बहन और स्कूल के प्रधानाचार्य को दी। प्रधानाचार्य ने तत्काल इसकी जानकारी पीड़िता के पिता को दी। जिसके बाद पीड़िता के पिता ने पुलिस को मामले में तहरीर दी। थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार ने बताया कि आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# यूपी-बिहार छोड़ो, तमिलनाडु की परीक्षा में भी सेंधमारी

## नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- देहरादून में हुई गिरफ्तारी, दोनों आरोपी बिहार के, मेरठ एसटीएफ ने पूछताछ कर कार्रवाई शुरू की

**अमृत विचार :** यूपी, एमपी और बिहार की परीक्षाओं में शिक्षा माफियाओं की दखलंदाजी के बाद अब तमिलनाडु की परीक्षाओं में भी एक नये गैंग की सक्रियता सामने आई है। इस बार जो अभियुक्त पकड़े गए हैं, वह प्रतिष्ठित संस्थान वेल्लूर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी प्राइवेट यूनिवर्सटी इन वेल्लूर, तमिलनाडु की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा-2024 में प्रश्नपत्र हल कराने में सक्रिय थे। आरोपियों ने रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए प्रश्नपत्र हल कराकर मोटी रकम वसूल ली।

उप्र. एसटीएफ की मेरठ इकाई ने सहस्त्रधारा रोड रायपुर देहरादून से राहुल कुमार निवासी अघोरिया बाजार मुजफ्फरपुर बिहार एवं जितेश कुमार निवासी रूनी शैदपुर सीतामढ़ी बिहार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, चार एडमिट कार्ड एवं चार अभ्यर्थियों की ऑनलाइन परीक्षा के डिसप्ले की छाया प्रति बरामद की है। एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस परीक्षा धांधली को लेकर सूचनाएं एकत्रित की जा रही थीं। निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त जितेश ने रायपुर देहरादून में ईडीयू च्वाइस कंसलटेंसी का कार्यालय खोला था। वहीं जितेश कुमार की मुलाकात दूसरे अभियुक्त राहुल कुमार से हुई। जितेश कुमार ने राहुल कुमार को भी अपने कार्यालय में पार्टनर बना लिया। दोनों के द्वारा सोशल मीडिया के जरिए विभिन्न कॉलेजों में एडमिशन कराने के लिए विज्ञापन जारी कराया गया। एडमिशन के विज्ञापन जारी होने पर कुलबीर निवासी हरियाणा, देहरादून स्थित आईटी पार्क के निकट सेंट जेवियरर्स स्कूल कनाल रोड धोरन्फ्ड के नाम से ऑनलाइन परीक्षा की लैब है, ने जितेश कुमार व राहुल कुमार से संपर्क कर अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान कुलबीर के साथ इनकी मुलाकात गौरव निवासी बिजनौर से हुई, जिसकी जान पहचान अन्य लैब में भी थी, जिसके जरिये ये लोग अन्य लैब में भी परीक्षा के दौरान हैकिंग कर नकल कराने का काम करते थे। आरोपियों ने बताया कि पेपर हल करवाने के एवज में वे अभ्यर्थियो से एक से डेढ लाख रुपये तक की रकम लेते हैं जिसे बाद में वे आपस में बांट लेते हैं।

## नहीं हो पाई बस में मिले 95 बच्चों की सुपुर्दगी

**अयोध्या, अमृत विचार :** मानव तस्करी की आशंका में अरुणाचल में पंजीकृत डबल डेकर बस से बरामद 95 बच्चों के मामले में रविवार को भी बच्चों की सुपुर्दगी उनके अभिभावकों को नहीं हो पाई। जनपद पहुंचे बच्चों के अभिभावक रविवार को कागजात तैयार कराने के बाद इधर-उधर चक्कर काटते रहे। अभिभावकों को अग्रिम कार्रवाई के लिए सीडब्लूसी के अध्यक्ष की सुनवाई का इंतजार है। शुक्रवार को दिल्ली के एक एनजीओ की ओर से मानव तस्करी की शिकायत पर राज्य बाल आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी के पत्र पर बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना व पुलिस की संयुक्त टीम ने अरुणाचल प्रदेश में पंजीकृत बस से बिहार के अररिया जिले से सहारनपुर जा रहे 97 बच्चों को पकड़ा था। पुलिस ने बस पर सवार यात्रियों और उनके दो बच्चों को जाने दिया था। बाल कल्याण समिति ने 95 बच्चों को लखनऊ राजकीय बाल गृह भेजवाया था। रविवार को छुट्टी होने के चलते अभिभावक कागजात सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सके।

# महिला से दुष्कर्म पर पति ने दिया तलाक का नोटिस

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

- पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में चाकू दिखाकर जेठ के बेटे ने महिला से दुष्कर्म किया। ससुर के कहने पर पति ने भी दुष्कर्म को लेकर सहमति से जोड़ते हुए नोटिस देकर तलाक की धमकी दी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने डीआईजी को दी तहरीर में कहा कि शादी के बाद से पति व ससुर नाराज रहते हैं। महिला को बेचने को कहते रहते हैं। महिला का पति बाहर जेसीबी चलाता है। आरोप है कि पति और ससुर की सह पर आठ फरवरी की रात को जेठ का बेटा महिला के कमरे में चाकू लेकर घुस आया। उसने धमकी देते हुए महिला से दुष्कर्म किया। महिला ने इसकी शिकायत ससुर और सास से की तो उल्टे उसे आरोपी के साथ रहने को कहा। ससुर ने पति से महिला को तलाक देने की बात कही। पति ने महिला को दुष्कर्म को लेकर सहमति जाहिर करते हुए 13 फरवरी को नोटिस द्वारा तलाक देने की धमकी दी। एक सप्ताह बाद महिला मायके पहुंची और घटना की जानकारी दी। पुलिस को तहरीर दी गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद महिला ने डीआईजी को प्रार्थना पत्र दिया। डीआईजी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद जुबैर के अलावा गांव कमालपुर काफूरपुर निवासी पति इरफान और ससुर फारुख के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## ई- रिक्शा की बैटरी में धमाका, युवक की मौत

नोएडा,एजेंसी : गौतमबुद्धनगर जिले के अट्टा गांव में एक ई- रिक्शा की बैटरी चार्ज करते समय फटने से एक युवक की मौत हो गई जबकि उसके पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। प्रभारी निरीक्षक डी.पी. शुक्ल ने बताया कि गांव में रहने वाले मंजूर अंसारी (22) तथा उनके पिता फारूक अंसारी अपने ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज कर रहे थे, तभी बैटरी में धमाका हो गया। इस घटना में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से झुलस गए और दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने मंजूर को मृत घोषित कर दिया।

## सार-संक्षेप

### रामलला के समक्ष पांच मिनट हाथ जोड़े खड़ी रहीं स्मृति



**अयोध्या, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट पर नामांकन करने से पहले भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने रविवार को रामलला का दर्शन किया। उन्होंने रामलला की वंदना की और विजयीभव : का आशीर्वाद मांगा। इसके बाद हनुमानगढ़ी पर पूजा अर्चना कर मणि रामदास छावनी पहुंचीं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास सहित प्रमुख संत-महंतों का आशीर्वाद लिया। स्मृति ईरानी अमेठी स्थित अपने आवास से सड़क मार्ग से सीधे रामलला के दरबार में पहुंचीं। शीश झुकाया और पांच मिनट तक हाथ जोड़कर रामलला के समक्ष खड़ी रहीं। अपनी भावनाओं को मीडिया से साझा करते हुए कहा कि मैंने श्रीरामलला के चरणों में राष्ट्र की प्रगति, देश के प्रधान सेवक के अच्छे स्वास्थ्य और भारत के वैभव की प्रार्थना की है। केंद्रीय मंत्री के साथ अयोध्या नगर निगम के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

### आईआईटी ने शुरू किया साइबर सिक्योरिटी कोर्स

**कानपुर, अमृत विचार :** आईआईटी कानपुर ने साइबर सिक्योरिटी में ई-मास्टर्स डिग्री की शुरुआत की है। इसके लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। जुलाई से इसकी पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इस मास्टर्स कोर्स की कक्षाएं ऑनलाइन मोड पर संचालित होंगी। पेशेवरों के लिए शुरू किए गए इस प्रोग्राम में गेट स्कोर की जरूरत नहीं होगी। यह प्रोग्राम साइबर सुरक्षा से जुड़े पेशेवरों के लिए बनाया गया है। संस्थान का मानना है कि साइबर सुरक्षा को लेकर पेशेवरों की मांग में इजाफा हुआ है। ऐसे में प्रोग्राम के बारे में पेशेवरों और साइबर सुरक्षा के प्रति उत्साही लोगों को एप्लिकेशन सुरक्षा, वेब सुरक्षा, नेटवर्क सुरक्षा, मोबाइल सुरक्षा, हार्डवेयर सुरक्षा, क्रिप्टोग्राफी, आईओटी सुरक्षा, , मशीन लर्निंग आधारित सुरक्षा टूल की पढ़ाई कराई जाएगी। कंप्यूटर विज्ञान में प्रासंगिक विषय जैसे ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग और साइबर सुरक्षा से संबंधित गणित सहित साइबर सुरक्षा में नवीनतम अवधारणाओं से परिचित कराया जाएगा। कामकाजी पेशेवरों के व्यस्त कार्यक्रम के अनुरूप इसकी पढ़ाई कराई जाएगी। ईमास्टर्स इन साइबर सिक्योरिटी व कार्यक्रम समन्वयक प्रो संदीप के. शुक्ला ने बताया कि इस क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग बढ़ी है। साइबर सुरक्षा में ई-मास्टर डिग्री पेशेवरों को साइबर हमलों के बढ़ते खतरों से निपटने और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए जरूरी कौशल और ज्ञान से लैस करेगी।

### 14 सीटों पर चुनाव को 29 से शुरू होंगे नामांकन

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए 29 अप्रैल से नामांकन शुरू होंगे। बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए भी नामांकन होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) व भदोही सीटों के लिए चुनाव होंगे। इस चरण की कुल लोकसभा सीटों में 12 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और दो सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संत कबीरनगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी व भदोही सहित 15 जिलों के अंतर्गत आते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे के बीच नामांकन किये जा सकेंगे। नामांकन भरने की अंतिम तिथि छह मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच सात मई को की जायेगी। नौ मई को अपरान्ह तीन बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.69 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.42 करोड़ पुरुष मतदाता व 1.27 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 17,113 मतदान केन्द्र व 28,171 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं।

# पत्नी ने देवर के साथ मिलकर पति को चाकू से मार डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वारदात को अंजाम देने के बाद पत्नी और देवर फरार

**अमृत विचार :** कमिश्नरेट के बिधनू थानाक्षेत्र में खेरसा गांव में अवैध संबंधों में बाधक बने पति की पत्नी ने देवर के साथ मिलकर धारदार हथियार से हत्या कर दी। हत्यारोपियों ने रस्सी से हाथ-पैर बांधकर शव को तालाब में फेंक दिया। रविवार सुबह तालाब से शव मिलने के बाद पत्नी और देवर फरार हो गए। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने शव बाहर निकालकर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस को मृतक के घर के दरवाजे पर ताला लगा मिला। दरवाजे के बाहर खून से सनी रुई के टुकड़े, बड़ा चाकू, सिंदूर की छोटी खाली डिब्बी और बरामदे की टांड़ में बिजली का तार मिला।

घर से तालाब तक शव को घसीटने के निशान बने हुए थे। आशंका है कि घर में चाकू से हमला करके उसे मारा गया। खेरसा गांव निवासी 42 वर्षीय दिनेश अवस्थी उर्फ बाबा पत्नी संतो उर्फ राखी और छोटे भाई मनोज अवस्थी के साथ गांव में एक ही मकान में रहता था। करीब दो वर्ष पहले दिनेश लखीमपुर से राखी उर्फ संतो नाम की युवती से प्रेम विवाह कर खेरसा ले आया था। रविवार सुबह घर से सटे तालाब में दिनेश का शव उतराता मिला। पुलिस जांच में देवर मनोज और भाभी संतो के बीच अवैध संबंधों की बात सामने आई है। शव मिलने के बाद पत्नी राखी और भाई मनोज घर से फरार हो गए। इस संबंध में बिधनू थाना प्रभारी प्रेमचंद्र कनौजिया ने बताया कि युवक की हत्या करने के बाद से पत्नी और भाई फरार हैं। दिनेश का सबसे छोटा भाई मयानंद लखीमपुर के कुडरीरूपसेना मूलगांव में रहता है। उससे संपर्क कर बुलाया गया है।

## डंपर की टक्कर से पलटी कार, बाल-बाल बचा परिवार

**कानपुर, अमृत विचार :** यशोदा नगर फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से कार पलट गई। हादसे में कार सवार बैंक मैनेजर का परिवार बाल-बाल बच गया लेकिन घटना के कुछ समय बाद बैंक मैनेजर की मां की घर में मौत हो गई। सदमे से उनकी मौत की चर्चा रही। लखनऊ, जानकीपुरम-वन निवासी अजय श्रीवास्तव यूको बैंक में मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि रविवार दोपहर वह अपनी कार से पत्नी रंजना, बेटे हर्षित और बेटी शैलवी के साथ नौबस्ता निवासी साढू राहुल के घर जा रहे थे। यशोदा नगर फ्लाईओवर पर पीछे से आ रहे डंपर ने कार में टक्कर मार दी जिससे कार पलट गई। हादसे में सभी मामूली रूप से चुटहिल हुए। डंपर छोड़कर चालक फरार हो गया। नौबस्ता पुलिस ने मैनेजर के परिवार को सकुशल बाहर निकाला और डंपर जब्त कर लिया।

# शिक्षकों की फर्जी नियुक्ति, तहरीर दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दो शिक्षकों ने ज्वाइन भी कर लिया, अब हुआ खुलासा

**अमृत विचार :** फर्जी ई-मेल के जरिये शिक्षा विभाग में हुई फर्जी नियुक्ति मामले में 9 आरोपियों के खिलाफ कर्नलगंज थाने में तहरीर दी गई है। शिक्षा विभाग की ओर से दी गई तहरीर में उन सभी 9 नामों को शामिल किया गया है, जिनके नाम फर्जी ई-मेल में नियुक्ति के लिए पैनल के तहत दिए गए थे। मामले की जांच शिक्षा विभाग की ओर से भी की जा रही है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग में फर्जी नियुक्ति का मामला रविवार को भी गर्माया रहा। छुट्टी होने के बावजूद अधिकारी व कर्मचारी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय आकर अभिलेखों की जांच करते रहे। शिक्षा विभाग की ओर से अभिलेखों की जांच में ई-मेल आईडी, पैनल में शामिल आरोपी शिक्षकों की ओर से जमा किए गए दस्तावेज, दोनो ही स्कूलों की ओर से अब तक भेजे गए दस्तावेज सहित अन्य दस्तावेज को शामिल किया गया है। जांच के बाद देर शाम को विभाग की ओर से 9 आरोपियों के खिलाफ कर्नलगंज थाने में तहरीर दर्ज की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच बारीकी से की जा रही है। दी गई तहरीर में अरविंद सिंह यादव, स्वाती द्विवेदी, आशीष कुमार, नितिन कुमार, ज्योति यादव, विनय सिंह, विनीता देवी, रिक्षा पाण्डेय व विनीत चौधरी के नाम शामिल हैं।

फर्जी ई-मेल के जरिये भेजे गए 9 शिक्षकों के पैनल में 2 शिक्षक ऐसे रहे जिन्होंने स्कूल ज्वाइन कर लिया था। इनमें आरोपी विनीता देवी ने 12 दिसंबर को मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज में तो रिक्षा पाण्डेय ने आर्य कन्या इंटर कॉलेज में कार्यभार भी ग्रहण कर लिया था। इन शिक्षकों को वेतन भी जारी होता रहा। शिक्षा विभाग की जांच में 5 विभागीय कर्मचारियों पर भी शक की सुई घूम रही है। शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि इसमें विभागीय कर्मचारियों की भी मिली भगत संभव हो सकती है।

### यह है पूरा मामला

माध्यमिक शिक्षा विभाग में अक्टूबर 2023 में एडी माध्यमिक की ओर से एक ई-मेल में शिक्षकों की नियुक्ति का पैनल भेजा गया था। इस पैनल में नौ शिक्षकों के नाम दिए गए थे। नौ में से दो शिक्षकों ने नौकरी भी शुरू कर दी थी। उनके वेतन का भुगतान भी होने लगा था।

# 20 माह में जन्मभूमि परिसर की सूरत बदलेगी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी निर्माणाधीन राम मंदिर और परिसर की योजनाओं पर निर्माण कार्य शुरू हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का दावा है कि दिसंबर 2024 तक मंदिर के प्रथम स्थल और द्वितीय तल का निर्माण पूरा हो जाएगा। अगले 20 माह में राम जन्मभूमि परिसर की सूरत बदल जाएगी।

राम मंदिर के प्रथम तल और द्वितीय तल का निर्माण चल रहा है। इसके साथ ही मंदिर के 800 मीटर की परिधि में परकोटे का भी निर्माण चल रहा है, जिसमें छह मंदिर और भीड़ नियंत्रण के लिए टनल का निर्माण किया जा रहा है। इन सभी का निर्माण राजस्थान के पत्थरों से किया जा रहा है। इसके अलावा जन्मभूमि परिसर में आठ अन्य मंदिर का निर्माण भी किया जा रहा है, जिसमें शेषावतार, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि वाल्मीकि, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वशिष्ठ, निषाद राज, अहिल्या देवी का मंदिर प्रस्तावित है। इन मंदिरों को भी राजस्थान के पत्थरों से ही तैयार किया जाएगा और यात्री सुविधा केंद्र, प्रशासनिक भवन, यज्ञशाला का भी निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही जन्मभूमि परिसर में नवग्रह और पुष्प वाटिका भी बनाया गया है।



- राम मंदिर ट्रस्ट का दावा, छह मंदिर और टनल का चल रहा है निर्माण

श्री राम जन्मभूमि के क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय के मुताबिक राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर, परकोटा, सात अन्य मंदिर और एक नया शेषावतार मंदिर को जोड़ा गया है। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए अन्य व्यवस्थाएं हैं। अगले 20 माह में निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। दावा करते हुए कहा कि यहां पर जितने भी मंदिरों का निर्माण हो रहा है वह सभी पत्थरों के हैं।

# बच्चा भूख से रोया तो रेलवे ने संडीला में रोकी ट्रेन

संवाददाता, हरदोई

- वाराणसी से हरिद्वार 13009 दून एक्सप्रेस में माता-पिता के साथ यात्रा कर रहा था बच्चा

**अमृत विचार :** भारतीय रेल सोशल मीडिया पर मिली शिकायतों का लगातार संज्ञान लेकर उनका समाधान करता रहता है। इसी कड़ी में रविवार को रेलवे ने दून एक्सप्रेस में परिजनों के साथ सफर कर रहे बच्चे को भूख लगने पर उसके दूध के लिए गर्म पानी उपलब्ध कराया।

हरदोई स्टेशन अधीक्षक विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि एक परिवार अपने एक वर्षीय बच्चे के साथ वाराणसी से हरिद्वार के बीच दून एक्सप्रेस में यात्रा कर रहा था। ट्रेन के लखनऊ निकलने के बाद बच्चे को भूख लगी, परिजनों के पास दूध पाउडर तो था लेकिन दूध बनाने के लिए गर्म पानी नहीं था। इस पर यात्री ने सोशल मीडिया पर रेल प्रशासन से गर्म पानी की मांग की। यात्री की मांग पर रेलवे बोर्ड तुरंत हरकत में आया और मुरादाबाद मंडल को इस बाबत निर्देशित दिया। रेलवे बोर्ड से प्राप्त निर्देशों का मंडल रेल कार्यालय मुरादाबाद में संज्ञान लेते हुए सीएमआई मनीष बाजपेई को तत्काल दूध उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीएमआई मनीष बाजपेई ने तत्परता दिखाई और रेल नीर की बोतल को खुलवाकर पानी गर्म कराया और संडीला रेलवे स्टेशन पर दून एक्सप्रेस के पहुंचते ही बच्चे के परिजनों को गर्म पानी उपलब्ध कराया। इसके बाद दंपति ने दूध बनाकर बच्चे को पिलाया।

## वर्ग पहेली-54

**बाएं से दाएं**

1. प्राकृतिक रूप में भूगर्भ से प्राप्त होने वाला तेल; (पेट्रोलियम)।
3. पहनने के कपड़ों की घुंडी फँसाने का फंदा; पाशक।
7. समुद्र में ज्वार के बाद लहरों की वह स्थिति जब वे उतार पर होती हैं।
8. स्वर्ग में निवास करने वाला।
9. 1. तड़क-भड़क 2. वैभव; सुख-समृद्धि 3. ऐश्वर्य का प्रदर्शन; आडंबर।

**ऊपर से नीचे**

2. दूसरों की संपत्ति अनुचित रूप से हड़पने वाला।
4. 1. कसने
5. अपनी सहायता से किसी को लेटने की स्थिति में लाना।
6. दे. हंबा।



### वर्ग पहेली -53 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 झि | ■ | ■ | 2 फि | ■ | ■ |
| ■ | 3 मि | क | दा | र | ■ | 4 जु |
| 5 फ़ि | ट | ■ | ■ | 6 क | पू | त |
| ■ | 7 ना | 8 ग | फ | नी | ■ | वा |
| 9 बा | ■ | वे | ■ | ■ | ■ | ना |
| ति | ■ | ष | ■ | ■ | 10 फाँ | ■ |
| नी | ■ | 11 क | च | वाँ | सी | ■ |

## सुडोकू -133

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | 9 | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| 2 | | | | | 4 | | | |
| | 1 | | | 4 | 8 | | | |
| 9 | | | 3 | | 8 | | | 8 |
| | | | 9 | 5 | | | | |
| | | | 4 | | 7 | | | |
| | 4 | | | | 1 | | | |
| 7 | 2 | | | | | 3 | | |

### सुडोकू -132 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 | 5 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 1 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 6 | 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 6 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 07.57 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष:** आज नौकरी में सहकर्मियों का सहयोग तो मिलेगा लेकिन यह पर्याप्त नहीं होगा। काम को लेकर शंका रहेगी। भाई या बहन के साथ संबंध मजबूत बनाए रखें क्योंकि वे आपके बहुत काम आएंगे। किसी रिश्तेदार के द्वारा भी आपकी सहायता की जाएगी।

**वृष:** आज मन में नए-नए विचारों का समावेश होगा और आप पहले से ज्यादा तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करेंगे। मन किसी बात को लेकर प्रसन्न रहेगा और कुछ नया करने का विचार मन में आएगा। किसी अपने के द्वारा आपको खुशी मिलेगी।

**मिथुन:** आज परीक्षा को लेकर चिंता रह सकती है और ज्यादातर समय पढ़ाई में ही व्यतीत होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो कुछ लोगों का साथ मिलेगा और उनके द्वारा मार्गदर्शन भी किया जाएगा।

**कर्क:** आज यदि आप सिंगल हैं तो किसी के साथ सकारात्मक बातचीत शुरू होगी। ऐसे में शुरू में ही उत्तेजित होने से बचें अन्यथा बात बिगड़ सकती है। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। अपनी कार्य क्षमता का कुशल उपयोग करेंगे। आपकी प्रतिभा को विस्तार मिलेगा।

**सिंह:** आज शारीरिक रूप से एकदम स्वस्थ रहेंगे और किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी। पुरानी बीमारी से आराम मिलेगा लेकिन घरवालों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। मन में नये काम को लेकर उत्साह रहेगा।

**कन्या:** आज यदि किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं तो उनके साथ कुछ बातों को लेकर अनबन होगी लेकिन यदि आपने धैर्य से काम लिया और उन्हें समझने का प्रयास किया तो स्थिति संभल जाएगी। प्रेम संबंधों का आनन्द उठायेंगे। धार्मिक स्थलों पर जाने का अवसर बनेगा।

**तुला:** आज दिन शुभ तो रहेगा लेकिन किसी काम में अटक सकते हैं। ऐसे में सीनियर का सहयोग मिलेगा लेकिन उनकी भी आपसे किसी बात को लेकर अपेक्षा रहेगी। घर में कुछ शुभ कार्य हो सकते हैं। किसी पर्यटन स्थल की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज मानसिक रूप से कोई समस्या रह सकती है। मन किसी बात को लेकर बेचैन रहेगा और अशांति का अनुभव करेंगे। उल्टी होने की समस्या हो सकती है। नव-दम्पति को सन्तान प्राप्ति के योग बन रहे हैं। घर में कुछ शुभ कार्य हो सकते हैं।

**धनु:** आज विवाह को कुछ समय हो गया है तो आज का दिन आप दोनों के लिए यादगार रहने की उम्मीद है। आप दोनों के बीच कुछ ऐसा होगा जो मीठी याद बनकर रह जाएगा। साझेदारी में किये जा रहे व्यापार से अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा।

**मकर:** आज राजनीति के क्षेत्र में काम करते हैं तो आज के दिन अपने विरोधियों से बचकर रहें क्योंकि वे आपकी गलतियों को पकड़ कर उन्हें बड़ा बनाने का प्रयास कर सकते हैं। आपकी महत्वाकांक्षायें बढ़ सकती हैं।

**कुंभ:** आज निजी नौकरी करते हैं और किसी प्रोजेक्ट पर कुछ महीनों से काम कर रहे थे तो आज के दिन उसमे असफलता हाथ लग सकती है। बॉस भी आपको लेकर आशंकित रहेंगे और काम से खुश नहीं होंगे।

**मीन:** आज विवाह के लिए रिश्ता ढूंढ रहे हैं तो किसी का रिश्ता तो आएगा लेकिन किसी कारणवश बात आगे नही बढ़ पाएगी। ऐसे में उदास होने की बजाए सकारात्मक रवैया अपनाएंगे तो बेहतर रहेगा। पारिवारिक जीवन काफी सन्तोषप्रद रहेगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 30 अप्रैल 04.42 तक तत्पश्चात उत्तरषाढ़ा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
प्रेम — सुबह : 11.16
खेल — रात : 08.45

**Sony Pix**
द मास्क — सुबह : 10.56
2012 — शाम : 06.19

**Sony Max**
स्टाइल — सुबह : 08.00
शेफ — शाम : 06.00

**Zee Cinema**
सिर्फ तुम — सुबह : 10.50
कमांडो — रात : 08.30

**Colors Cineplex**
अचानक — सुबह : 07.49
चेन्नई एक्सप्रेस — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम :06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

साली- जीजा जी क्या आप मेरे लिए शेर को मार कर ला सकते हो?
जीजा- नो साली जी, कुछ और बताओ मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं..
साली- क्या मैं तुम्हारा फेसबुक चेक कर सकती हूं
जीजा- कहां है वो शेर जिसके बारे में तुम बात कर रही थी।

पत्नी- आज भी किसी मोहल्ले से निकलू तो सब लड़कों की नजर मेरे पर ही रहती है...
पति- इनकी परवाह न करो डार्लिंग, कबाड़ियों का मोहल्ला है।
उनकी नजर हमेशा कबाड़ पर ही रहती है।

## एक नजर

### मुंबई में बाल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ एक चिकित्सक समेत सात गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर एक चिकित्सक और छह अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्यों को नवजात और एक बच्चे को बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा ने शनिवार को आरोपी डॉ. सोपानराव खंडारे, वंदना अमित पवार, शीतल गणेश वारे, स्नेहा सूर्यवंशी, नसीमा हनीफ खान, लता सुरवाडे और शरद मारुति देवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि विक्रोली निवासी शीतल वारे ने पांच महीने के बच्चे को दो लाख रुपये में बेच दिया। शीतल को गोवंडी से पकड़ा गया, जिसके बाद पुलिस ने डॉ. खंडारे को गिरफ्तार कर लिया, जिन्होंने बच्चे को बेचने में उसकी मदद की थी।

### नाकाबंदी में वाहन की जांच कराने से मना करने पर भाजपा का निलंबित नेता गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में बीकानेर जिले की पुलिस ने भाजपा से निलंबित नेता उस्मान गनी को नाकाबंदी के दौरान वाहन की जांच न कराने पर गिरफ्तार किया है। चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की टिप्पणी पर गनी ने नाराजगी व्यक्त की थी जिसके बाद पिछले सप्ताह भाजपा ने उन्हें बीकानेर के जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष पद से हटा दिया था। बीकानेर एसपी तेजवानी गौतम ने बताया कि गनी को शनिवार को हिरासत में लिया गया और रिहाई के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीएम) के सामने पेश किया गया।

### मणिपुर में 30 अप्रैल को होगा पुनर्मतदान

**इंफाल।** चुनाव आयोग (ईसी) ने बाहरी मणिपुर क्षेत्र के तहत तीन विधानसभा क्षेत्रों के छह केंद्रों पर 30 अप्रैल को फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। मतदान सुबह सात से शाम चार बजे तक होगा। कांग्रेस ने उसके कार्यकर्ताओं को धमकी दिये जाने के बाद 19 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की थी।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई टाउनशिप में पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी और पीड़िता उलवे इलाके में एक ही इमारत के रहते हैं। एनआरआई सागरी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि शनिवार शाम जब पीड़िता आरोपी के घर खेलने के लिए गई थी तब उसने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। आरोपी पहले भी बच्ची का यौन उत्पीड़न कर चुका है। शनिवार को बच्ची ने परिजनों को बताया। माता-पिता की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### दुर्घटना में तीन पुलिसकर्मियों की मौत

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज में रविवार को ट्रक ने वैन को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई जबकि 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना बरहिमा बाजार के निकट तब हुई जब वैन में सवार पुलिस टीम चुनाव के तीसरे चरण के तहत ड्यूटी के लिए सुपौल जा रही थी। पुलिसकर्मियों को ले जा रही वैन बरहिमा बाजार के पास रुकी थी तभी ट्रक ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी। दो पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक घायल पुलिसकर्मी की अस्पताल में मौत हो गई। इसमें 12 से अधिक लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्घटना में तीन पुलिसकर्मियों की मौत और अन्य के घायल होने पर दुख जताया है। कुमार ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि घायल पुलिसकर्मियों को सर्वोत्तम संभव इलाज मिले।

### धार्मिक पोस्टर पर तस्वीर को लेकर भाजपा प्रत्याशी को निर्वाचन आयोग का नोटिस

**कोरबा/रायगढ़।** निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ के कोरबा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार को धार्मिक कार्यक्रम के पोस्टर और बैनर पर उनकी तस्वीर को लेकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिकारी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की शिकायत के बाद कोरबा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने शुक्रवार को भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडे को नोटिस जारी कर उनसे 29 अप्रैल तक जवाब मांगा। शिकायत अनुसार भाजपा ने शुक्रवार को मनेंद्रगढ़ क्षेत्र के चिरमिरी में धीरेंद्र गिरि शास्त्री के कार्यक्रम के लिए पांडे और राज्य के मंत्रियों की तस्वीरों वाले बैनर और पोस्टर लगाए थे।

# शहजादे ने महाराजाओं का अपमान किया पर नवाबों के अत्याचारों पर चुप हैं : मोदी

## कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए कानून और व्यवस्था को लेकर कर्नाटक सरकार पर भी किए प्रहार

**बेलगावी (कर्नाटक), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत के राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति की खातिर नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों के किए अत्याचारों पर एक भी शब्द नहीं बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने विरासत कर के मुद्दे पर भी कांग्रेस के खिलाफ हमला जारी रखा और कानून व व्यवस्था को लेकर कर्नाटक सरकार पर निशाना साधा।

मोदी ने कहा कि भाजपा लोगों की संपत्तियां बढ़ाने पर काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस का शहजादा और उनकी बहन दोनों यह घोषणा कर रहे हैं कि अगर वे सत्ता में आए तो वे देश का एक्स-रे करेंगे। प्रधानमंत्री ने पूछा, वे आपकी संपत्ति, बैंक लॉकर, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे। ये लोग हर घर पर छापा मारेंगे और आपकी संपत्ति पर कब्जा करेंगे। कब्जा करने के बाद वे इसे पुनः वितरित करने की बात कर रहे हैं, वे उसे अपने प्रिय वोट बैंक को देना चाहते हैं...क्या आप इसे होने देंगे? मोदी ने कहा कि मैं कांग्रेस



● पीएम ने पूछा, वे आपकी संपत्ति, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे

को आगाह करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि इस इरादे को छोड़ दीजिए। जब तक मोदी जिंदा है, मैं इसे होने नहीं दूंगा...। जनसभा में मोदी ने कहा कि आपने कांग्रेस के शहजादे का हालिया बयान सुना होगा- वह कहते हैं कि भारत के राजा और महाराजा अत्याचारी थे। उन्होंने राजाओं और महाराजाओं पर गरीबों की जमीन और संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया... शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज और कित्तूर की रानी चेन्नम्मा जैसी शख्सियतों का अपमान किया है जिनकी देशभक्ति आज भी हमें प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों ने जो अत्याचार किया, उसके बारे में शहजादे के मुंह पर ताला लग गया। शहजादे मुगल शासक औरंगजेब के जुल्मों को याद नहीं रख सकते। औरंगजेब ने कई मंदिरों को अपवित्र किया और उन्हें ध्वस्त कर दिया। कांग्रेस उन दलों के साथ खुशी-खुशी गठबंधन कर रही है, जिन्होंने हमारे धार्मिक स्थानों को नष्ट किया, हत्याओं, गौ हत्या में शामिल रहे।

### जिन्होंने राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराया, उन्हें मतदाता खारिज कर देंगे

**सिरसी (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकरा दिया, उन्हें मौजूदा लोकसभा चुनाव में जनता खारिज कर देगी। मोदी ने कहा कि राम मंदिर निर्माण पर फैसला देश की आजादी के अगले दिन ही ले लिया जाना चाहिए था। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हीं ताकतों ने अंतिम क्षण तक यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि राम मंदिर न बने और आखिरी दिन भी अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उत्तर कन्नड जिले के इस तालुका मुख्यालय शहर की जनसभा में मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके दरबारियों ने 70 वर्षों तक कोशिश की है कि राम मंदिर नहीं बनाया जाना चाहिए।

# अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं मोदी : राहुल गांधी

**कटक, एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्र में अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं तो दूसरी ओर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करते हैं जो केवल राज्य के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है।

गांधी ने कटक के सालेपुर में चुनावी रैली में दावा किया कि भले ही बीजद और भाजपा एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे एक साथ काम कर रहे हैं। इसे साझेदारी कहें या कुछ और नाम दें लेकिन बीजद और भाजपा दोनों एक साथ हैं। गांधी ने पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा कि भले ही पटनायक मुख्यमंत्री हैं, लेकिन राज्य में बीजद सरकार उनके सहयोगी वीके पांडियन चला रहे हैं। मोदी और पटनायक की कथित साझेदारी पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि अंकल-जी और नवीन-बाबू ने ओडिशा को पीएएएनएन दिया है,



● कटक के सालेपुर में चुनावी रैली में बीजद और भाजपा पर साझेदारी का लगाया आरोप

अर्थात् पांडियन, अमित शाह, नरेन्द्र मोदी और नवीन पटनायक। उन्होंने आपका धन लूट लिया है। खनन घोटाले के जरिये नौ लाख करोड़ लूटे गए। जमीन हड़पकर 20,000 करोड़ लूटे गए। पौधारोपण घोटाला 15,000 करोड़ का था। जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी, हम आपको आपका पैसा वापस देना शुरू कर देंगे। गांधी ने दावा किया कि तेलंगाना में बीआरएस भाजपा के साथ काम करती थी और कांग्रेस ने उसे सत्ता से बाहर कर दिया।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी वाली याचिका पर आज सुप्रीम सुनवाई

**धनशोधन मामला**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार 29 अप्रैल को सुनवाई करने वाला है, जिसमें उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ इस पर सुनवाई कर सकती है।

केजरीवाल ने पहले शीर्ष अदालत से कहा था कि इउनकी अवैध गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और संघवाद पर आधारित लोकतंत्र के सिद्धांतों पर हमला है। गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर दायर ईडी के हलफनामे पर केजरीवाल ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले उनकी गिरफ्तारी का तरीका और समय एजेंसी की मनमानी के बारे में बहुत कुछ कहता है। उनकी गिरफ्तारी ऐसे समय हुई जब आचार संहिता लागू थी। केजरीवाल ने दावा किया कि यह एक प्रमुख मामला है कि कैसे केंद्र ने आप और उसके नेताओं को कुचलने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत ईडी और इसकी व्यापक शक्तियों का दुरुपयोग किया है। इसमें दावा किया गया है कि चुनाव की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने के पांच दिन



● केंद्र सरकार ने आप नेताओं को कुचलने के लिए ईडी और उसकी व्यापक शक्तियों का दुरुपयोग किया

बाद ईडी ने मौजूदा मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय विपक्षी दलों में से एक के राष्ट्रीय संयोजक को अवैध रूप से पकड़ लिया।

### आप के चुनाव प्रचार गीत पर निर्वाचन आयोग ने प्रतिबंध लगायाः आतिशी

**नई दिल्ली।** आप ने रविवार को दावा किया कि निर्वाचन आयोग ने पार्टी के चुनाव प्रचार गीत जेल के जवाब में हम वोट देंगे पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगा दिया है कि यह सत्तारूढ़ भाजपा और केंद्रीय जांच एजेंसियों की छवि खराब करता है। आप नेता आतिशी ने कहा कि यह संभवत: पहली बार है कि निर्वाचन आयोग ने किसी पार्टी के प्रचार गीत पर प्रतिबंध लगाया है।

### सुनीता को जेल में केजरीवाल से मिलने की अनुमति नहीं मिली

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल प्रशासन ने सुनीता को अपने पति दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से 29 अप्रैल को मिलने की अनुमति नहीं दी। आप सूत्रों ने बताया कि सुनीता सोमवार को केजरीवाल से मिलने वाली थीं लेकिन तिहाड़ प्रशासन ने अनुमति नहीं दी और इसकी कोई वजह नहीं बताई।

## गृह मंत्री का एडिटेड वीडियो वायरल, एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एडिटेड वीडियो वायरल होने पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल साइबर विंग आईएफएसओ यूनिट ने भाजपा और गृह मंत्रालय की तरफ से की गई शिकायत पर एफआईआर दर्ज किया है।

आरोप है कि अमित शाह के वीडियो से छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर डाला गया है। एडिटेड वीडियो में गृहमंत्री को एससी/एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पर टिप्पणी करते सुना जा सकता है। भाजपा सूत्रों के अनुसार गृहमंत्री ने एससी/एसटी या ओबीसी के लिए आरक्षण खत्म करने की बात नहीं की है और ये वीडियो फर्जी है।

## सांसद प्रज्वल की संलिप्तता वाले कथित सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए एसआईटी गठित

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक सरकार ने जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की संलिप्तता वाले कथित सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए रविवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया। कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नागलक्ष्मी चौधरी द्वारा सरकार को पत्र लिखे जाने के बाद यह कदम उठाया गया।

रेवन्ना हासन लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ। जद(एस) पिछले साल सितंबर में राजग में शामिल हो गया था। आईपीएस अधिकारियों की तीन सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) बिजय सिंह करेंगे। अन्य दो सदस्य, सहायक पुलिस महानिरीक्षक सुमन डी. पेनेकर और मैसुरु की एसपी सीमा लाटकर हैं। एसआईटी को शीघ्र जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया है। प्रज्वल की संलिप्तता वाले कुछ वीडियो क्लिप का हाल के दिनों में हासन में प्रसार किया गया है।

## प्रियंका को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नकली गांधी बताया

**भोपाल, एजेंसी**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर प्रहार करते हुए दावा किया कि वह नकली गांधी हैं और वोट पाने के लिए इस उपनाम का इस्तेमाल कर रही हैं। मुख्यमंत्री गुना क्षेत्र के म्याना कस्बे में शनिवार को जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने 22 अप्रैल को राजस्थान की रैली में कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की कमाई और मूल्यवान चीजों को घुसपैठियों और उन लोगों को देने की है, जिनकी अधिक संतान हैं। यह पार्टी सत्ता में आने पर माताओं और बहनों का सोना चुरा लेगी। बाद में, प्रियंका ने सोना और मंगलसूत्र संबंधी मोदी की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा था कि उनकी मां सोनिया गांधी ने देश के लिए अपना मंगलसूत्र कुर्बान किया। कांग्रेस महासचिव पर निशाना साधते हुए यादव ने कहा कि अपनी प्रपौत्री के मंगलसूत्र नहीं पहनने को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की आत्मा आंसू बहा रही होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां, बेटी के विदा होते ही ससुराल का सरनेम लगा देते हैं लेकिन ये वोट के भूखे लोग अपना सरनेम भूल कर गांधी उपनाम का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## बस स्टॉप निर्माण पर सब लेते हैं कमीशन, मैंने भी लियाः पूर्व मंत्री

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री ने दावा किया है कि सांसदों और विधायकों को हर बस स्टॉप के निर्माण के लिए एक लाख रुपये का कमीशन मिलता है और उन्होंने खुद भी थोड़ी-बहुत राशि ली है। पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के बेटे और पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने शनिवार को कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह के लिए प्रचार करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि किसी सांसद और विधायक को सबसे बड़ा कमीशन अपने क्षेत्र में बस स्टॉप के निर्माण से मिलता है। मैं झूठ नहीं बोलूंगा। मैंने भी इसमें से कुछ लिया है। जोशी ने राजगढ़ के निवर्तमान सांसद रोडमल नागर पर निर्वाचन क्षेत्र के लिए कोई काम नहीं करने का आरोप लगाया।

## कारोबार/कृषि

### हिंदुजा की शाखा से समाधान योजना की समयसीमा पर टिके रहें : आरकैप

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल (आरकैप) के ऋणदाताओं ने समाधान योजना की धीमी प्रगति पर चिंता जताई है। उन्होंने हिंदुजा समूह की शाखा इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड से जरूरी नियामक मंजूरियां लेने की प्रक्रिया में तेजी लाने और 27 मई की समाधान योजना की समयसीमा पर टिके रहने को कहा है। इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शुक्रवार को मुंबई में हुई बैठक में आरकैप के ऋणदाताओं ने कहा कि कंपनी को उक्त तिथि तक उन्हें 9,650 करोड़ का भुगतान करना है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) मुंबई ने 27 फरवरी को समाधान योजना को मंजूरी देते हुए आईआईएचएल को 90 दिनों में यानी 27 मई तक समाधान योजना को लागू करने का निर्देश दिया था।

### हिमाद्री स्पेशलिटी पश्चिम बंगाल में 220 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

**कोलकाता।** कोलकाता की विशेष रसायन कंपनी हिमाद्री स्पेशियलिटी 220 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ पश्चिम बंगाल में एक विस्तार परियोजना में अपनी विशेष कार्बन ब्लैक क्षमता का विस्तार करेगी। कंपनी के अधिकारी ने रविवार को कहा कि यूरोपीय संघ में रूसी कार्बन ब्लैक आयात पर आसन्न प्रतिबंध के बीच यूरोप से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विस्तार की परिकल्पना की गई है। हुगली जिले के सिंगूर में स्थित इस विस्तार का परिचालन अगले 18 महीनों में करने का लक्ष्य है। इसका वित्त पोषण आंतरिक स्रोतों से किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि 70,000 टन प्रति वर्ष की यह अतिरिक्त क्षमता कंपनी की विशेष कार्बन ब्लैक क्षमता को 1.3 लाख टन प्रति वर्ष तक बढ़ाएगी, जिससे संचयी क्षमता मौजूदा 1.8 लाख टन से बढ़कर 2.5 लाख टन हो जाएगी। हिमाद्री स्पेशियलिटी केमिकल लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुराग चौधरी ने कहा कि हम विशिष्ट कार्बन ब्लैक की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद करते हैं, खासकर यूरोपीय संघ में रूसी कार्बन ब्लैक आयात पर आसन्न प्रतिबंध के साथ।

# मौद्रिक नीति से ज्यादा प्रभावित हो सकता है शेयर बाजार

## इक्विटी बाजारों में उतार-चढ़ाव, लक्ष्य और पथ दोनों कारकों से होता है प्रभावित

**मुंबई, एजेंसी**

भविष्य में भारतीय रिजर्व बैंक की नीति घोषणा के दिन नीतिगत दरों में अप्रत्याशित बदलाव की तुलना में शेयर बाजार मौद्रिक नीति की अपेक्षाओं से ज्यादा प्रभावित होंगे। आरबीआई के अधिकारियों के शोध पत्र के अनुसार मौद्रिक नीति के साथ ही घोषित किए जाने वाले विनियामक और विकास उपाय भी शेयर बाजारों को प्रभावित करते हैं। शोध पत्र में कहा गया कि भविष्य में इक्विटी बाजार नीतिगत दरों में अप्रत्याशित बदलाव की तुलना में मौद्रिक नीति को लेकर बाजार की अपेक्षाओं से ज्यादा प्रभावित होंगे।

इसमें कहा गया कि नीतिगत घोषणा के दिन इक्विटी बाजारों में उतार-चढ़ाव ''लक्ष्य



और पथ' दोनों कारकों से प्रभावित होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बाजार नीतिगत घोषणाओं को पचा लेते हैं और व्यापारी पूरे दिन अपने पोर्टफोलियो को समायोजित करते हैं। 'इक्विटी बाजार और मौद्रिक नीति के आश्चर्य' शीर्षक वाले इस शोध पत्र को भारतीय रिजर्व बैंक के आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग के मयंक गुप्ता, अमित पवार, सत्यम कुमार, अभिनंदन बोरड और सुब्रत कुमार सीट ने तैयार किया गया है।

### अमेरिका में ब्याज दर पर फैसले से तय होगी बाजार की चाल

**नई दिल्ली।** कंपनियों की तिमाही आय के नतीजे, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले और अन्य वैश्विक रुझानों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल निर्धारित होगी। विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की दिशा और रुपया-डॉलर विनिमय दर जैसे कारक भी व्यापार को प्रभावित करेंगे। महाराष्ट्र दिवस के कारण बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीना ने कहा कि घरेलू स्तर पर, चौथी तिमाही के नतीजे कुछ विशेष शेयरों को दिशा देंगे।

## भारतीय युवाओं में बेरोजगारी अस्थायी हैः एमपीसी सदस्य

**नई दिल्ली।** आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि युवा आयु वर्ग में बेरोजगारी सबसे अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय युवा कौशल हासिल करने और उद्यम शुरू करने में अधिक समय लगाते हैं। गोयल ने कहा कि मजबूत वृद्धि के साथ देश में रोजगार सृजन में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी अधिक है, लेकिन वे अधिक वेतन भी कमाते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए, युवा कौशल हासिल करने और नौकरी की तलाश में अधिक समय बिता रहे हैं। गोयल अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की रिपोर्ट पर जवाब दे रही थीं। रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में, भारत की कुल बेरोजगार आबादी में युवाओं की हिस्सेदारी 83 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि युवा आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है, इंतजार के दौरान वे अनौपचारिक काम करते हैं या उद्यमिता में जोखिम उठाते हैं, जहां बहुत अच्छा करते हैं। हाल की अवधि में युवा बेरोजगारी में कमी आई है। बेहतर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, बीमा, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं के माध्यम से युवाओं के लिए अवसरों को बढ़ाया जा सकता है, न कि स्थायी सरकारी नौकरियां देकर, जो सुरक्षा प्रदान करती हैं और साथ ही ठहराव भी।

# अधिकांश खाद्य तेलों में आई तेजी, दालें महंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेशी बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में उबाल रहा तथा दालें भी महंगी हो गईं जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 99 रिंगिट गिरकर 3956 रिंगिट प्रति टन रह गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.53 सेंट उबलकर 45.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। इस दौरान सरसों तेल 513 रुपये, सोया रिफाइंड 659 रुपये और वनस्पति तेल 400 रुपये प्रति क्विंटल उबल गया जबकि मूंगफली तेल 293



रुपये और सूरजमुखी तेल 294 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया।

वहीं, पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12967 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12160 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11721 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8400 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

## सेबी ने ग्रोपिटल, अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित किया, जांच जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा है कि फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), अन्य संबंधित इकाइयों और उनके निदेशक अनधिकृत निवेश योजनाओं के माध्यम से धन संग्रह की जांच के नतीजे आने तक प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित रहेंगे। हालांकि, नियामक ने अपने पहले के आदेश को संशोधित किया और कृषि निवेश मंच ग्रोपिटल के निदेशकों- ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों से प्रतिबंध हटा दिया।

● पहले के आदेश को किया संशोधित ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा के बैंक खातों से प्रतिबंध हटा

शेयर बाजार नियामक ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है जिससे संस्थाओं की चूक या कमीशन के अतिरिक्त कृत्य सामने आ सकते हैं। मौजूदा क्रम में निष्कर्ष प्रथम दृष्टया जांच पर आधारित हैं। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अमरजीत सिंह ने शुक्रवार को जारी हालिया आदेश में कहा कि सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) विनियमों की धाराओं के तहत मैं अगले आदेश तक अंतरिम आदेश के माध्यम से जारी निर्देशों की इस संशोधन के अधीन पुष्टि करता हूं कि व्यक्तियों, ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे।

सिंह ने कहा कि प्रतिबंध जारी रहेगा क्योंकि कार्यवाही यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि संस्थाओं के पास उपलब्ध धन का दुरुपयोग न हो। सेबी ने जनवरी में पारित एक अंतरिम आदेश में फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), संबंधित संस्थाओं और उनके निदेशकों को निवेशकों से पैसा इकट्ठा करने से रोक दिया था और उन्हें अगले निर्देश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था।

## एएमसी की विशेष अवसर वाले कोषों में रुचि, 3 फर्मों ने सेबी को मसौदा पत्र भेजा

**नई दिल्ली।** परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) की विशेष अवसर वाले कोषों में रुचि बढ़ गई है। ऐसी तीन फर्मों एएमसी व्हाइटओक कैपिटल, कोटक महिंद्रा और सैमको ने मार्च-अप्रैल के दौरान इस थीम पर मसौदा पत्र सेबी को भेजा हैं। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एमएफ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ, एक्सिस एमएफ विशेष अवसर वाले कोष की पेशकश करते हैं। विशेष अवसर वाले कोष, ऐसी म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं, जो बाजार की विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए निवेश करती हैं।

## भारत के औद्योगिक सामान आयात में चीन की हिस्सेदारी हुई 30%

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के औद्योगिक सामान आयात में चीन की हिस्सेदारी 15 वर्षों में 21 से बढ़कर 30 प्रतिशत हो गई है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के अनुसार दूरसंचार, मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे चीन के औद्योगिक सामानों पर भारत की बढ़ती निर्भरता से यह आंकड़ा बढ़ा।

जीटीआरआई ने कहा कि चीन के साथ बढ़ता व्यापार घाटा चिंता का विषय है, और इस निर्भरता के रणनीतिक निहितार्थ गहरे हैं, जो न केवल आर्थिक बल्कि राष्ट्रीय

● मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सामानों पर भारत की निर्भरता बढ़ी

सुरक्षा आयामों को भी प्रभावित करते हैं। 2019 से 2024 तक चीन को भारत का निर्यात सालाना 16 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है। दूसरी ओर, चीन से आयात 2018-19 में 70.3 अरब डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 101 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत सरकार और उद्योगों को आयात रणनीतियों का मूल्यांकन करना चाहिए और विविध तथा लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देना चाहिए।

## इस्पात आयात को लेकर सतर्कता जरूरत : नरेन्द्रन

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेन्द्रन ने कहा है कि इस्पात आयात में वृद्धि जारी है तो इस स्थिति को लेकर सतर्कता जरूरत है। भारत में इस्पात आयात बीते वित्त वर्ष में 38 प्रतिशत उछाल के साथ 83.19 लाख टन पर पहुंच गया है। नरेन्द्रन ने कहा कि यदि यही स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो यह दुख की बात होगी। हमें आयात को लेकर सतर्क रहना होगा। जब तक यह अनुचित आयात है, सरकार को इससे निपटने की जरूरत है। मांग पर एक अलग प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में इस्पात की खपत आठ से 10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।



## आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स

बनाम

कोलकाता नाइट राइडर्स

दोपहर 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 447 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

# मैकगुर्क से सतर्क रहना चाहेगी केकेआर

कोलकाता, एजेंसी

पिछले पांच में से चार मैच में जीत हासिल कर आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर तालिका में शीर्ष चार में पहुंचने की कोशिश करेगी। ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम धीरे धीरे अपनी कमियों में सुधार करके अब मजबूत टीम की तरह खेल रही है। वहीं गौतम गंभीर के मार्गदर्शन वाली टीम केकेआर को पिछले पांच मैच में से तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है जिसके लिए उसकी गेंदबाजी जिम्मेदारी रही।

लुंगी एनगिडी की जगह शामिल किये गए ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेसर मैकगुर्क शीर्ष क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खुद को 'एक्स फैक्टर' साबित कर चुके हैं। 22 साल के इस 'पावर हिटर' ने अपने शानदार शॉट्स से पांच मैच में 237.50 के स्ट्राइक रेट से 247 रन बनाकर आईपीएल में तहलका मचा दिया है।



केकेआर ने चोटिल मिचेल स्टार्क की जगह श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा को शामिल किया लेकिन उन्होंने टीम के लिए पदार्पण में प्रत्येक ओवर 16 रन लुटाए। केकेआर के लिए कुछ सकारात्मक चीजें हैं जिसमें नारायण की बल्लेबाजी में शानदार फॉर्म शामिल है जिन्होंने आठ मैच में दो अर्धशतक और एक शतक से 357 रन बनाए हैं। नारायण और फिल सॉल्ट ने शीर्ष क्रम में केकेआर के लिए काफी रन जुटाए हैं लेकिन अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह को और रन बनाकर योगदान करना होगा।

# नाडा पैनल से मिली हरी झंडी, इंडियन ग्रां प्री 1 में वापसी करेंगी हिमा

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार धाविका हिमा दास पिछले महीने सुनवाई के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल द्वारा हरी झंडी दिए जाने के बाद बेंगलुरु में मंगलवार को इंडियन ग्रां प्री 1 में वापसी करेंगी।



पिछले साल नाडा ने 12 महीने में तीन दफा अपने रहने के स्थान की जानकारी देने में विफलता के बाद 24 वर्षीय हिमा को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा 30 अप्रैल को होने वाले इंडियन ग्रां प्री 1 की महिलाओं की 200 मीटर रेस की प्रविष्टि सूची में हिमा का नाम शामिल है। सूत्रों ने बताया किपिछले महीने नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल की सुनवाई में उन्हें प्रतियोगित में हिस्सेदारी के लिए हरी झंडी मिल गयी।



# तीरंदाज दीपिका को रिकर्व स्पर्धा में मिला रजत

**शंघाई।** तरुणदीप राय, प्रवीण जाधव और धीरज बोम्मदेवरा की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप 2024 में स्वर्ण तथा दीपिका कुमारी ने महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक जीता। चीन के शंघाई में आयोजित शिखर मुकाबले में भारत की दीपिका कुमारी को दक्षिण कोरिया की लिम सिह-योन से हारने के बाद महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक से संतोष किया। लिम ने दीपिका को 6-0 (27-26, 29-27, 28-27) से हराया। भारत ने अंकिता भकत और धीरज की बदौलत मिश्रित टीम रिकर्व में कांस्य पदक जीता। भारत ने इस प्रतियोगिता को पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल आठ पदकों के साथ समाप्त किया। पुरुष टीम के रिकर्व फाइनल में भारत को दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम के खिलाफ एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा, जिसमें किम वूजिन और किम जे देओक - टोक्यो 2020 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के दो सदस्य शामिल थे। ली वू सियोक दक्षिण कोरियाई टीम के तीसरे तीरंदाज थे।

## खेल डायरी

### भारतीय महिला टीम थॉमस कप क्वार्टरफाइनल में

**चेंगदू।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम रविवार को सिंगापुर को 4-1 हराकर थॉमस और उबेर कप टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है। चीन के चेंगदू में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम की सिंगापुर के खिलाफ शुरुआत अच्छी नहीं रही। अश्मिता चालिहा शुरुआती एकल मुकाबले में सिंगापुर की येओ जिया मिन से हार गईं और भारत 1-0 से पिछड़ गया। इसके बाद प्रिया कोन्जेंगबाम/श्रुति मिश्रा ने जिओ एन हेंग और जिन यू जिया के खिलाफ अपना युगल मैच 21-15, 21-16 से जीतकर भारतीय अभियान की शुरुआत की। दुनिया की 83वें नंबर की इशरानी बरुआ ने 151वीं रैंकिंग वाली इंसिइरा खान को 21-13, 21-16 से हराकर भारत को बढ़त दिला दी, इससे पहले कनाडा के खिलाफ मैच हारने वाली सिमरन सिंघी/रितिका ठाकर ने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की।

### आईएसएल फाइनल में पहुंचा मोहन बागान

**कोलकाता।** मोहन बागान ने इंडियन सुपर लीग में दोहरे खिताब की दौड़ में खुद को बरकरार रखते हुए ओडिशा एफसी को रविवार को औसत के आधार पर 3-2 से हराया। भुवनेश्वर में सेमीफाइनल का पहला चरण 1-2 से गंवाने के बाद बागान ने आक्रामक शुरूआत करते हुए 22वें मिनट में जेसन कमिंग्स के गोल पर बढत बना ली। इसके बाद सहल अब्दुल समद ने 93वें मिनट में विजयी गोल दागा। मोहन बागान ने इसी मैदान पर मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराकर लीग विनर्स शील्ड जीती थी। आईएसएल के इतिहास में कोई टीम दोहरे खिताब नहीं जीत सकी है।

### बैच ओपन स्क्वाश के फाइनल में पहुंचे सेंथिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने हांगकांग के एंडीज लिंग को हराकर पेरिस में बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर मौजूद सेंथिलकुमार ने शनिवार रात को सेमीफाइनल मैच 22 मिनट में 11-2, 11-1, 11-6 से जीता। इस 12,000 डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर स्पर्धा में खिताब के लिए अब भारतीय खिलाड़ी का मुकाबला फ्रांस के मेल्विल स्कियानिमेनिको से होगा। सेंथिलकुमार ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल मैच में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हराया था।

### सरकार ने गुकेश को दिया 75 लाख का नकद पुरस्कार



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को शतरंज सितारे डी गुकेश को 75 लाख रूपये नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया जिन्होंने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता है। स्टालिन ने गुकेश को एक शील्ड और शॉल भी प्रदान किया। इस मौके पर प्रदेश के खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन, आला अधिकारी और गुकेश के माता पिता भी मौजूद थे। गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। तमिलनाडु सरकार ने गुकेश को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की तैयारी के लिए 15 लाख रूपये दिये थे।

### महेश्वरी ने हासिल किया रजत और ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली।** निशानेबाज महेश्वरी चौहान ने रविवार को दोहा में आईएसएसएफ शॉटगन ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप के समापन दिन महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में रजत पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए भारत का 21वां कोटा स्थान हासिल कर लिया। पहली बार फाइनल में खेल रही महेश्वरी को स्वर्ण पदक के लिए शूट ऑफ में चिली की फ्रांसिस्का क्रोवेटो चाडिड ने 4-3 से हराया। इससे पहले दोनों निशानेबाजों ने 60 में से एक समान 54 अंक बनाए थे। यह महिला स्कीट में भारत का दूसरा ओलंपिक कोटा स्थान है।



## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टाइटंस को नौ विकेट से हराया, विल जैक्स ने जड़ा तेज तर्रार नाबाद शतक, कोहली ने खेली 70 रनों की पारी

# जैक्स-विराट की बारिश में धुला गुजरात




अहमदाबाद, एजेंसी

- गुजरात टाइटंस की ओर से साई सुदर्शन ने 49 गेंद में बनाए नाबाद 84 रन

विल जैक्स नाबाद (100) की तूफानी शतकीय और विराट कोहली की (74) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को आईपीएल के 45वें मैच में गुजरात टाइटंस को नौ विकेट से हरा दिया है।

201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कप्तान फाफ डुप्लेसी और विराट कोहली की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। फाफ डुप्लेसी 12 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आए विल जैक्स ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में पांच चौके और 10 छक्के लगाते हुए नाबाद 100 रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली 44 गेंदों में छह चौके और तीन छक्कों की मदद से 70 रन बनाकर नाबाद रहे। बेंगलुरु ने 16 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइटंस की ओर एक मात्र विकेट साई किशोर को मिला। बेंगलुरु की 10 मैचों में यह तीसरी जीत है।

इससे पहले साई सुदर्शन नाबाद (84) और शाहरुख खान (58) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स ने बेंगलुरु को जीत के लिए 201 रनों का लक्ष्य दिया है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (5) का विकेट गवां दिया। उसके बाद कप्तान शुभमन गिल (16) बनाकर पवेलियन लौट गए। साई सुदर्शन और शाहरुख खान की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट लिये (86)रनों की साझेदारी की। शाहरुख खान ने 30 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए (58) रन बनाए।

साई सुदर्शन ने 49 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 84 रनों की पारी खेली। डेविड मिलर 19 गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन का स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से स्वप्निल सिंह, मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने एक-एक विकेट लिया।

### गुजरात 200/3

20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋद्धिमान साहा का कर्ण बो स्वप्निल | 5 | 4 | 1/0 |
| शुभमन गिल का ग्रीन बो मैक्सवेल | 16 | 19 | 1/0 |
| साई सुदर्शन नाबाद | 84 | 49 | 8/4 |
| शाहरुख खान बो सिराज | 58 | 30 | 3/5 |
| डेविड मिलर नाबाद | 26 | 19 | 2/1 |

**गेंदबाजी :** स्वप्निल 3-0-23-1, सिराज 4-0-34-1, दयाल 4-0-34-0, मैक्सवेल 3-0-28-1, कर्ण 3-0-38-0, ग्रीन 3-0-42-0

### बेंगलुरु 206/1

16 ओवर, अतिरिक्त : 12

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 70 | 44 | 6/3 |
| डुप्लेसी का स्थानाप्पन (शंकर) बो साई | 24 | 12 | 1/3 |
| विल जैक्स नाबाद | 100 | 41 | 5/10 |

**गेंदबाजी :** वि उमरजाई 2-0-18-0, वॉरियर 1-0-15-0, साई किशोर 3-0-30-1, राशिद 4-0-51-0, नूर 4-0-43-0, मोहित 2-0-41-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.972 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.810 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.276 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

# भारतीय महिला टीम ने 45 रनों से बंगलादेश को हराया

सिलहट, एजेंसी

पहला टी-20 मुकाबला



यास्तिका भाटिया, शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर की शानदार पारियों और उसके बाद रेणुका सिंह और पूजा वस्त्रकर की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को 45 रनों से हरा दिया है।

भारतीय गेंदबाज रेणुका सिंह ने पहले ही ओवर में दिलारा अख्तर (4) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में शोबना मोस्तारी (6) को बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में दीप्ति शर्मा ने मुर्शीदा खातून (13) को आउट कर बंगलादेशी बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। इसके बाद बंगालादेश के विकेट लगातार गिरते रहे। बंगलादेश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 101 रन ही बना सकी।

इससे पहले भारत ने बंगलादेश को जीत के लिए 146 रनों का लक्ष्य दिया है। सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत का प्रयास किया। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 145 रन का स्कोर खड़ा किया।

युवा मुक्केबाजी

# जादुमणि, आकाश चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

अस्ताना (कजाकिस्तान)। एम जादुमणि सिंह (51 किग्रा) और आकाश गोरखा (60 किग्रा) रविवार को एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल जगह बनाने में सफल रहे।

जादुमणि सिंह ने अंडर-22 वर्ग के दूसरे दौर में आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकने) निर्णय के साथ मंगोलिया के अल्दरखिशिग बटुल्गा को मात दी। आकाश को मंगोलिया के गनबातार गान एर्डीन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मुकाबला 4-1 से जीता। दोनों मुक्केबाज मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलेंगे।

# ऋतुराज और तुषार का चला जादू सनराइजर्स हैदराबाद 134 पर ढेर




चेन्नई, एजेंसी

- चेन्नई ने सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रनों से हराया
- तुषार देशपांडे को चार और मुस्तफिजुर को मिले दो विकेट

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (98) और डैरिल मिचेल (52) रनों की बेहतरीन पारियों और उसके बाद तुषार देशपांडे सहित गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को आईपीएल के 46वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रनों से हरा दिया है।

213 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (13) को तुषार देशपांडे आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद तुषार ने अनमोलप्रीत सिंह (शून्य), अभिषेक शर्मा (15) को भी पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। हालांकि एडन मारक्रम और नीतिश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। लेकिन नौवें ओवर में रवींद्र जडेजा ने रेड्डी (15) को आउट कर हैदराबाद की उम्मीदों झटका दिया। इसके बाद मथीशा पथिराना ने एडन मारक्रम (32) को भी पवेलियन भेज दिया। हाइनरिक क्लासन (20), अब्दुल समद (19), शाहबाज़ अहमद (7), पैट कमिंस(5) रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से तुषार देशपांडे ने चार विकेट लिये। मुस्तफिजुर रहमान और मथीशा पथिराना ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पहले एम ए चिदंबरम स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदाराबाद को जीत के लिए 213 रन बनाने का लक्ष्य दिया था। बल्लेबाजी के लिए उतरी चेन्नई के लिए डैरिल मिचेल ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ दूसरे विकेट लिए 107 रनों की साझेदारी की। मिचले ने 32 गेंदों में 52 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 49 गेंदों में 98 रनों की पारी खेली। शिवम दुबे 20 गेंदों में नाबाद 39 रन और धोनी (5) रन बनाकर नाबाद रहे।

### चेन्नई 212/3

20 ओवर, अतिरिक्त : 9

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रहाणे कैच शाहबाज बोल्ड भुवनेश्वर | 9 | 12 | 1/0 |
| ऋतुराज कैच नितीश बोल्ड नटराजन | 98 | 54 | 10/3 |
| डैरिल मिचेल कैच नितीश बोल्ड उनादकट | 52 | 32 | 7/1 |
| शिवम दुबे नाबाद | 39 | 20 | 1/4 |
| एमएस धोनी नाबाद | 5 | 2 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-38-1, नितीश 1-0-8-0, शाहबाज अहमद 3-0-33-0, नटराजन 4-0-43-1, उनादकट 4-0-38-1, कमिंस 4-0-49-0

### हैदराबाद 134/10

18 .5 ओवर, अतिरिक्त : 3

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का मिचेल बो देशपांडे | 13 | 7 | 1/1 |
| अभिषेक शर्मा का मिचेल बो देशपांडे | 15 | 9 | 1/1 |
| अनमोलप्रीत सिंह का अली बो देशपांडे | 0 | 1 | 0/0 |
| एडेन माक्रम बो पथिराना | 32 | 26 | 4/0 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का धोनी बो जडेजा | 15 | 15 | 0/0 |
| हेनरिच क्लासेन का मिचेल बो पथिराना | 20 | 21 | 0/1 |
| अब्दुल समद का रिजवी बो ठाकुर | 19 | 18 | 1/1 |
| शाहबाज अहमद का मिचेल बो रहमान | 7 | 5 | 1/0 |
| पैट कमिंस का मिचेल बो देशपांडे | 5 | 7 | 1/0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 4 | 3 | 0/0 |
| जयदेव उनादकट का अली बो रहमान | 1 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** चाहर 3-0-22-0, देशपांडे 3-0-27-4, रहमान 2 .5-0-19-2, जडेजा 4-0-22-1, ठाकुर 4-0-27-1, पथिराना 2-0-17-2

# मेस्सी के दो गोल से जीता मियामी



**मैसाचुसेट्स (अमेरिका)।** लियोनेल मेस्सी ने न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने दो गोल कर अपनी टीम इंटर मियामी सीएफ को शनिवार को यहां 4-1 से जीत दिलाई। मेस्सी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। इंटर मियामी की टीम मैच के पहले मिनट में ही टॉमस चानकले के गोल के बाद पिछड़ गई थी लेकिन मेस्सी ने 32वें मिनट में स्कोर बराबर करने के बाद मैच के 68वें मिनट में बाएं पैर की किक से सत्र का अपना नौवां गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इंटर मियामी के लिए दो अन्य गोल बेंजामिन क्रेमास्ची और दिग्गज लुईस सुआरेज ने किए।

**4-1** से न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन को घरेलू मैदान पर इंटर मियामी सीएफ ने हराया



# कीनिया के मवानिकी और कसाइत टीसीएस विश्व 10के दौड़ में अव्वल

**बेंगलुरु।** कीनिया के पीटर मवानिकी और लिलियन कसाइत ने रविवार को यहां 16वें टीसीएस विश्व 10के में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। मवानिकी ने शुरुआती से अपनी बढ़त बनाए रखते हुए 28 मिनट और 15 सेकेंड के समय के साथ जीत दर्ज की जबकि हमवतन हिलेरी चेपक्वोनी (28 :33) दूसरे स्थान पर रहे। 17 साल के हागोस आइओब (28 :39) ने तीसरा स्थान हासिल कर प्रभावित किया। अंतर्राष्ट्रीय एलीट महिला वर्ग में कसाइत एक समय आइरीन चैप्टाई (30 :35) के इस स्पर्धा के रिकॉर्ड को तोड़ने की ओर बढ़ रही थी लेकिन वह आखिरी क्षणों में अपनी गति गवां बैठी। उन्होंने 30 :56 मिनट के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। क्युलेट अचोल (31 :17) और लेमलेम हैलु (31 :23) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। मवानिकी और कसाइत दोनों को पुरस्कार के तौर पर 26000 डॉलर (लगभग 21 .38 लाख रुपये) की राशि मिली भारतीय एलीट एथलीटों की दौड़ में किरण मात्रे ने पहला स्थान हासिल किया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# उत्तर भारत में लू से मिलेगी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

आने वाले कुछ दिन उत्तर भारत में लू से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, 26 अप्रैल को उत्तर-पश्चिम के कई क्षेत्रों में तेज हवाएं चली हैं। हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान में कुछ जगह ओले गिरे हैं। तूफानी गतिविधियां भी दर्ज की गई हैं। इन सबके चलते उत्तर भारत के राज्यों में लू की आशंका कम है।

ऐसे में दिन के तापमान में 4-5 डिग्री की कमी हो सकती है। हालांकि, पूर्वी उत्तर प्रदेश में लू चलने की आशंका है। इस बीच, ओडिशा के भुवनेश्वर में रविवार को दिन का तापमान 44.6 डिग्री रहा। जम्मू-कश्मीर के कई क्षेत्रों में बारिश हुई। अगले कुछ दिन यह जारी रहेगी। वहीं पंजाब और हरियाणा के लिए ऑरेंज अलर्ट है। यहां धूलभरी तेज हवाएं चल रही हैं। मैदानी इलाकों में सोमवार को गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। वहीं पूर्वी भारत, पश्चिम बंगाल के गंगा के किनारे के इलाके और ओडिशा में कुछ दिन और हीटवेव की आशंका है। इन क्षेत्रों में तापमान 45-47 डिग्री से ऊपर पहुंच सकता है। बिहार, झारखंड जैसे पूर्वी राज्यों और आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कोंकण जैसे दक्षिणी क्षेत्रों में भी अगले 2-5 दिन तक हीटवेव की आशंका है।



### केरल में गर्मी से 2 की मौत

**तिरूवनंतपुरम।** केरल में भीषण गर्मी से जुड़ी घटनाओं में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। ये दोनों घटनाएं कन्नूर और पलक्कड में हुईं। केरल में भीषण गर्मी पड़ने के बीच, मौसम विभाग ने आगामी पांच दिनों के लिए 12 जिलों में तापमान अधिकतम रहने की चेतावनी दी है।

### गर्मियों में अतिरिक्त उड़ानों का शेड्यूल तैयार

गर्मी की छुट्टियों और आम चुनाव के चलते हवाई यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अप्रैल से जून के बीच 24,275 अतिरिक्त घरेलू उड़ानों का परिचालन होगा। उड़ानों के लिए नागर विमानन मंत्रालय ने समर शेड्यूल बनया है। मंत्रालय के अधिकारी ने बताया, चुनाव के साथ ही नए हवाई अड्डों से यात्रियों की डिमांड बढ़ी है। इसलिए 24,275 अतिरिक्त उड़ानों का शेड्यूल तय किया गया है। 13 विमानन कंपनियां नियमित उड़ान के अलावा अतिरिक्त उड़ानें चलाएंगी। इनमें विस्तारा, स्पाइस जेट, इंडिगो की, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस सहित अन्य विमानन कंपनियों की उड़ानें हैं।

## चीनी दमन से विश्व को अवगत कराना चाहती है तिब्बती लड़की

**धर्मशाला।** महज 15 साल की उम्र में स्वतंत्र तिब्बत की मांग को लेकर चीन में जेल जा चुकी एक तिब्बती लड़की ने कहा है कि वह 'चीनी दमन' से दुनिया को अवगत कराना चाहती है।

दलाई लामा के चित्रों को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने और तिब्बत को 'स्वतंत्र' करने की मांग के कारण तिब्बती लड़की नामकी और उसकी बहन को चीनी अधिकारियों ने तिब्बती काउंटी नगाबा में 21 अक्टूबर, 2015 को पकड़ लिया और उन्हें तीन साल के लिए जेल में बंद कर दिया। तब नामकी की उम्र महज 15 साल थी। नामकी ने बताया कि तिब्बत में 'चीनी दमन' के बारे में दुनिया भर के लोगों को जागरूक करने के अपने 'दृढ़' संकल्प के साथ 10 दिनों की कठिन पैदल यात्रा के बाद नेपाल में प्रवेश करने के कुछ सप्ताह बाद पिछले साल जून में वह भारत पहुंचीं है।

# कार हादसे में मौत की वजह कहीं सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम तो नहीं... आइए जानें

*सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम सुरक्षा के लिए एक आम फीचर बन गया है। ड्राइवर का दरवाजा लॉक करते हैं, तो यह सभी दरवाजों को लॉक कर देता है। कई हादसे आए-दिन होते हैं, जब कार का सेंट्रल लॉक न खुलने से जान पर बन आती है। ऐसे में आज जरूरत की खबर में कार में सेंट्रल लॉक न खुलने की सिचुएशन में जान बचाने के लिए क्या करना चाहिए। साथ ही जानेंगे कि कार से जुड़ी सेफ्टी टिप्स के बारे में।*

### कैसे काम करता है सिस्टम

प्रत्येक कार की चाबी में एक यूनिक कोड शामिल होता है जो वाहन के अलार्म सिस्टम से इंटरैक्ट करता है। जब कार को चाबी से लॉक किया जाता है तो इंजन इम्मोबिलाइजर एक्टिव हो जाता है। गाड़ी का सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम इंजन के इम्मोबिलाइजर को एक्टिव करके इसे स्टार्ट होने से रोकता है।

### हादसे के समय क्या करें

सबसे पहले एक्सीडेंट होने पर आप आत्मविश्वास न खोएं। कार में आगे की सीट पर लगे हेडरेस्ट को आसानी से निकालें। हेडरेस्ट के मेटल वाले हिस्से को खिड़की के अंदर जाने वाली जगह पर फंसा कर कांच तोड़ सकते हैं। गहरी सांस लेकर हिम्ममत रखना बहुत जरूरी है



### क्यों फेल होता है यह सिस्टम

गाड़ी में टक्कर के बाद उसमें लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और वायरिंग को भी क्षति पहुंचती है, जिस कारण यह सिस्टम काम करना बंद कर देता है, और दरवाजे न खुलने के कारण यात्री अंदर ही फंसे रह जाते हैं।

### कार में सेंट्रल लॉक को लेकर बरतें ये सावधानी

- कार में सेंट्रल लॉक लगवाते समय बजर जरूर लगवाएं। ताकि अंदर हलचल होने पर बजने लगे और आप अलर्ट हो सकें।
- कार से उतरते समय उसे पूरी तरह अंदर चेक कर लें। कई बार बच्चे बंद कार के अंदर ही रह जाते हैं।
- कार से उतरने के बाद तुरंत ही लॉक कर दें ताकि अनदेखी में कोई अंदर घुसकर न बैठ सके।
- घर के अंदर कार पार्क करते समय विंडो ग्लास बहुत हल्का सा खुला रहने दें ताकि क्रॉस वेंटिलेशन बना रहे। इससे अंदर ऑक्सीजन भी जाती रहेगी और अंदर की आवाज भी बाहर आएगी।
- अगर कार में बच्चों के साथ सफर करके वापस आए हैं तो उतरने के बाद लॉक करने से पहले एक बार कार के अंदर डिग्गी चेक कर लें कि कोई बच्चा छिपकर तो नहीं बैठा है।
- कार के सेंट्रल लॉक सिस्टम का डुप्लीकेट रिमोट घर में ऐसी जगह पर रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर जल्दी और आसानी से मिल सके।

## एक नजर

### उधमपुर में आतंकियों से मुठभेड़ में ग्राम रक्षा गार्ड की मौत

**जम्मू।** उधमपुर जिले के एक दूरदराज के गांव में रविवार सुबह आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के खात्मे के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। माना जा रहा है कि ये आतंकवादी हाल ही में पाकिस्तान से घुसपैठ करके यहां आए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बसंतगढ़ के पनारा गांव में पुलिस और ग्राम रक्षा गार्ड के गश्ती दल की संदिग्ध आतंकवादियों से सुबह करीब पौने आठ बजे मुठभेड़ हुई। बता दें, कुछ दिन पहले भी आतंकियों से मुठभेड़ हुई थी।

### हिमाचलः 150 फीट गहरी खाई में गिरी कार, दो की मौत, दो घायल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में आने वाले उपमंडल ठियोग के क्यारटू में सड़क हादस हो गया है। कार अनियंत्रित होकर 150 फीट गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। धर्मपुर क्षेत्र की प्रधान वनिता वर्मा ने बताया कि शनिवार देर रात क्यारटू के पास एक कार दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया है कि, मृतक युवक अभिषेक (23) पुत्र राजू गांव कंडी पोस्ट ऑफिस दूसरा मृतक युवक अंकुश (25) पुत्र योगेंद्र गांव शोशना पोस्ट ऑफिस धर्मपुर का रहने वाला था। दो घायल युवक दिलीप वर्मा (25) पुत्र हीरा गांव पनियाली दूसरा युवक ललित पुत्र मनोहर लाल गांव मनोग को आईजीएमसी लाया गया है। जिनका इलाज चल रहा है।

### नवलनी समूह के लिए काम करने के वाले दो रूसी पत्रकार गिरफ्तार

**लंदन।** रूस सरकार ने विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी द्वारा स्थापित एक समूह के लिए काम करने के आरोप में दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर किया है। रूसी अदालतों ने जांच पूरी होने एवं मुकदमा चलने तक उन्हें हिरासत में रखने का शनिवार को आदेश दिया। विपक्षी नेता नवलनी की फरवरी में मौत हो गई थी। इन पत्रकारों को अतिवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कॉन्स्टेंटिन गैबोव और सर्गेई कार्लिन दोनों ने इन आरोपों से इनकार किया है। दोनों को मामले में कोई सुनवाई शुरू होने से पहले कम से कम दो महीने तक हिरासत में रखा जाएगा।

### इजराइल ने हमास के 12 ठिकानों को किया नष्ट, 22 की मौत

**गाजा।** इजराइली वायु सेना (आईडीएफ) ने पिछले दिनों गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी हमास आंदोलन के रॉकेट लॉन्चरों सहित दर्जनों ठिकानों पर हमला किया और फिलिस्तीनी क्षेत्र में अज्ञात संख्या में कट्टरपंथियों को नष्ट कर दिया। जबकि मध्य और दक्षिणी गाजा पर में शनिवार को हवाई हमले में लगभग 22 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हुए हैं। आईडीएफ ने रविवार को कहा- लड़ाकू विमानों और अतिरिक्त विमानों ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे, प्रक्षेपण स्थलों, सशस्त्र आतंकवादियों तथा अवलोकन चौकियों सहित दर्जनों आतंकी ठिकानों पर हमला किया।

# गुजरात तट से पाकिस्तानी नाव जब्त 600 करोड़ की ड्रग्स समेत 14 गिरफ्तार

## तमिलनाडु के लोगों के जरिए श्रीलंका में होनी थी मादक पदार्थों की सप्लाई

पोरबंदर, एजेंसी

समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने गुजरात तट से संयुक्त अभियान के दौरान एक पाकिस्तानी नाव को जब्त किया है। नाव से 600 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ के साथ चालक दल के 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। भारतीय तटरक्षक बल ने कहा कि पोरबंदर के निकट समुद्र में शनिवार रात को संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 14 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 600 करोड़ रुपये की 86 किलोग्राम ड्रग्स बरामद की गई है।



पाकिस्तानी नाव से पकड़े गए चालक दल के 14 सदस्यों के साथ मौजूद भारतीय तटरक्षक बल।

एटीएस सूत्रों ने रविवार को बताया कि एटीएस के पुलिस अधीक्षक के. के. पटेल को सूचना मिली थी कि पाकिस्तानी ड्रग माफिया हाजी असलम उर्फ बाबू बलोच पाकिस्तान के कराची बंदरगाह से एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव अल-रज्झा में कुछ अवैध हेरोइन या मेथामफेटामाइन लोड करके 25 अप्रैल की रात 26 की सुबह पोरबंदर के पास आईएमबीएल के निकट भारतीय जलक्षेत्र में आने वाली है। जो मादक पदार्थ तमिलनाडु के लोगों के माध्यम से श्रीलंकाई ड्रग माफिया तक पहुंचाने के लिए पाकिस्तान से रवाना हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार, उक्त सूचना के आधार पर ऑपरेशन के लिए तटरक्षक जहाजों और विमानों को तैनात किया गया, एनसीबी और एटीएस ने संदिग्ध नाव की पहचान कर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे एक जख्मी हो गया। घिरता देख नाव पर सवार लोगों ने कुछ संदिग्ध पैकेटों को समुद्र में फेंक दिया। टीम ने नाव की पूरी जांच के बाद बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की मौजूदगी की पुष्टि की। नाव से 78 पैकेटों में कुल 86 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद हुए हैं, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत 602 करोड़ रुपये है। बरामद हुआ मादक पदार्थ पोरबंदर समुद्र तट पर लाया गया, जो प्रथम दृष्टया हेरोइन प्रतीत होता है।

### संदेशखालिःसीबीआई जांच के विरुद्ध आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** कलकत्ता हाईकोर्ट के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच का निर्देश देने के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति बी .आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के इस मामले की सुनवाई करने की संभावना है। याचिका में, राज्य सरकार ने कहा है कि हाईकोर्ट के 10 अप्रैल के आदेश ने पुलिस बल सहित पूरे राज्य तंत्र को हतोत्साहित किया है। उच्च न्यायालय ने एक बहुत ही सामान्य आदेश में राज्य को बिना किसी दिशानिर्देश के केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।

## पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री बने विदेश मंत्री इशाक डार

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार को अब नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें देश का उप प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। कैबिनेट डिवीजन द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, डार को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आदेश से उप प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है।

बता दें, डार कश्मीरी मूल के नागरिक हैं। वे पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता हैं। वह पार्टी



प्रमुख और तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ के विश्वासपात्र भी माने जाते हैं।

चार्टर्ड अकाउंटेंट और अनुभवी राजनेता 73 वर्षीय डार शरीफ परिवार के करीबी सहयोगी हैं और पिछली दो सरकारों में वित्त मंत्री रह चुके हैं।

## इराक में समलैंगिक संबंध अपराध, कानून पारित

काहिरा, एजेंसी

- **कानून तोड़ने पर 15 साल की सजा का किया गया प्रावधान**

इराक की संसद ने शनिवार को देह व्यापार व समलैंगिक विवाह को अपराध घोषित करते हुए कानून पारित कर दिया। कानून तोड़ने पर 15 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

इराक ने इस कदम को धार्मिक मूल्यों को कायम रखने के लिए जरूरी बताया तो अमेरिका ने कानून को मानवाधिकारों और स्वतंत्रता के लिए खतरा करार दिया। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस संशोधन से इराक के लोगों को सबसे अधिक खतरा है। इसका उपयोग इराक में स्वतंत्र भाषण-अभिव्यक्ति एवं एनजीओ के कार्यक्रमों में बाधा डालने के लिए किया जा सकता है। यह कानून समाज में कुछ व्यक्तियों के अधिकारों को सीमित कर देगा। अमेरिका ने कहा कि यह इराक की अर्थव्यवस्था की विविधता और विदेश निवेश को आकर्षित करने की क्षमता को कमजोर करेगा। अंतरराष्ट्रीय व्यापार गठबंधन ने पहले ही संकेत दिया है कि इराक में इस तरह के भेदभाव से देश में व्यापार और आर्थिक विकास को नुकसान होगा।

### अतरंगी वेश-भूषा में प्रतिभा





**बेंगलुरु:** बेंगलुरु में रविवार को हर साल की तरह टीसीएस वर्ल्ड 10के मैराथन का आयोजन हुआ। इसमें 28 हजार से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज वर्ल्ड (टीसीएस) 10के बेंगलुरु के 16वें संस्करण को देश और दुनिया भर के नए रूट परीक्षण धावकों के साथ रवाना किया गया। तरह-तरह के वेश-भूषा धारण करके प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे भगवान श्रीराम और हनुमान जी के स्वरूप। ● एजेंसी

## भारत की यात्रा टालकर चीन पहुंचे टेस्ला के सीईओ मस्क

**बीजिंग।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क रविवार को चीन के दौरे पर पहुंचे हैं। मस्क की भारत यात्रा के स्थगित होने के बाद उनकी चीन की यह यात्रा है। भारत में उनका पीएम मोदी से मिलने और भारतीय बाजार में प्रवेश करने की योजना की घोषणा करने का कार्यक्रम था।

एलन मस्क चीन में फुल-सेल्फ ड्राइविंग (एफएसडी) सॉफ्टवेयर के रोलआउट पर चर्चा करने और अपनी ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेकक्नोलॉजी के लिए एल्गोरिदम को प्रशिक्षित करने के लिए देश में एकत्र किए गए डेटा को विदेशों में स्थानांतरित करने की मंजूरी प्राप्त करने के लिए बीजिंग में वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मिले और कई स्थानों पर प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा की।

## चीन के साथ बातचीत जारी भारत अपनी शर्तों पर अडिग

अहमदाबाद, एजेंसी

- **एलएसी विवाद पर राजनाथ की पड़ोसी देश को दो टूक**

भारत सैन्य रूप से एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अहमदाबाद में चुनावी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही है।

इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी द्वारा चीन को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारू रूप से चल रही है। भारत कभी नहीं झुकेगा। मुझे लगता है कि हमें बातचीत के नतीजों का इंतजार करना चाहिए। मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत न कभी कहीं झुका है और न ही झुकेगा। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात आने वाले समय में



और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 2104 में हमने 600 करोड़ की रक्षा सामाग्री निर्यात की थी लेकिन आज 2023-24 में यह आंकड़ा 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। मैं कह सकता हूं कि यह अभी और बढ़ेगा। मोदी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि रक्षा वस्तुएं फिर चाहे वह मिसाइल हो, बम हो, टैंक हो या फिर कोई अन्य हथियार वह सिर्फ भारत में और भारतीयों द्वारा ही बनाई जानी चाहिए।

## तेज रफ्तार जगुआर ने तीन वाहनों को मारी टक्कर, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक तेज रफ्तार कार (जगुआर) ने तीन वाहनों को टक्कर मार दी जिससे तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को कहा कि कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली की है, जहां जगुआर ने कैब और दो अन्य वाहनों को टक्कर मार, आरोपी घटना से फरार हो गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने कहा- तलाशी के दौराना आरोपी सौरभ पाहवा को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि, घायल तीनों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जागएगी।

**अध्ययन** शोधकर्ताओं ने कहा-यातायात से संबंधी बीमारियों का 3 .2 प्रतिशत बढ़ जाता है जोखिम

# यातायात शोर हृदय रोग के लिए खतरनाक

नई दिल्ली, एजेंसी

यातायात के बढ़ते शोर से दिल का दौरा पड़ने समेत हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका है। शोधकर्ताओं को यातायात के शोर और हृदय संबंधी बीमारियों के खतरे के बीच संबंध स्थापित करने वाले साक्ष्य मिले हैं और उन्होंने इस प्रकार के ध्वनि प्रदूषण को हृदय रोगों के लिए जोखिम के कारक के रूप में मान्यता दिए जाने का अनुरोध किया है।

शोधकर्ताओं की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने अध्ययन में साबित किया और महामारी विज्ञान डेटा की समीक्षा की, जो किसी निश्चित बीमारी के जोखिम कारकों की पहचान करने के लिए सबूत मुहैया कराते हैं। शोधकर्ताओं ने अपनी समीक्षा में पाया कि सड़क यातायात से होने वाले शोर में हर 10 डेसिबल की वृद्धि के साथ मधुमेह और दिल का दौरा सहित हृदय संबंधी बीमारियां होने का जोखिम 3.2 प्रतिशत बढ़ जाता है।

उन्होंने कहा कि खासकर रात के समय नींद को बाधित करने वाला यातायात का शोर रक्त वाहिकाओं में तनाव पैदा करने वाले हार्मोन के स्तर को बढ़ा सकता है, जिससे उच्च रक्तचाप और नाड़ी संबंधी रोग हो सकते हैं।

जर्मनी स्थित 'यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर मेंज' में वरिष्ठ प्रोफेसर और 'सर्कुलेशन रिसर्च' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के मुख्य लेखक थॉमस मुन्जेल ने कहा, ''हमारे लिए यह भी महत्वपूर्ण है कि अब ठोस साक्ष्यों के कारण वाहनों के शोर को हृदय रोग का जोखिम बढ़ाने वाले कारक के रूप में पहचाना जा रहा है।

शोधकर्ताओं ने सड़क, रेल और हवाई यातायात से होने वाले शोर को कम करने के लिए स्थानीय प्राधिकारियों को कुछ रणनीतियां अपनाने के सुझाव भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि घनी आबादी वाले इलाकों में व्यस्त सड़कों पर शोर अवरोधक लगाने से शोर के स्तर को 10 डेसिबल तक कम किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि शोर कम करने वाले डामर का उपयोग करके सड़कें बनाने से शोर के स्तर को तीन से छह डेसिबल तक कम किया जा सकता है।

### ऐसा क्यों होता है, रिसर्च में शामिल लोगों पर किया शोध



रिसर्च में शामिल लोगों पर शोर का क्या असर पड़ रहा है, इसे समझने के लिए उनकी ब्रेन स्कैनिंग की गई। रिपोर्ट में सामने आया कि शोर बढ़ने पर उनके ब्रेन के उस हिस्से पर बुरा असर पड़ा है जो तनाव, बेचैनी और डर को कंट्रोल करने के लिए जिम्मेदार होता है। जब तनाव और बेचैनी बढ़ती है तो शरीर इनसे लड़ने के लिए एड्रिनेलिन और कॉर्टिसोल जैसे स्ट्रेस हार्मोन रिलीज करता है। तनाव और बेचैनी की स्थिति में ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, पाचन क्षमता कम हो जाती है। शरीर में फैट और शुगर का सर्कुलेशन तेज हो जाता है। इसका असर हार्ट पर पड़ता है।

## बॉलीवुड हलचल

## बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आएंगी तृप्ति डिमरी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी अपनी आने वाली फिल्म फिल्म बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आएंगी। 2019 में प्रदर्शित अक्षय कुमार, करीना कपूर, कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म गुड न्यूज प्रदर्शित हुई थी। निर्माता करण जौहर और निर्देशक राज मेहता ने इस फिल्म की सीक्वल बैड न्यूज की घोषणा की है। इस फिल्म में मूल फिल्म के कलाकारों की जगह अभिनेता विक्की कौशल, एमी विर्क और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। बैड न्यूज में तृप्ति डिमरी कॉमेडी करती नजर आएंगी। इस फिल्म में तृप्ति ऐसी ही महिला की भूमिका में होंगी, जिसकी पेट में विक्की और एमी अभिनीत पात्रों के जुड़वा बच्चे पल रहे होते हैं। फिर कहानी में इसी के इर्द-गिर्द कुछ ऐसी परिस्थितियां बनती हैं, जिससे हास्य की स्थिति उत्पन्न होती है। यह फिल्म 19 जुलाई को प्रदर्शित होगी।



### जॉली एलएलबी3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं अरशद

**मुंबई।** बॉलीवड में अपने कॉमिक अभिनय के लिए मशहूर अरशद वारसी जल्द ही राजस्थान में फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। वर्ष 2013 में सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी' में अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद वर्ष 2017 में जॉली एलएलबी की सीक्वल प्रदर्शित हुई, जिसमें अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका थी।

### 27 जून को रिलीज होगी 'कल्कि'

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' 27 जून को रिलीज होगी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। मेकर्स ने नया पोस्टर जारी किया है, इसमें प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन नजर आ रहे हैं। 'कल्कि 2898 एडी' 27 जून को रिलीज होगी।